		3. अगला और पिछला भाग।	આગળ-પાછળનો ભાગ	आगळ-पाछळनो भाग	front and stern.
आगामी	वि.	भविष्य में आने या होने वाला, भावी।	આગામી	आगामी	impending, ensuing, future, coming.
आगार	पुं.	भंडार, खजाना।	આગાર	आगार	store, store-house, depot, treasury.
आगाह	वि.	पहले से सूचित या अवगत किया हुआ।	આગાહ	आगाह	acquainted with, appraised, aware.
आगे	क्रि. वि.	1. सामने;	આગળ	आगळ	in front of, facing, opposite;
		2. किसी की उपस्थिति में;			in the presence of;
		3. पहले;			before, in advance;
		4. आइंदा, भविष्य में;			hence, henceforth, hereafter, in future;
		5. कुछ दूर और बढ़ने पर।			further, onwards, forwards, furthermore.
आग्रह	पुं.	1. नम्रतापूर्वक जोर देना, अनुरोध;	આગ્રહ	आग्रह	request;
		2. अड़ते हुए किसी बात पर जोर देना, हठ।			obstinacy, insistence.
आघात	पुं.	1. प्रहार;	આઘાત	आघात	hit, attack;
		2. चोट;			blow;
		3. धक्का, ठोकर;			stroke, kick;
		4. किसी दुखद घटना के कारण होनेवाली मानसिक व्यथा।			shock.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आचमन	पुं.	1. पूजन आदि से पूर्व शुद्धि के लिए दाहिनी हथेली पर जल लेकर पीना;	આચમન	आचमन	rinsing the mouth, the act of sipping a little water from the palm of the right hand by way of purification before meals or religious ceremonies;
		2. इस प्रकार पीने का जल;			such water;
		3. जल पीना।			sipping of water.
आचरण	पुं.	1. चाल-चलन, चरित्र; 2. अनुसरण, पालन।	આચરણ	आचरण	character; observance.
आचार	पुं.	1. आचरण, व्यवहार; 2. प्रथा, रीति; 3. कुछ नियमों या सिद्धांतों आदि पर आधारित आचरण या व्यवहार का वह परिष्कृत रूप जिसका पालन लोक में आवश्यक माना जाता है।	આચાર	आचार	conduct, behaviour; custom, usage; institute, established rule of conduct.
आचारवान	वि.	सदाचारी, अच्छे तथा शुद्ध आचरणवाला।	આચારવાન	आचारवान	of good moral character, of good conduct.
आचारहीन	वि.	आचरण-भ्रष्ट।	આચારહીન	आचारहीन	corrupt, of bad conduct.
आचार्य	पुं.	1. गुरु, शिक्षक; 2. विश्वविद्यालय के किसी विभाग के वरिष्ठतम पद पर कार्य करनेवाला अध्यापक;	ગુરુ, શિક્ષક; આચાર્ય	गुरु, शिक्षक; आचार्य	teacher, preceptor; professor;
		3. किसी विषय का असाधारण पंडित;			expert or scholar (of any subject);
		4. किसी महाविद्यालय का प्रधान अधिकारी;			principal (of a college);

हिंदी शब्द	व्या॰ को॰	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		5. यज्ञ में कर्म का उपदेश करनेवाला या मुख्य पुरोहित का काम करनेवाला।			chief priest who presides over the performance of sacrifice.
आच्छन्न	वि.	1. ढका हुआ, छाया हुआ; 2. छिपा हुआ, तिरोहित।	આચ્છન્ન	आच्छन्न	covered; concealed.
आच्छादन	पुं.	1. ढकना; 2. छिपाना; 3. आवरण; 4. वस्त्र।	આચ્છાદન	आच्छादन	covering; concealing; a covering, sheath; cloth, clothes.
आच्छादित	वि.	1. ढका हुआ, छाया हुआ; 2. छिपा हुआ।	આચ્છાદિત	आच्छादित	covered; concealed.
आज	क्रि. वि.	1. वर्तमान दिन में; 2. इन दिनों में, इस काल में।	આજ	आज	to-day; this time, now.
	पुं.	प्रस्तुत या वर्तमान दिन।			to-day or this day.
आजकल	क्रि. वि.	1. इन दिनों, वर्तमानकाल में; 2. वर्तमान या प्रस्तुत दिनों में, एक-दो दिन में।	આજકાલ	**आजकाल**	now-a-days, these days, recently; to-day or to-morrow, soon, in a few days.
आजन्म	क्रि. वि.	1. जन्म से; 2. जीवनपर्यन्त।	આજન્મ	आजन्म	from birth, since birth; for the whole of the life, throughout life.
आजमाइश	स्त्री.	परीक्षण, परख, परीक्षार्थ प्रयोग।	અજમાયશ	अजमायश	trial, test, experiment, examination.
आजमाना	स. क्रि.	परीक्षा करना, जाँच करना, परखना, परीक्षार्थ प्रयोग करना।	અજમાવવું, પારખવું	अजमाववुं, पारखवुं	to try, to examine, to test, to experiment.
आजाद	वि.	1. जो किसी के अधीन न हो, स्वाधीन, मुक्त, स्वतंत्र;	આઝાદ	**आझाद**	independent, free;

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. शास्त्र या लोकाचार का बन्धन न माननेवाला, स्वच्छंद, मनमौजी।			unfettered, unrestrained, light-hearted.
आजादी	स्त्री.	1. मुक्ति, छुटकारा; 2. स्वतंत्रता, स्वाधीनता; 3. स्वच्छंदता।	આઝાદી	आझादी	liberty, release, deliverance; freedom, independence; freedom of action.
आजीवन	क्रि. वि.	1. जीवन पर्यन्त; 2. जीवनभर का।	આજીવન	आजीवन	till life, for life, life-long, throughout life; of whole life.
आजीविका	स्त्री.	रोजी, रोजगार, धंधा।	આજીવિકા	आजीविका	means of subsistence, livelihood, profession.
आज्ञा	स्त्री.	1. हुक्म, आदेश; 2. अनुमति।	આજ્ઞા	आज्ञा	order, command; permission.
आज्ञाकारिता	स्त्री.	आज्ञाकारी होने की अवस्था या भाव।	આજ્ઞાંકિતતા	आज्ञांकितता	obedience.
आज्ञाकारी	वि.	आज्ञापालक।	આજ્ઞાંકિત	आज्ञांकित	obedient.
आटा	पुं.	1. पिसा हुआ अन्न; 2. आटे की तरह की कोई वस्तु।	આટો, લોટ	आटो, लोट	flour; anything reduced to the state of flour, powder or dust (like flour).
आठ	वि.	जो गिनती में सात और एक हो।	આઠ	आठ	eight.
	पुं.	आठ का सूचक अंक।			the number eight.
आडम्बर	पुं.	1. दिखावा, दिखावटी ठाट-बाट; 2. बहुत अधिक तथा निरर्थक रूप से बड़े-बड़े शब्दों का प्रयोग करना।	આડંબર	आडंबर	ostentation, affectation, show; verbosity.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आड़	स्त्री.	1. ओट; 2. रक्षा का स्थान; 3. टेक, बाधा, रोक।	આડ બાધા, ટેક	आड बाधा, टेक	screen, curtain; shelter; support, prop, barrier, barricade, check, restraint.
आड़ा	वि. (स्त्री. आड़ी)	1. तिरछा (तिर्यक्); 2. आँखों के समानान्तर दाहिने से बाएं अथवा बाएं से दाहिने गया हुआ अथवा इस रूप में रखा हुआ, क्षैतिज।	આડું	आडुं	oblique; horizontal.
आड़ू	पुं.	एक खटमिट्ठा फल।	એક ફળ, પીચ	एक फळ, पीच	peach, Prunus domestica.
आढ़त	स्त्री.	1. दूसरे का माल कमीशन लेकर बिकवा देने का रोज़गार; 2. वह कमीशन या धन जो उक्त व्यवसाय में व्यवसायी को लाभ या पारिश्रमिक के रूप में मिलता है।	આડત	आडत	brokerage, agency; commission.
आढ़तिया	पुं.	वह जो आढ़त का काम करता हो।	આડતિયો	आडतियो	broker, commission agent.
आणविक	वि.	अणु सम्बन्धी।	આણુવિક	आणविक	atomic, pertaining to atom.
आतंक	पुं.	1. भय, दहशत; 2. दबदबा।	આતંક, ત્રાસ	आतंक, त्रास	panic, terror, fear; influence.
आतंकवाद	पुं.	लोगों को डरा-धमकाकर अपना उद्देश्य सिद्ध करने का सिद्धांत।	ત્રાસવાદ	त्रासवाद	terrorism.
आतंकवादी	वि.	आतंक का सिद्धांत मानने और उसके अनुसार काम करनेवाला।	ત્રાસવાદી	त्रासवादी	terrorist.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आततायी	वि.,	1. बहुत बड़ा उपद्रवी और दुष्ट;	આતતાયી	आततायी	tyrant;
	पुं.	2. वह जो आग लगाकर, विष देकर अथवा हत्या करके लोगों को लूटता और सताता हो, अत्याचारी।			ruffian, ravisher.
आतिथेय	पुं.	अतिथि सत्कार करनेवाला, मेजबान।	યજમાન	यजमान	host.
	वि.	1. अतिथि-सम्बन्धी; 2. अतिथियों के लिए उपयुक्त।	અતિથિ-સંબંધી ; અતિથિ-યોગ્ય	अतिथि-संबंधी; अतिथि-योग्य	relating to a guest; proper for or attentive to a guest, hospitable.
आतिथ्य	पुं.	अतिथि का सत्कार, आवभगत।	આતિથ્ય	आतिथ्य	hospitable reception, hospitality.
आतिशबाजी	स्त्री.	1. बारूद, गंधक आदि के योग से बनी हुई चीज़ें जिनके जलने पर रंग-बिरंगी चिनगारियां निकलती हैं;	આતશબાજી	आतशबाजी	fireworks;
		2. उक्त के जलाने का दृश्य या तमाशा।			display of fireworks.
आतुर	वि.	1. अधीर, बेसब्र, उतावला; 2. विकल, बेचैन; 3. रुग्ण, बीमार, पीड़ित।	આતુર	आतुर	impatient, hasty, precipitate; agitated, restless; diseased, sick, grieved.
आतुरता	स्त्री.	1. आतुर होने की अवस्था या भाव, अधीरता, उतावली, शीघ्रता;	આતુરતા	आतुरता	impatience, haste, precipitation;
		2. बेचैनी, विकलता।			restlessness, agitation.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आत्म	वि.	1. स्वयं अपनी आत्मा के चेतन स्वरूप या मन से संबंध रखनेवाला;	આત્મ	आत्म	self;
		2. अपना, निज का (जैसे आत्मकथा आदि)।			auto (meaning self as autobiography).
आत्मकथा	स्त्री.	स्वलिखित जीवन-चरित, आत्म-चरित।	આત્મકથા	आत्मकथा	autobiography.
आत्मकेंद्रित	वि.	अपने में ही मस्त रहनेवाला, अन्तर्मुखी वृत्तिवाला।	આત્મકેન્દ્રિત	आत्मकेन्द्रित	self-centred, introvert.
आत्मगत	वि.	1. स्वगत, निजी;	સ્વગત;	स्वगत;	subjective, personal, relating to one-self;
		2. आत्म (चेतना या मन) से उद्भूत या उससे संबद्ध, बाह्य तत्त्वों या भौतिक पदार्थों से असंबद्ध;			produced in one's mind, unrelated to material factors;
		3. जो मन में ही सोचा या व्यक्त किया जाए, स्वगत (कथन)।	આત્મગત	**आत्मगत**	(in drama) aside (to denote that the words which follow are supposed to be heard by the audience only).
आत्मगौरव	पुं.	आत्मसम्मान, स्वाभिमान।	આત્મગૌરવ	आत्मगौरव	self-respect.
आत्मघात	पुं.	1. स्वयं अपनी हत्या करना, आत्महत्या;	આપઘાત;	**आपघात**;	suicide;
		2. कोई ऐसा कार्य करना जिसमें अपनी ही बहुत अधिक हानि हो।	જાતની હાનિ થાય તેવું કામ કરવું	जातनी हानि **थाय** तेवुं काम करवुं	self-destruction.
आत्मघातक	वि.	अपनी हत्या या हानि करनेवाला।	આત્મઘાતી	आत्मघाती	suicidal.
आत्मघाती	वि.	दे. आत्मघातक	આત્મઘાતી	आत्मघाती	see '**आत्मघातक**'.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आत्मचरित	पुं.	किसी का वह जीवन-चरित जो उसने स्वयं लिखा हो।	આત્મચરિત્ર	आत्मचरित्र	autobiography.
आत्मज (स्त्री.आत्मजा)	पुं.	पुत्र, बेटा।	આત્મજ	आत्मज	one's own offspring, a son (f. daughter).
आत्मज्ञान	पुं.	1. अपने सम्बन्ध में अथवा आत्मा के सम्बन्ध में होनेवाला ज्ञान, अध्यात्म ज्ञान; 2. जीवात्मा और परमात्मा के संबंध में होनेवाला ज्ञान।	આત્મજ્ઞાન	आत्मज्ञान	knowledge of the self; knowledge of the soul or Supreme Spirit.
आत्मज्ञानी	पुं.	जिसे आत्मज्ञान हो, (आत्मा का स्वरूप जाननेवाला)।	આત્મજ્ઞાની	आत्मज्ञानी	one who knows Spirit or Self.
आत्मत्याग	पुं.	स्वार्थ त्याग, परोपकार के लिए अपने स्वार्थ या हित का विचार बिल्कुल छोड़ देना।	આત્મત્યાગ	आत्मत्याग	self-sacrifice.
आत्मनिरीक्षण	पुं.	अपने भावों, त्रुटियों और दोषों को स्वयं जानना-समझना, आत्मालोचन।	આત્મનિરીક્ષણ	आत्मनिरीक्षण	introspection.
आत्मनिर्णय	पुं.	किसी देश के लोगों का अपनी राजकीय व्यवस्था स्वयं निश्चित करना।	આત્મનિર્ણય	आत्मनिर्णय	self-determination.
आत्मनिवेदन	पुं.	1. आत्मसमर्पण; 2. अपने संबंध में स्वयं किया गया निवेदन।	આત્મનિવેદન	आत्मनिवेदन	self-dedication; presenting one's own case.
आत्मनिष्ठ	वि.	आत्म(चेतना या मन) से उद्भूत और उससे संबद्ध, वस्तुनिष्ठ का विपर्याय।	આત્મનિષ્ઠ	आत्मनिष्ठ	subjective (as opposed to objective).

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आत्मनिष्ठा	स्त्री.	आत्मविश्वास।	આત્મવિશ્વાસ	आत्मविश्वास	self-confidence.
आत्मपरीक्षण	पुं.	अपने गुण-दोषों को स्वयं देखना, परखना या जाँचना, आत्ममंथन।	આત્મપરીક્ષા	आत्मपरीक्षा	introspection, self-examination.
आत्मप्रशंसा	स्त्री.	अपने मुंह से की जानेवाली अपनी बड़ाई, आत्मश्लाघा।	આત્મપ્રશંસા	आत्मप्रशंसा	self-praise, self-applause, boasting.
आत्मबल	पुं.	1. आत्मा में निहित बल या शक्ति, आध्यात्मिक शक्ति;	આત્મબળ	आत्मबळ	spiritual power;
		2. अपना या निजी बल।			one's own power.
आत्मरक्षा	स्त्री.	स्वयं की जानेवाली अपनी रक्षा, अपना बचाव।	આત્મરક્ષા	आत्मरक्षा	self-defence, self-protection.
आत्मविश्वास	पुं.	अपनी शक्ति, योग्यता, कार्य, मत, सिद्धांत आदि की उपयुक्तता या सत्यता के संबंध में होनेवाला दृढ़ विश्वास, अपने पर भरोसा होना।	આત્મવિશ્વાસ	आत्मविश्वास	confidence in one's own capabilities and capacities, self-confidence.
आत्मश्लाघा	स्त्री.	दे० 'आत्मप्रशंसा'।	આત્મશ્લાઘા	आत्मश्लाघा	see 'आत्मप्रशंसा'.
आत्मसमर्पण	पुं.	1. अपने आपको किसी के हाथ में सौंपना, पूरी तरह से किसी के अधीन या वश में होना;	આત્મસમર્પણ	आत्मसमर्पण	self-surrender;
		2. अपनी सारी शक्तियों सहित किसी काम में लगना;			dedication;
		3. हथियार डाल देना, अपने को शत्रु के हाथ में सौंपना।			surrender.
आत्मसम्मान	पुं.	निजी या व्यक्तिगत सम्मान।	આત્મસંમાન	आत्मसंमान	self-respect.
आत्मसात्	वि.	जो पूरी तरह से अपने अन्तर्गत कर लिया गया हों, अपने में लीन	આત્મસાત્	आत्मसात्	brought under subjection or power, made one's

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		किया हुआ, पूरी तरह से अपना बनाया हुआ।			own, acquired or gained for one's self.
आत्महत्या	स्त्री.	अपने हाथों अपना वध, आत्मघात।	આત્મહત્યા	आत्महत्या	suicide.
आत्मा	स्त्री.	1. शरीर को जीवित रखनेवाली अविनाशी, अतीन्द्रिय तथा अभौतिक शक्ति, जीवात्मा;	આત્મા	आत्मा	soul, self;
		2. किसी वस्तु आदि का गूढ. मूल तथा सार भाग;			spirit, essence of anything;
		3. मन;			mind;
		4. ब्रह्म।			Supreme Soul.
आत्मीय	वि.	1. अपना; 2. घनिष्ठ, अंतरंग।	આત્મીય	आत्मीय	one's own; intimate.
	पुं.	इष्ट - मित्र तथा संबंधी जिनसे अपनापन का व्यवहार होता है, स्वजन।			relatives, kith and kin.
आत्मीयता	स्त्री.	आत्मीय होने की अवस्था या भाव, अपनापन, स्नेहसंबंध।	આત્મીયતા	आत्मीयता	intimacy, kinship, relationship.
आत्मोत्सर्ग	पुं.	दूसरे के हित के लिए त्याग, आत्मबलिदान।	આત્મોત્સર્ગ	आत्मोत्सर्ग	self-sacrifice.
आदत	स्त्री.	1. प्रकृति, स्वभाव; 2. अभ्यास; 3. टेव, बान।	આદત	आदत	nature; practice; habit.
आदतन	क्रि. वि.	आदत के अनुसार, आदतवश।	આદતવશ	आदतवश	habitually.
आदमकद	वि.	ऊँचाई में साधारणतः मनुष्य की ऊँचाई के बराबर हो।	માથોડું	माथोडुं	of man's height.
आदमखोर	वि.	नरभक्षी।	માણસખાઉં	माणसखाउ	man-eater, cannibal.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आत्मनिष्ठा	स्त्री.	आत्मविश्वास।	આત્મવિશ્વાસ	आत्मविश्वास	self-confidence.
आत्मपरीक्षण	पुं.	अपने गुण-दोषों को स्वयं देखना, परखना या जाँचना, आत्ममंथन।	આત્મપરીક્ષા	आत्मपरीक्षा	introspection, self-examination.
आत्मप्रशंसा	स्त्री.	अपने मुंह से की जानेवाली अपनी बड़ाई, आत्मश्लाघा।	આત્મપ્રશંસા	आत्मप्रशंसा	self-praise, self-applause, boasting.
आत्मबल	पुं.	1. आत्मा में निहित बल या शक्ति, आध्यात्मिक शक्ति;	આત્મબળ	आत्मबळ	spiritual power;
		2. अपना या निजी बल।			one's own power.
आत्मरक्षा	स्त्री.	स्वयं की जानेवाली अपनी रक्षा, अपना बचाव।	આત્મરક્ષા	आत्मरक्षा	self-defence, self-protection.
आत्मविश्वास	पुं.	अपनी शक्ति, योग्यता, कार्य, मत, सिद्धांत आदि की उपयुक्तता या सत्यता के संबंध में होनेवाला दृढ़ विश्वास, अपने पर भरोसा होना।	આત્મવિશ્વાસ	आत्मविश्वास	confidence in one's own capabilities and capacities, self-confidence.
आत्मश्लाघा	स्त्री.	दे० 'आत्मप्रशंसा'।	આત્મશ્લાઘા	आत्मश्लाघा	see 'आत्मप्रशंसा'.
आत्मसमर्पण	पुं.	1. अपने आपको किसी के हाथ में सौंपना, पूरी तरह से किसी के अधीन या वश में होना;	આત્મસમર્પણ	आत्मसमर्पण	self-surrender;
		2. अपनी सारी शक्तियों सहित किसी काम में लगना;			dedication;
		3. हथियार डाल देना, अपने को शत्रु के हाथ में सौंपना।			surrender.
आत्मसम्मान	पुं.	निजी या व्यक्तिगत सम्मान।	આત્મસંમાન	आत्मसंमान	self-respect.
आत्मसात्	वि.	जो पूरी तरह से अपने अन्तर्गत कर लिया गया हो, अपने में लीन	આત્મસાત્	आत्मसात्	brought under subjection or power, made one's

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		किया हुआ, पूरी तरह से अपना बनाया हुआ।			own, acquired or gained for one's self.
आत्महत्या	स्त्री.	अपने हाथों अपना वध, आत्मघात।	આત્મહત્યા	आत्महत्या	suicide.
आत्मा	स्त्री.	1. शरीर को जीवित रखनेवाली अविनाशी, अतीन्द्रिय तथा अभौतिक शक्ति, जीवात्मा;	આત્મા	आत्मा	soul, self;
		2. किसी वस्तु आदि का गूढ, मूल तथा सार भाग;			spirit, essence of anything;
		3. मन;			mind;
		4. ब्रह्म।			Supreme Soul.
आत्मीय	वि.	1. अपना; 2. घनिष्ठ, अंतरंग।	આત્મીય	आत्मीय	one's own; intimate.
	पुं.	इष्ट - मित्र तथा संबंधी जिनसे अपनापन का व्यवहार होता है, स्वजन।			relatives, kith and kin.
आत्मीयता	स्त्री.	आत्मीय होने की अवस्था या भाव, अपनापन, स्नेहसंबंध।	આત્મીયતા	आत्मीयता	intimacy, kinship, relationship.
आत्मोत्सर्ग	पुं.	दूसरे के हित के लिए त्याग, आत्मबलिदान।	આત્મોત્સર્ગ	आत्मोत्सर्ग	self-sacrifice.
आदत	स्त्री.	1. प्रकृति, स्वभाव; 2. अभ्यास; 3. टेव, बान।	આદત	आदत	nature; practice; habit.
आदतन	क्रि. वि.	आदत के अनुसार, आदतवश।	આદતવશ	आदतवश	habitually.
आदमकद	वि.	ऊँचाई में साधारणतः मनुष्य की ऊँचाई के बराबर हो।	માથોડું	माथोडुं	of man's height.
आदमखोर	वि.	नरभक्षी।	માણસખાઉ	माणसखाउ	man-eater, cannibal.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आदमी	पुं.	1. मनुष्य, व्यक्ति; 2. वयस्क और समझदार व्यक्ति; 3. नौकर; 4. पति (बोलचाल में)।	આદમી	आदमी	man, human being; adult; servant; husband (coll).
आदर	पुं.	1. सम्मान, सत्कार; 2. पूज्य भाव; 3. सम्मानपूर्वक अनुपालन या स्वीकार करना।	આદર	आदर	honour, respect; reverence; acceptance with deference.
आदरणीय	वि.	आदर किए जाने योग्य।	આદરણીય	आदरणीय	respected, respectable, honourable.
आदरभाव	पुं.	आदर-सत्कार, पूज्यभाव।	આદરભાવ	आदरभाव	respect, reverence.
आदर्श	पुं.	1. अनुकरणीय, श्रेष्ठ; 2. नमूना, बानगी; 3. दर्पण, शीशा।	આદર્શ	आदर्श	ideal; model; looking glass, mirror.
आदर्शवाद	पुं.	वह सिद्धांत कि मनुष्य को सदा आदर्श अपने सामने रखकर उनकी सिद्धि या प्राप्ति के लिए सब कार्य करने चाहिए।	આદર્શવાદ	आदर्शवाद	idealism.
आदर्शवादी	वि.	आदर्शवाद को मानने और उसके अनुसार चलनेवाला।	આદર્શવાદી	आदर्शवादी	idealist.
आदान	पुं.	ग्रहण करना, स्वीकार करना, लेना।	આદાન	आदान	taking, accepting, receiving.
आदान-प्रदान	पुं.	लेना-देना।	આદાન-પ્રદાન	आदान-प्रदान	taking and giving,exchange.
आदाब	पुं.	1. नमस्कार, प्रणाम; 2. आचरण, व्यवहार आदि के नियम।	પ્રણામ; અદબ	प्रणाम; अदब	salutation, compliment; manners.

हिंदी शब्द	व्या-को-	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आदि	पुं.	1. मूल; 2. आरम्भ, शुरू।	આદિ	आदि	origin, source; beginning, commencement.
	वि.	1. पहला; 2. आरंभ का।			first; prior.
	अव्य.	इसी प्रकार और या बाकी सब भी, इत्यादि, वगैरह।			et-cetera, and so on.
आदित्य	पुं.	सूर्य।	આદિત્ય	आदित्य	sun.
आदिम	वि.	1. सबके आदि में होनेवाला, प्रथम, पहला; 2. जो बहुत पुराना, आरंभिक, अविकसित और बिल्कुल सीधे सादे ढंग का हो।	આદિમ	आदिम	primeval, first; primitive.
आदिमजाति	स्त्री.	किसी देश में रहनेवाली सबसे पहली और पुरानी मनुष्य जाति।	આદિવાસી	आदिवासी	aborigine, primitive people, tribe.
आदिवासी	पुं.	1. किसी देश का मूल निवासी; 2. जनजाति का सदस्य।	આદિવાસી	आदिवासी	aborigine; tribal people.
आदी	वि.	जिसे किसी चीज की आदत या लत लग गई हो, अभ्यस्त।	ટેવવાળું	टेववाळुं	habituated, accustomed.
आदेश	पुं.	1. आज्ञा, हुक्म; 2. व्याकरण में किसी नियम के अनुसार एक वर्ण के स्थान पर दूसरे वर्ण का आना; 3. ग्रह - नक्षत्रों की स्थिति का फल।	આદેશ	आदेश	order, command; a substitute, substituted form or letter; (in astrology) event,result, consequence of the conjunction of stars.
आद्य	वि.	1. आदि का, प्रथम;	આદ્ય	आद्य	first, primary, primitive;

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. आरंभिक;			being at the beginning, earlier;
		3. प्रधान, मुख्य।			chief, principal, pre-eminent.
आद्यक्षर	पुं.	(कई पदों वाले) नाम के प्रत्येक पद का आरंभिक अक्षर जिसका प्रयोग प्रायः संक्षिप्त रूप में नाम बताने, हस्ताक्षर करने आदि के समय होता है।	આદ્યક્ષર	आद्यक्षर	initials.
आद्योपांत	क्रि. वि.	आदि से अंत तक।	આદ્યોપાંત	आद्योपांत	from beginning to end.
आधा	वि.	1. वस्तु के दो समान भागों में से हर एक;	અડધું;	अडधुं;	half;
		2. जो पूरा न हो बल्कि आधे के लगभग हो;	અધૂરું	अधूरुं	incomplete, insufficient;
		3. बहुत ही कम, थोड़ा, कुछ।			part, a little.
आधान	पुं.	1. रखना, स्थापन (यथा-गर्भाधान);	આધાન	आधान	placing, containing;
		2. वह अवकाश, पात्र या स्थान जिसमें कोई चीज़ रखी जाए या रखी जा सके, पात्र।			receptacle.
आधार	पुं.	1. नीचे की वह वस्तु जिसके ऊपर कोई दूसरी वस्तु टिकी या रखी हो;	આધાર	आधार	foundation, basis;
		2. वह जो किसी को किसी प्रकार का सहारा देता हो, अवलंब, भरोसा;			support, prop;
		3. कारण;			ground;
		4. ज्यामिति में वह रेखा या तल जिस पर कोई आकृति या घनपिंड ठहरा हुआ या स्थित माना जाता है।			base.

हिंदी शब्द	व्या-को-	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आधारभूत	वि.	आधार रूप में स्थित, मूलभूत।	આધારભૂત	आधारभूत	fundamental.
आधार-शिला	स्त्री.	वह पहला पत्थर जो नींव में रखा जाता है और जिसके ऊपर इमारत या भवन बनता है।	આધારશિલા	आधारशिला	foundation stone.
आधारित	वि.	जो किसी के आधार पर टिका या ठहरा हुआ हो, किसी को आधार बनाकर उस पर आश्रित रहनेवाला।	આધારિત	आधारित	based on, dependent on.
आधासीसी	पुं.	आधे सिर का दर्द, अधकपारी।	આધાશીશી	आधाशीशी	pain affecting half the head.
आधिकारिक	वि.	1. किसी अधिकारी के द्वारा या अधिकारपूर्वक किया या कहा हुआ;	આધિકારિક;	आधिकारिक;	authoritative;
		2. सरकारी।	સરકારી	सरकारी	official.
आधिक्य	पुं.	अधिक होने की अवस्था या भाव, अधिकता।	આધિક્ય	आधिक्य	abundance, excess.
आधिदैविक	वि.	1. देव, प्रकृति आदि के द्वारा प्राप्त होनेवाला, देवताकृत;	આધિદૈવિક	आधिदैविक	caused by fate, spirits, etc.
		2. जो साधारणतः प्राकृतिक या लोकगत न हो बल्कि उससे बहुत बढ़कर हो।			supernatural.
आधिपत्य	पुं.	1. प्रभुत्व;	આધિપત્ય	आधिपत्य	sovereignty, supremacy;
		2. अधिकार, कब्जा;			possession, occupation;
		3. अधिपति होने की अवस्था या भाव।			lordship, governorship.
आधिभौतिक	वि.	प्राणियों या भौतिक पदार्थों से संबद्ध या उनसे उत्पन्न।	આધિભૌતિક	आधिभौतिक	physical, material.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आधिव्याधि	स्त्री.	मानसिक कष्ट और शारीरिक पीड़ा, दुख और वेदना।	આધિવ્યાધિ	आधिव्याधि	mental and physical pain, grief and distress.
आधुनिक	वि.	1. वर्तमान काल की विशेषताओं से प्रभावित;	આધુનિક	आधुनिक	modern;
		2. आजकल का, वर्तमान काल का।			new, recent.
आधुनिकता	स्त्री.	1. वर्तमानकाल की विशेषताओं से युक्त होने का भाव;	આધુનિકતા	आधुनिकता	modernity;
		2. आधुनिक होने का भाव।			recentness, newness.
आध्यात्मिक	वि.	परमात्मा और आत्मा से सम्बन्ध रखनेवाला।	આધ્યાત્મિક	आध्यात्मिक	relating to the supreme spirit and soul.
आनन्द	पुं.	हर्ष, खुशी, मौज।	આનન્દ	आनन्द	bliss, joy, delight, happiness, pleasure.
आनन्दित	वि.	प्रसन्न, हर्षित।	આનંદિત	आनंदित	pleased, delighted, joyful, cheerful.
आन	स्त्री.	1. प्रतिज्ञा, संकल्प, सिद्धांत आदि के पालन की वह दृढ़ भावना जिसके मूल में अपनी या अपनी जाति, वर्ग या समाज आदि की प्रतिष्ठा या मर्यादा की रक्षा का विचार प्रधान होता है;	આણ	आण	pride, honour, dignity, reputation;
		2. उक्त के आधार पर ली जानेवाली शपथ।			oath, pledge, vow.
आनन	पुं.	मुख, चेहरा।	આનન	आनन	mouth, face.
आनन-फानन	क्रि. वि.	तुरन्त, अतिशीघ्र।	ઝટપટ	झटपट	instantaneously, at once, in a moment.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आनबान	स्त्री.	1. सजधज, शान, ठाठबाट;	ઠાઠમાઠ	ठाठमाठ	elegance, grace, pomp and show;
		2. प्रतिष्ठा।	પ્રતિષ્ઠા	प्रतिष्ठा	dignity.
आना	अ. क्रि.	1. आगमन होना, एक जगह से चलकर दूसरी जगह पहुँचना;	આવવું, પહોંચવું ;	आववुं, पहोंचवुं ;	to come, to arrive, to reach;
		2. घटित होना, उत्पन्न होकर सामने उपस्थित या प्रत्यक्ष होना;			to happen, to appear;
		3. गुण, योग्यता आदि की अभिवृद्धि या विकास होना;			to grow or increase.
		4. ज्ञान या जानकारी होना;	આવડવું	आवडवुं	to know;
		5. किसी अवस्था या स्थिति में पहुँचना या होना।			to come to pass, to come forth.
आनाकानी	स्त्री.	1. टालमटोल या हीला-हवाला;	આનાકાની ;	आनाकानी;	hesitation, avoidance;
		2. कोई बात सुनकर भी न सुनी हुई के समान करना।	ધ્યાન પર ન લેવું	ध्यान पर न लेवुं	turning a deaf ear to.
आना-जाना	पुं.	1. मिलना - जुलना;	આવાજા ;	आवाजा;	coming and going, frequent visits;
		2. जन्म - मृत्यु।	જન્મ-મરણ	जन्म-मरण	birth and death.
आनुमानिक	वि.	अनुमान या अटकल पर आश्रित या उससे संबंधित।	અનુમાન પર આધારિત	अनुमान पर आधारित	inferential, conjectural.
आनुवंशिक	वि.	वंशपरम्परा से प्राप्त, पुश्तैनी।	આનુવંશિક	आनुवंशिक	hereditary.
आनुषंगिक	वि.	1. संबद्ध, संयुक्त;	આનુષંગિક	आनुषंगिक	incidental;
		2. गौण, गौण रूप से किसी के साथ या पीछे होनेवाला।			secondary.
आप	वि.	1. स्वयं, स्वतः खुद;	આપ	आप	self, yourself, himself, myself;

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. 'तुम' या 'वे' के स्थान पर प्रयुक्त आदरसूचक सर्वनाम।			you (honorific pronoun).
आपत्काल	पुं.	विपत्ति का समय, कठिनाई के दिन।	આપત્કાળ	आपत्काळ	time of trouble or distress, emergency.
आपत्ति	स्त्री.	1. एतराज; 2. कष्ट, क्लेश, दुःख, संकट।	આપત્તિ	आपत्ति	objection; calamity, distress, trouble.
आपदा	स्त्री.	1. विपत्ति, आफत; 2. क्लेश, दुःख, 3. कष्ट या विपत्ति का समय।	આપદા	आपदा	calamity, disaster; distress, adversity; time of calamity or trouble.
आपबीती	स्त्री.	अपने ऊपर बीती हुई घटना या उसका उल्लेख।	આપવીતી	आपवीती	story of one's own life.
आपस	अव्य.	पारस्परिक सम्बन्ध सूचक एक अव्यय जिसका प्रयोग कुछ विभक्तियों के लगने पर कहीं क्रिया विशेषण और कहीं विशेषण की तरह होता है।	પરસ્પર	परस्पर	mutually, mutual.
आपसदारी	स्त्री.	1. परस्पर निकट सम्बन्ध, भाईचारा; 2. आत्मीयता।	ભાઈચારો	भाईचारो	mutual relation-ship, brotherhood, fraternity; intimacy.
आपसी	वि.	आपस का, पारस्परिक।	પારસ્પરિક	पारस्परिक	mutual, reciprocal.
आपा	पुं.	1. अपना अस्तित्व या सत्ता, निजत्व; 2. अहंकार, अहंभाव।	અસ્મિતા	अस्मिता	self, existence of the self; vanity, arrogance.
आपात	पुं.	1. घटना का अचानक घटित होना; 2. अकल्पित रूप से अचानक होनेवाली घटना या बात।	અચાનક થવું	अचानक थवुं	sudden appearance; appearance.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आपाती	वि.	बिना आशा या संभावना के अचानक घटित होनेवाला।	અચાનક થનાર	अचानक थनार	emergent.
आपाधापी	स्त्री.	ऐसी स्थिति जिससे सभी लोग अपना-अपना स्वार्थ सिद्ध करने में लगे हों और दूसरे के हानि-लाभ का ध्यान न रखते हों।	ખેંચતાણ	खेंचताण	a race for self, eagerness to gratify self, selfishness.
आपेक्षिक	वि.	1. जिसका अस्तित्व दूसरी वस्तु पर आश्रित हो, निर्भर रहनेवाला;	સાપેક્ષ ;	सापेक्ष;	relative;
		2. अपेक्षा रखनेवाला;	અપેક્ષા રાખનાર	अपेक्षा राखनार	expectant;
		3. तुलनात्मक।			comparative.
आप्त	वि.	1. प्रामाणिक, विश्वसनीय;	આપ્ત	आप्त	trustworthy, reliable, authentic;
		2. आया, पहुँचा या मिला हुआ;			got, obtained, gained;
		3. यथार्थ ज्ञान रखनेवाला।			having real knowledge.
	पुं.	विश्वसनीय व्यक्ति।			credible and authentic person.
आफत	स्त्री.	मुसीबत, क्लेश, संकट।	આફત	आफत	distress, trouble, calamity, misfortune.
आब	पुं.	पानी।	આબ	आब	water.
	स्त्री.	चमक, कांति।			lustre, brilliance, elegance.
आबकारी	स्त्री.	1. शराब बनाने या बेचने का स्थान;	આબકારી	आबकारी	distillery;
		2. मद्य या मादक वस्तुओं का व्यवसाय;			business of distiller;
		3. मादक वस्तुओं से संबंधित सरकारी विभाग।			excise, the excise department.
आबदार	वि.	चमकवाला, चमकीला।	પાણીદાર	पाणीदार	lustrous, brilliant.
	पुं.	पानी पिलानेवाला।	પાણી પાનાર	पाणी पानार	waterman.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आबद्ध	वि.	1. बँधा हुआ, जकड़ा हुआ; 2. बंधन में पड़ा हुआ, कैद।	આબદ્ધ	आबद्ध	bound, tied; confined, imprisoned.
आबपाशी	स्त्री.	खेतों आदि की सिंचाई	સિંચાઈ	सिंचाई	irrigation.
आबरू	स्त्री.	1. इज्जत, प्रतिष्ठा; 2. सतीत्व।	આબરૂ ; સતીત્વ	आबरू; सतीत्व	veneration, honour; chastity.
आबहवा	स्त्री.	जलवायु।	આબોહવા	आबोहवा	climate.
आबाद	वि.	1. बसा हुआ; 2. सम्पन्न, खुशहाल, फलंता-फूलता(व्यक्ति); 3. जोती-बोई जानेवाली (भूमि)।	આબાદ	आबाद	populated, inhabited; flourishing, prosperous; cultivated.
आबादी	स्त्री.	1. बस्ती; 2. जनसंख्या।	વસવાટ ; વસ્તી	वसवाट; वस्ती	habitation, colony; population, number of inhabitants.
आभरण	पुं.	आभूषण, गहना।	આભરણ	आभरण	ornament, decoration.
आभा	स्त्री.	1. चमक, द्युति; 2. किसी चीज़ की कुछ अस्थायी झलक या प्रतिबिंब; 3. रंगत, स्वाद आदि की साधारण से कुछ कम या हल्की छाया या प्रतीति।	આભા	आभा	lustre, splendour; reflected image or shadow; tinge.
आभार	पुं.	एहसान, किसी के उपकार के लिए प्रकट की जानेवाली कृतज्ञता।	આભાર	आभार	gratefulness, thankfulness.
आभारी	वि.	कृतज्ञ, एहसानमन्द।	આભારી	आभारी	obliged, thankful, grateful.
आभास	पुं.	1. झलक छाया;	આભાસ	आभास	reflection, shadow;

हिंदी शब्द	व्या॰ को॰	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. किसी चीज के अनुकरण पर बनी हुई कोई दूसरी चीज जो पूरी या शुद्ध न होने पर भी बहुत कुछ मूल की छाया से युक्त हो और देखने में बहुत कुछ वैसी ही जान पड़ती हो;			to appear untruly or have an appearance;
		3. मिथ्याप्रतीति, भ्रम;			unreal appearance;
		4. किसी चीज या बात में दिखाई देनेवाली किसी दूसरी चीज या बात की ऐसी छाया या झलक जो उस दूसरी चीज या बात का कुछ अनुमान कराती हो, प्रतीति।			fallacious resemblance.
आभिजात्य	पुं.	कुलीनता, ऊँचे कुल में उत्पत्ति।	આભિજાત્ય	आभिजात्य	nobility, noble birth.
आभीर	पुं.	अहीर, ग्वाला।	આભીર	आभीर	milkman, cowherd
आभूषण	पुं.	1. अलंकार, जेवर;	આભૂષણ	आभूषण	ornament, jewellery;
		2. वह चीज जो अन्य चीज की शोभा बढ़ाती हो, शोभावर्धक तत्व।			decoration, finery.
आभ्यंतर	वि.	भीतर का, भीतरी, अन्दरूनी।	આભ્યંતર	आभ्यंतर	interior, internal, inward.
आमंत्रण	पुं.	1. अपने यहां बुलाने के लिए दिया जाने वाला निमंत्रण;	આમંત્રણ, નોતરું	आमंत्रण, नोतरुं	invitation;
		2. पुकारना, बुलाना।			call.
आमंत्रित	वि.	1. निमंत्रण देकर बुलाया हुआ;	આમંત્રિત	आमंत्रित	invited;
		2. पुकारा या बुलाया हुआ।			called.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आम	पुं.	एक प्रसिद्ध फल और उसका पेड़, आम।	કેરી	केरी	mango.
	वि.	1. जो लोक में बहुत प्रचलित हो;	સામાન્ય;	सामान्य;	common;
		2. जिसमें सब लोग सम्मिलित हो सकें, सार्वजनिक;	જાહેર	जाहेर	public;
		3. साधारण, सामान्य।			general, common
आमद	स्त्री.	1. आने की क्रिया या भाव, आगमन, अवाई;	આગમન;	आगमन;	arrival, coming;
		2. आय, आमदनी।	આવક	आवक	income, revenue.
आमदनी	स्त्री.	आय, आने या प्राप्त होनेवाला धन।	આવક	आवक	income, receipt.
आमना-सामना	पुं.	1. भेंट, साक्षात्कार;	સામસામું	सामसामुं	meeting, interview;
		2. परस्पर एक-दूसरे के सामने होने की अवस्था या भाव;			encounter, confrontation;
		3. एक-दूसरे के सामनेवाला भाग।			facing, opposite.
आमने-सामने	क्रि. वि.	1. एक-दूसरे के सामने या मुकाबले में;	સામસામે	सामसामे	face to face, in front;
		2. इधर तथा उधर।			opposite to one another.
आमरण	वि.	मरणपर्यन्त, जीवन के अन्त तक।	આમરણ	आमरण	till death.
आमादा	वि.	तत्पर, उद्यत।	તત્પર	तत्पर	ready, intent, bent upon.
आमाशय	पुं.	प्राणियों के पेट के अन्दर की वह थैली जिसमें भोजन पचता है, मेदा।	હોજરી	होजरी	stomach.
आमिष	पुं.	मांस, गोश्त।	આમિષ	आमिष	flesh, meat.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आमुख	पुं.	प्रस्तावना, भूमिका।	આમુખ	आमुख	introduction, preface.
आमूल	क्रि. वि.	1. मूलपर्यन्त, जड़तक, जड़ से; 2. पूरी तरह, समग्रतः।	આમૂલ	आमूल	to the root, by the root; completely.
आमोद	पुं.	1. हर्ष, प्रसन्नता; 2. मन बहलाने या प्रसन्नता प्राप्त करने के लिए किया जानेवाला काम।	આમોદ	आमोद	joy, pleasure; amusement, merriment.
आमोद-प्रमोद	पुं.	1. ऐसे काम जो केवल मन बहलाने और चित्त प्रसन्न करने के लिए होते या किए जाते हों; 2. भोगविलास, सुख-चैन।	આમોદ-પ્રમોદ	आमोद-प्रमोद	entertainment, merriment; luxury, orgy.
आय	स्त्री.	पारिश्रमिक, लाभ आदि के रूप में प्राप्त धन, आमदनी।	આવક	आवक	income, gain.
आयकर	पुं.	राज्य की ओर से लोगों की आय पर लगनेवाला कर।	આવકવેરો	आवकवेरो	income-tax.
आयत	वि.	लम्बा-चौड़ा, विस्तृत, विशाल।	આયત	आयत	long, large, wide.
	पुं.	चार भुजाओंवाला वह क्षेत्र जिसके आमने-सामने की भुजाएं समानांतर और चारों कोण समकोण हों।	લંબચોરસ	लंबचोरस	oblong figure, rectangle.
	स्त्री.	कुरान का कोई वाक्य।	કુરાનનું વાક્ય	कुराननुं वाक्य	a sentence of the Quran.
आयतन	पुं.	1. पदार्थ ग्रहण करने की पात्रता या क्षमता के विचार से किसी पात्र या खाली जगह के अन्दर का	આયતન ;	आयतन;	volume, capacity;

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		स्थान या अवकाश;			
		2. घर, मकान।	મકાન, ઘર	मकान, घर	house, mansion.
आयताकार	वि.	जिसका आकार आयत जैसा हो, जिसकी चार भुजाएँ और चार समकोण हों।	સમચોરસ	समचोरस	rectangular.
आय-व्ययक	पुं.	1. वह आनुमानिक लेखा जिसमें किसी निश्चित समय में संभावित रूप में होनेवाली आय तथा व्यय से संबंधित मदें, ब्यौरे की बातें और धन राशियां लिखी रहती हैं;	બજેટ	बजेट	budget;
		2. आमदनी और खर्च का ब्यौरा।			details of income and expenditure.
आया	स्त्री.	बच्चों को दूध पिलाने और उनकी देखभाल करनेवाली स्त्री, धाय, दाई।	આયા	आया	female attendant on children, ayah, nurse.
आयात	पुं.	1. विदेश से अपने देश में व्यापार के लिए माल मंगाना या लाना;	આયાત	आयात	import;
		2. उक्त प्रकार से मंगाया या लाया हुआ माल।			imported goods.
आयातक	पुं.	आयात करनेवाला।	આયાત કરનાર	आयात करनार	importer.
आयाम	पुं.	लम्बाई, विस्तार।	આયામ	आयाम	extension, expansion, length, breadth.
आयु	स्त्री.	जीवन काल, जीवन से मरण तक का सारा समय।	આયુ	आयु	age, duration of life, life-time.
आयुक्त	पुं.	किसी जिला, विभाग	કમિશનર	कमिशनर	commissioner

हिंदी शब्द	व्या॰ को॰	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		या कार्यालय में नियुक्त किया गया सर्वोच्च सत्ता या सर्वोच्च प्राधिकारी का प्रतिनिधि विशेष।			
आयुर्विज्ञान	पुं.	विज्ञान की वह शाखा जिसमें इस बात का विवेचन होता है कि शरीर किस प्रकार नीरोग किया जाता है और उसके रोग आदि किस प्रकार दूर किए जाते हैं, चिकित्सा-विज्ञान, चिकित्सा-शास्त्र।	આયુર્વિજ્ઞાન, ચિકિત્સાશાસ્ત્ર	आयुर्विज्ञान, चिकित्साशास्त्र	science of health or medicine, medical science.
आयुर्वेद	पुं.	भारतीय चिकित्सा-शास्त्र।	આયુર્વેદ	आयुर्वेद	Indian system of medicine.
आयुष्मान	वि.	दीर्घजीवी, चिरंजीवी।	આયુષ્માન	आयुष्मान	long lived (son).
आयोग	पुं.	किसी विशिष्ट कार्य को पूरा करने अथवा किसी विचारणीय विषय की जाँच-पड़ताल करने के लिए राज्य द्वारा गठित की जानेवाली एक विशेष समिति जिसमें एक अथवा अधिक सदस्य होते हैं।	કમિશન	कमिशन	commission.
आयोजक	वि.	आयोजन करनेवाला।	આયોજક	आयोजक	organiser, convener.
आयोजन	पुं.	तैयारी, प्रबन्ध।	આયોજન	आयोजन	preparation, arrangement.
आरम्भ	पुं.	1. शुरू, श्रीगणेश; 2. किसी चीज या बात की उत्पत्ति या उसका स्थान।	આરંભ	आरंभ	start, beginning, commencement; origin.
आरम्भिक	वि.	1. आरम्भ का, पहले का;	આરંભિક	आरंभिक	of beginning, earlier,

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. बिल्कुल आरंभ की अवस्था में होनेवाला;			preliminary; initial, elementary;
		3. कोई कार्य आरंभ करने से पहले की जानेवाली व्यवस्था आदि से संबंधित।			preparatory.
आरक्षण	पुं.	रेल, बस आदि या किसी नौकरी पद आदि के लिए पहले ही स्थान या पद का सुरक्षित होना या किया जाना।	રિઝર્વેશન	रिझर्वेशन	reservation (of seats, posts etc.).
आरजू	स्त्री.	1. इच्छा, कामना; 2. विनती, प्रार्थना।	ઇચ્છા ; વિનંતી	इच्छा; विनंती	wish, keen desire; request.
आरती	स्त्री.	1. देवपूजन अथवा आराध्य व्यक्ति के स्वागत के समय घी का दीया, कपूर या धूप आदि जलाकर बार-बार घुमाते हुए सामने रखना, नीराजन;	આરતી	आरती	ceremony performed in adoration of the gods (or while welcoming a distinguished guest) by moving round lighted lamps before them;
		2. विशेष प्रकार का पात्र जिसमें उक्त क्रिया के लिए घी और रूई की बत्ती रखी जाती है;			plate used for the above ceremony to hold lamps etc.;
		3. स्तोत्र जो किसी देवता की आरती करते समय पढ़ा जाता है।			hymn or prayer sung at the time of the above ceremony.
आर-पार	क्रि. वि.	1. इधरवाले तल या सिरे से उधरवाले तल या सिरे तक;	આરપાર	आरपार	from one end to the other;
		2. नदी, झील आदि के दोनों किनारे।			across.
आरसी	स्त्री.	दर्पण, शीशा।	આરસી	आरसी	mirror, looking glass.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आरा	पुं.	लोहे की वह दाँतेदार पट्टी जिससे लकड़ी, लोहा आदि चीरते हैं।	આરો	आरो	saw.
आराधक	वि.	उपासना या पूजा करने वाला, उपासक, पूजक।	આરાધક	आराधक	worshipper.
आराधना	स्त्री.	पूजा, उपासना।	આરાધના	आराधना	worship, religious service.
आराध्य	वि.	पूज्य, उपास्य।	આરાધ્ય	आराध्य	fit to be worshipped or propitiated.
आराम	पुं.	1. सुख, चैन, विश्राम;	આરામ	आराम	rest, repose, comfort;
		2. रोग में कमी होने या रोग दूर होने की अवस्था।			relief.
आरामकुर्सी	स्त्री.	एक प्रकार की लम्बी कुर्सी जिसपर लेटा भी जा सकता है।	આરામખુરસી	आरामखुरसी	easy chair
आरामतलब	वि.	1. आलसी;	આળસુ;	आळसु;	idle, indolent, lazy;
		2. सुख चाहनेवाला।	આરામપ્રિય	आरामप्रिय	one who seeks his ease, a lover of ease.
आरी	स्त्री.	लकड़ी, लोहा आदि चीरने का एक दाँतेदार औजार, छोटा आरा।	આરી	आरी	small saw, hand saw.
आरूढ	वि.	सवार, आसीन।	આરૂઢ	आरूढ	mounted, ascended, seated on.
आरोग्य	पुं.	तन्दुरुस्ती, रोग का अभाव।	આરોગ્ય	आरोग्य	health, absence of disease.
आरोप	पुं.	1. किसी के विषय में यह कहना कि इसने अमुक अनुचित या नियम-विरुद्ध कार्य किया है, इलजाम;	આરોપ	आरोप	accusation, charge, allegation;

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. एक पदार्थ में दूसरे के गुणधर्म की कल्पना; 3. ऊपर से या कहीं से लाकर बैठाना या लगाना।			attributing, superimposition; transplantation;
आरोपण	पुं.	1. एक वस्तु में दूसरी के धर्म की कल्पना; 2. इलजाम लगाना; 3. रोपना, लगाना।	આરોપણ	आरोपण	superimposition; allegation; transplantation.
आरोपित	वि.	1. रोपा हुआ; 2. जिसके ऊपर आरोप या इलजाम लगाया गया हो; 3. (वस्तु) जिसमें दूसरे पदार्थ के गुणधर्म की कल्पना की गई हो या (वह गुणधर्म) जिसकी कल्पना दूसरे पदार्थ में की जाए।	આરોપિત	आरोपित	planted, transplanted; alleged, charged with; superimposed, attributed.
आरोह	पुं.	1. ऊपर चढ़ना, सवार होना; 2. नीचे से ऊपर की ओर जाना या बढ़ना; 3. संगीत में स्वरों का चढ़ाव; 4. ऊँचाई, ऊँचा स्थान।	આરોહ	आरोह	mounting on; ascent, rise; ascent of notes in music; altitude, elevation.
आरोहण	पुं.	1. चढ़ना, सवार होना; 2. ऊपर की ओर जाना या बढ़ना।	આરોહણ	आरोहण	mounting on; ascending.
आर्त	वि.	1. पीड़ित; 2. किसी कष्ट या पीड़ा से बेचैन; 3. संकटग्रस्त; 4. दुःखव्यंजक।	આર્ત	आर्त	aggrieved; afflicted; distressed; painful.
आर्तनाद	पुं.	जोर का ऐसा शब्द	આર્તનાદ	आर्तनाद	cry of distress,

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		जो घोर संकट में पड़े हुए व्यक्ति के मुख से निकलता है, दर्दभरी ऊँची आवाज।			cry of pain.
आर्थिक	वि.	रुपये-पैसे, आय-व्यय आदि से सम्बन्ध रखनेवाला, धन-संपत्ति आदि के अर्जन-उत्पादन, विभाजन, व्यवस्था आदि से संबंधित।	આર્થિક	आर्थिक	economic, financial, pecuniary.
आर्द्र	वि.	गीला, तर, नम, रसयुक्त।	આર્દ્ર	आर्द्र	wet, moist, damp, humid, succulent.
आर्द्रता	स्त्री.	आर्द्र होने की अवस्था या भाव, नमी।	આર્દ્રતા	आर्द्रता	wetness, dampness, humidity.
आर्द्रा	स्त्री.	एक नक्षत्र, जिसमें साधारणतः वर्षा आरम्भ होती है।	આર્દ્રા	आर्द्रा	name of one of the lunar mansions during which usually rains set in.
आर्य	पुं.	1. भारत की एक प्राचीन उन्नत जाति; 2. पूज्य व्यक्तियों के लिए प्रयुक्त होनेवाला एक संबोधन।	આર્ય	आर्य	the Aryan race; form of address (used for venerable persons).
आर्ष	वि.	1. ऋषियों से संबंधित, ऋषियों का; 2. ऋषियों द्वारा लिखा हुआ (जैसे आर्ष-प्रयोग आदि)।	આર્ષ	आर्ष	pertaining to Rishis, of Rishis; written or composed by Rishis.
आलंकारिक	वि.	1. अलंकार संबंधी (साहित्य); 2. अलंकारयुक्त; 3. अलंकरण या सजावट के रूप में होनेवाला।	આલંકારિક	आलंकारिक	rhetorical, figurative (lit.); ornamental; decorative.
आलाप	पुं.	1. संगीत में गाने का	આલાપ;	आलाप;	preliminary

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. एक पदार्थ में दूसरे के गुणधर्म की कल्पना; 3. ऊपर से या कहीं से लाकर बैठाना या लगाना।			attributing, superimposition; transplantation;
आरोपण	पुं.	1. एक वस्तु में दूसरी के धर्म की कल्पना; 2. इलजाम लगाना; 3. रोपना, लगाना।	આરોપણ	आरोपण	superimposition; allegation; transplantation.
आरोपित	वि.	1. रोपा हुआ; 2. जिसके ऊपर आरोप या इलजाम लगाया गया हो; 3. (वस्तु) जिसमें दूसरे पदार्थ के गुणधर्म की कल्पना की गई हो या (वह गुणधर्म) जिसकी कल्पना दूसरे पदार्थ में की जाए।	આરોપિત	आरोपित	planted, transplanted; alleged, charged with; superimposed, attributed.
आरोह	पुं.	1. ऊपर चढ़ना, सवार होना; 2. नीचे से ऊपर की ओर जाना या बढ़ना; 3. संगीत में स्वरों का चढ़ाव; 4. ऊँचाई, ऊँचा स्थान।	આરોહ	आरोह	mounting on; ascent, rise; ascent of notes in music; altitude, elevation.
आरोहण	पुं.	1. चढ़ना, सवार होना; 2. ऊपर की ओर जाना या बढ़ना।	આરોહણ	आरोहण	mounting on; ascending.
आर्त	वि.	1. पीड़ित; 2. किसी कष्ट या पीड़ा से बेचैन; 3. संकटग्रस्त; 4. दुःखव्यंजक।	આર્ત	आर्त	aggrieved; afflicted; distressed; painful.
आर्तनाद	पुं.	जोर का ऐसा शब्द	આર્તનાદ	आर्तनाद	cry of distress,

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		जो घोर संकट में पड़े हुए व्यक्ति के मुख से निकलता है, दर्दभरी ऊँची आवाज।			cry of pain.
आर्थिक	वि.	रुपये-पैसे, आय-व्यय आदि से सम्बन्ध रखनेवाला, धन-संपत्ति आदि के अर्जन-उत्पादन, विभाजन, व्यवस्था आदि से संबंधित।	આર્થિક	आर्थिक	economic, financial, pecuniary.
आर्द्र	वि.	गीला, तर, नम, रसयुक्त।	આર્દ્ર	आर्द्र	wet, moist, damp, humid, succulent.
आर्द्रता	स्त्री.	आर्द्र होने की अवस्था या भाव, नमी।	આર્દ્રતા	आर्द्रता	wetness, dampness, humidity.
आर्द्रा	स्त्री.	एक नक्षत्र, जिसमें साधारणतः वर्षा आरम्भ होती है।	આર્દ્રા	आर्द्रा	name of one of the lunar mansions during which usually rains set in.
आर्य	पुं.	1. भारत की एक प्राचीन उन्नत जाति; 2. पूज्य व्यक्तियों के लिए प्रयुक्त होनेवाला एक संबोधन।	આર્ય	आर्य	the Aryan race; form of address (used for venerable persons).
आर्ष	वि.	1. ऋषियों से संबंधित, ऋषियों का; 2. ऋषियों द्वारा लिखा हुआ (जैसे आर्ष-प्रयोग आदि)।	આર્ષ	आर्ष	pertaining to Rishis, of Rishis; written or composed by Rishis.
आलंकारिक	वि.	1. अलंकार संबंधी (साहित्य); 2. अलंकारयुक्त; 3. अलंकरण या सजावट के रूप में होनेवाला।	આલંકારિક	आलंकारिक	rhetorical, figurative (lit.); ornamental; decorative.
आलाप	पुं.	1. संगीत में गाने का	આલાપ;	आलाप;	preliminary

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		विशिष्ट प्रकार या आरंभिक अंश जिसमें केवल स्वरों का प्रदर्शन होता है, गीत के बोलों का नहीं;			modulation of voice before or in singing, modulation or raising of voice in a song, a slow elaboration of raga with or without rythm;
		2. कथन, बातचीत।	કથન, વાતચીત	कथन, वातचीत	conversation, dialogue.
आलिंगन	पुं.	प्रेमपूर्वक किसी को गले या छाती से लगाना।	આલિંગન	आलिंगन	embrace.
आलीशान	वि.	भव्य, शानदार।	આલીશાન	आलीशान	grand, superb, imposing, magnificent.
आलू	पुं.	एक प्रसिद्ध छोटा गोल कंद जिसकी तरकारी आदि बनती है।	બટાટો	बटाटो	potato.
आलूबुखारा	पुं.	सुखाया हुआ आलूचा नामक फल।	આલૂ બુખારા	आलूबुखारा	plum.
आलेख	पुं.	1. लिखावट, लिखाई; 2. वह जो कुछ लिखा है, दस्तावेज, प्रलेख; 3. अंकित या चित्रित वस्तु।	આલેખ	आलेख	writing; document, record; that whih is drawn or painted, drawing;
आलेखन	पुं.	1. लिखना; 2. तस्वीर बनाना, चित्रांकन।	આલેખન	आलेखन	act of writing; painting, drawing.
आलोक	पुं.	प्रकाश, रोशनी।	આલોક	आलोक	light.
आलोचक	पुं.	गुण-दोष आदि का विवेचन करनेवाला, समीक्षक।	આલોચક, વિવેચક	आलोचक, विवेचक	critic, reviewer.
आलोचना	स्त्री.	किसी कृति या रचना के	આલોચના,	आलोचना,	criticism, review.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		गुण-दोषों का निरूपण या विवेचन, समीक्षा।	વિવેચન	विवेचन	
आलंब	पुं.	सहारा, आधार।	આલંબ	आलंब	support, prop.
आलंबन	पुं.	1. आधार, सहारा; 2. किसी पर आश्रित रहने या टिके या ठहरे होने की अवस्था या भाव; 3. (साहित्य में) रस की उत्पत्ति का आधार।	આલંબન	आलंबन	prop, support; state or condition of resting or depending on; (in lit.) that on which a Rasa or sentiment, as it were, hangs.
आलपीन	स्त्री.	सूई के आकार की बिना छेदवाली घुंडीदार लोहे की पतली सलाई जिससे कागज आदि नत्थी किए जाते हैं।	ટાંકણી, પીન	टांकणी, पीन	pin.
आलसी	वि.	हर काम में आलस्य करनेवाला, सुस्त, काहिल।	આળસુ	आळसु	lazy, idle, indolent.
आलस्य (आलस)	पुं.	काम करने की अनिच्छा, सुस्ती, उत्साह-हीनता, शिथिलता।	આલસ્ય, આળસ	आलस्य, आळस	lethargy, laziness, indolence.
आला	पुं.	दीवार में थोड़ा सा खाली छोड़ा हुआ स्थान जिसमें छोटी-मोटी चीजें रखी जाती हैं, ताक(ताखा)।	તાકું	ताकुं	small recess in a wall, niche.
	वि.	बढ़िया, श्रेष्ठ।	ઉત્તમ, શ્રેષ્ઠ	उत्तम, श्रेष्ठ	best, excellent, of first quality or grade.
आलोच्य	वि.	जिसकी आलोचना की जा सकती हो या की जाने को हो।	આલોચ્ય, વિવેચ્ય	आलोच्य, विवेच्य	under review.
आलोडन	पुं.	1. मथना, बिलोना; 2. सोच-विचार, ऊहापोह।	આલોડન; વિચાર, ઉહાપોહ	आलोडन; विचार, ऊहापोह	churning, stirring; giving deep consideration or thought to.

हिंदी शब्द	व्या॰ को॰	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आल्हा	पुं.	1. एक प्रसिद्ध योद्धा और महोबा नरेश के सेनापति जो पृथ्वीराज के समकालीन थे और जिनकी वीरता के आख्यान तथा गाथाएँ अब तक गाई जाती हैं;	એક પ્રસિદ્ધ યોદ્ધો અને મહોબા નરેશનો સેનાપતિ (જેની વીરતાની ગાથા આજે પણ ગવાય છે);	एक प्रसिद्ध योद्धो अने महोबा नरेश नो सेनापति (जेनी वीरतानी गाथा आजे पण गवाय छे);	Name of a famous Indian warrior of Mahoba (songs of whose valour are sung even now);
		2. वह वीरगाथा जिसमें आल्हा और ऊदल के नामों का वर्णन है;	તે નામનું વીરગાથાત્મક કાવ્ય, જેમાં આલ્હા અને ઉદલના પરાક્રમનું વર્ણન છે;	ते नामनुं वीरगाथात्मक काव्य, जेमां आल्हा अने उदलना पराक्रमनुं वर्णन छे;	ballad eulogising the brave deeds of Alha and Udal;
		3. उक्त वीरगाथा का छन्द, 'वीर' छंद।	ઉપર્યુક્ત વીરગાથાનો છંદ, વીર છંદ	उपर्युक्त वीर-गाथानो छंद, वीर छंद	traditional Alha-metre in which the said ballad is composed.
आवक	वि.	1. बाहर से आनेवाला; 2. आमद।	આવક	आवक	incoming; arriving of.
आवती	स्त्री.	आया हुआ नवीन पत्र आदि।	આવેલો નવો પત્ર વગેરે	आवेलो नवो पत्र वगेरे	fresh receipt.
आवधिक	वि.	किसी नियत अवधि में होनेवाला या उससे संबंधित।	સામયિક	सामयिक	periodical.
आवभगत	स्त्री.	आदर-सत्कार।	આદર-સત્કાર	आदर-सत्कार	hospitality, reception, welcome.
आवरण	पुं.	1. परदा;	આવરણ	आवरण	screen;
		2. ढक्कन;			cover, lid;
		3. वह कपड़ा, कागज आदि जिसमें कोई चीज लपेटी जाए;			wrapper;
		4. आघात या वार रोकने की वस्तु।			shield, protective device.
आवरण-पृष्ठ	पुं.	किसी पुस्तक के ऊपर लगा नामादि सूचक कागज इत्यादि।	આવરણ પૃષ્ઠ, જેકેટ	आवरण पृष्ठ, जेकेट	cover (of a book etc.), jacket.

हिंदी शब्द	व्या॰ को॰	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आवर्त	पुं.	1. पानी, रोमावली आदि का चक्कर, भँवर, भौंरी;	આવર્ત	आवर्त	whirlpool;
		2. घुमाव।			turning, turn.
आवर्तक	वि.	1. घूमने या चक्कर खानेवाला;	આવર્તક	आवर्तक	revolving;
		2. समय-समय पर जिसकी आवृत्ति होती रहती हो।			recurring.
आवर्तन	पुं.	1. किसी ओर घूमना;	આવર્તન	आवर्तन	turning;
		2. चक्कर खाना, चारों ओर घूमना;			turning round, revolving;
		3. किसी बात का बार-बार होना, आवृत्ति।			recurrence, repetition.
आवर्ती	वि.	1. चारों ओर घूमने या चक्कर खानेवाला;	આવર્તી	आवर्ती	whirling or turning round and round;
		2. बार-बार होनेवाला, आवर्तक।			recurring.
आवली	स्त्री.	पंक्ति, कतार।	આવલિ (લી)	आवलि (ली)	row, line.
आवश्यक	वि.	1. जिसके बिना काम न चल सकता हो, जरूरी;	આવશ્યક	आवश्यक	essential, necessary;
		2. अवश्यंभावी;			inevitable;
		3. जिसके संबंध में तुरंत या निश्चित रूप से कोई कार्रवाई अपेक्षित हो।			requisite, needful, expedient.
आवश्यकता	स्त्री.	1. ऐसी स्थिति जिसमें विवश होकर कुछ करना पड़े या किसी चीज या बात के बिना काम चल ही न सकता हो, जरूरत;	આવશ્યકતા	आवश्यकता	necessity, inevitability;
		2. आवश्यक होने की अवस्था या भाव।			essentiality.

हिंदी शब्द	व्या॰ को॰	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आवां	पुं.	मिट्टी के बर्तन पकाने का भट्ठा।	નિભાડો	निभाडो	potters' kiln, kiln.
आवागमन	पुं.	1. आना - जाना; 2. जन्ममरण का चक्र।	આવાગમન	आवागमन	coming and going; transmigration.
आवाज	स्त्री.	1. ध्वनि; 2. स्वर; 3. आघात आदि से होनेवाला शब्द; 4. पुकार; 5. शोर।	અવાજ	अवाज	sound, voice; tone; echo; call; noise.
आवाजाही	स्त्री.	आना - जाना।	આવ-જા	आव - जा	coming and going.
आवारा	वि.पुं.	1. इधर-उधर बेकार घूमने-फिरनेवाला; 2. जिसके रहने आदि का कोई ठोर-ठिकाना न हो; 3. अवांछनीय आचारण-वाला, दुष्ट।	રખડેલ; ઘર-બાર વિનાનો; વંઠેલ	रखडेल; घरबार विनानो; वंठेल	vagabond, loafer; without house and home; profligate, reckless.
आवारागर्द	वि.	दे० 'आवारा'	જુ. 'આવારા'	जू 'आवारा'	see 'आवारा'.
आवारागर्दी	स्त्री.	बेकार इधर-उधर घूमना, भटकना।	નકામા આમતેમ રખડવું, ભટકવું	नकामा आमतेम रखडवुं, भटकवुं	loafing, wandering, loitering.
आवास	पुं.	निवास स्थान।	આવાસ	आवास	residence, abode.
आवासी	पुं.	रहनेवाला, वास करनेवाला, निवासी।	નિવાસી	निवासी	resident.
आवाहन	पुं.	1. अपने पास बुलाना या पुकारना; 2. पूजन के समय किसी देवता को मंत्र द्वारा अपने पास बुलाना।	આવાહન	आवाहन	sending for or calling; invoking a deity (to be present).
आविर्भाव	पुं.	1. अस्तित्व में आकर प्रकट होना, प्रत्यक्ष होना; 2. प्रकट होना।	આવિર્ભાવ	आविर्भाव	coming into existence; manifestation, appearance.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आविर्भूत	वि.	1. प्रकट; 2. उत्पन्न; 3. सामने आया हुआ, उपस्थित।	આવિર્ભૂત	आविर्भूत	manifest, apparent; come into existence; become unfolded or visible.
आविष्कर्ता	पुं.	आविष्कार करनेवाला।	આવિષ્કર્તા, શોધક	आविष्कर्ता, शोधक	inventor, discoverer.
आविष्कार	पुं.	ऐसी नई चीज बनाना या नई बात बताना जिसका ढंग या प्रकार पहले किसी को मालूम न रहा हो, नई तरह की चीज पहले पहल निकालना।	આવિષ્કાર, શોધ	आविष्कार,शोध	invention, discovery.
आविष्कारक	पुं.	आविष्कार करनेवाला।	આવિષ્કારક, શોધક	आविष्कारक, शोधक	inventor, discoverer.
आवृत्त	वि.	1. ढका हुआ, आच्छादित; 2. घिरा या घेरा हुआ।	આવૃત્ત	आवृत्त	covered, concealed, hid; enclosed, encompassed, surrounded.
आवृत्ति	स्त्री.	1. बारबार होने की क्रिया या भाव; 2. पुस्तक आदि का हर बार छपना, संस्करण; 3. घूमना, लौटना।	આવૃત્તિ	आवृत्ति	repetition; edition; turn, returning.
आवेग	पुं.	1. प्रबल मनोवेग, जोश; 2. बिना सोचे-विचारे कुछ कर बैठने की अन्तःप्रेरणा , झोंक; 3. साहित्य में मन की वह चंचल स्थिति जो अकस्मात् इष्ट या अनिष्ट व्यक्ति या घटना के सामने उपस्थित होने पर होती है और जिसकी संचारी भावों	આવેગ	आवेग	agitation, flurry, excitement, zeal; impulse; one of the transitory emotions in literature.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		में गिनती होती है।			
आवेदक	पुं.	आवेदन करनेवाला, प्रार्थी।	આવેદક, ઉમેદવાર	आवेदक, उमेदवार,	applicant.
आवेदन	पुं.	1. निवेदन, प्रार्थना; 2. नम्रतापूर्वक किसीको कोई सूचना देना या कोई बात बतलाना।	આવેદન, અરજી	आवेदन, अरजी	application; addressing or apprising respectfully.
आवेदनपत्र	पुं.	किसी बड़े व्यक्ति की सेवा में भेजा जाने वाला वह पत्र जिसमें अपनी कोई बात या प्रार्थना लिखकर सूचित की गई हो, अर्जी, प्रार्थना-पत्र।	આવેદનપત્ર, અરજી	आवेदनपत्र, अरजी	application form.
आवेश	पुं.	मनोविकार की वह स्थिति जिसमें मनुष्य आगा-पीछा सोचे बिना कुछ कह देता है या कर डालता है, जोश, झोंक।	આવેશ	आवेश	frenzy, fit (of anger etc.), excitement.
आशंका	स्त्री.	1. अनिष्ट की संभावना से उत्पन्न चिंतापूर्ण मानसिक स्थिति, भय, खटका, खुटका; 2. शंका, संदेह।	આશંકા	आशंका	apprehension, fear; doubt, uncertainty.
आशय	पुं.	1. इरादा; 2. अभिप्राय, तात्पर्य; 3. शरीर के अन्दर थैली के आकार का कोई ऐसा अंग या अवकाश जिसमें कोई विशिष्ट क्रिया करनेवाला तत्व या शक्ति रहती हो।	આશય	आशय	intent, import, purpose; intention; receptacle, seat, place.
आशा	स्त्री.	किसी कार्य के भविष्य में पूरे हो जाने	આશા	आशा	hope, expectation.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		के संबंध में मन में उत्पन्न होनेवाला भाव, उम्मीद।			
आशातीत	वि.	आशा से अधिक, बहुत अधिक।	આશાતીત	आशातीत	beyond expectation or hope.
आशावाद	पुं.	वह लौकिक सिद्धान्त जिसके अनुसार इस संसार में सब दोषों और बुराइयों का नाश होगा और उन पर सद्‌गुणों और सद्‌भावों की विजय होगी।	આશાવાદ	आशावाद	optimism.
आशावादिता	स्त्री.	आशावादी होने की अवस्था या भाव।	આશાવાદ	आशावाद	state of being optimist.
आशावादी	पुं. वि.	आशावाद का अनुयायी। आशायुक्त, आशान्वित।	આશાવાદી	आशावादी	optimist. hopeful.
आशिक	वि.	इश्क या प्रेम करनेवाला, प्रेमी।	આશક, પ્રેમી	आशध, प्रेमी	lover, paramour.
आशिष (आसीस)	स्त्री.	बड़ों के द्वारा छोटों के कल्याण - मंगल की कामना, आशीर्वाद।	આશિષ	आशिष	blessing, benediction, act of bestowing blessing upon others.
आशीर्वचन	पुं.	आशीर्वाद।	આશીર્વચન	आशीर्वचन	benediction.
आशीर्वाद	पुं.	मंगल कामना के लिए बड़ों द्वारा कहे गए शुभवचन।	આશીર્વાદ	आशीर्वाद	saying or sending words of blessing.
आश्रय	पुं.	1. शरण, ठिकाना; 2. सहारा, अवलंब; 3. ठहरने आदि का सुरक्षित स्थान; 4. वह पदार्थ या व्यक्ति जिसमें किसी प्रकार के गुण या विशिष्टता	આશ્રય	आश्रय	shelter, refuge; support, protection; a place of refuge, asylum; the person or thing in which any quality or article

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		का निवास हो, गुण या विशिष्टता का आधार।			is inherent or retained or received.
आश्रित	वि.	किसी के सहारे ठहरा हुआ, टिका हुआ।	આશ્રિત	आश्रित	resting on, supported by, dependent on.
	पुं.	भरण-पोषण के लिए दूसरे के भरोसे रहनेवाला।			a ward, dependent, protege.
आश्वस्त	वि.	जिसे ढाढ़स बंधाया गया हो, जिसे आश्वासन मिला हो।	આશ્વસ્ત	आश्वस्त	assured, reassured.
आश्वासन	पुं.	1. किसी का कोई काम पूरा करने के लिए अथवा उस काम में सहायक होने के लिए दिया जानेवाला वचन;	આશ્વાસન	आश्वासन	assurance;
		2. कष्ट में पड़े हुए व्यक्ति को दिलासा या धैर्य देना।			consoling, encouraging, cheering up.
आश्विन	पुं.	भादों और कार्तिक के बीच में पड़नेवाला महीना, क्वार।	આશ્વિન, આસો	आश्विन, आसो	name of an Indian month (seventh one) during which moon is nearer to the constellation Ashvini.
आषाढ़	पुं.	ज्येष्ठ के बाद और सावन से पहले आनेवाला, महीना।	આષાઢ	आषाढ	the name of an Indian solar month, during which the sun is in Gemini, the first month of the rainy season and consequently of cultivation.
आसक्त	वि.	1. किसी के साथ बहुत अनुराग या प्रेम	આસક્ત	आसक्त	fascinated, strongly attached

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		करनेवाला, मोहित;			to, intent on, devoted or addicted to;
		2. किसी के साथ लगा हुआ या सटा हुआ;			attached, fixed to;
		3. लिप्त, लीन।			absorbed or engaged in, zealously following or pursuing.
आसक्ति	स्त्री.	मन का लगाव, अनुराग।	આસક્તિ	आसक्ति	attachment, love, fondness, devotedness.
आसन	पुं.	1. बैठने का कोई विशिष्ट ढंग, प्रकार या मुद्रा;	આસન	आसन	style or manner of sitting, posture;
		2. कुश और कपड़े आदि का बना हुआ वह चौकोर टुकड़ा जिस पर बैठते हैं।			a seat, a small carpet etc. for sitting.
आसन्न	वि.	1. निकटवर्ती, समीपस्थ;	આસન્ન	आसन्न	near, proximate, imminent;
		2. संलग्न, सटा हुआ।			adjacent, adjoining.
		3. इस प्रकार इधर-उधर या चारों ओर (फैला हुआ) कि कोई चीज या उसका कुछ अंश ढक जाए;			over;
		4. किसी के आधार या सहारे पर;			on;
		5. आदि या आरंभिक भाग में;			on the top of;
		6. उच्च वर्ग या श्रेणी में; उच्च या श्रेष्ठ स्थिति में;			upper (class);
		7. उत्तरदायित्व के रूप में;			upon, to one's responsibility;
		8. प्रत्यक्ष, बाहर या सामने।			against.
	वि.	1. औरों से बढ़कर, श्रेष्ठ, उत्तम;			superior;
		2. अधिक, ज्यादा।			more.
ऊपर-नीचे	अव्य.	1. एक के ऊपर एक, ऊपर-तले;	ઉપર-નીચે	उपर-नीचे	one upon another;
		2. एक के बाद एक (कालक्रम के विचार से)।			one after another.
ऊपरी	वि.	1. ऊपर की ओर होने या रहनेवाला, ऊपर का;	ઉપરનું;	उपरनुं;	upper, external;

हिंदी शब्द	व्या. श्रे.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. नियमित से भिन्न, अतिरिक्त;	વધારાનું;	वधारानुं;	extra;
		3. प्रस्तुत से असंबद्ध;	ફાલતું;	फालतुं;	superficial;
		4. औपचारिक, दिखावटी।	ઉપર-ઉપરનું	उपर-उपरनुं	formal, showy.
ऊब	स्त्री.	ऊबने की क्रिया या भाव, बेचैनी, विकलता।	કંટાળો	कंटाळो	feeling of aversion arising from continuous work, irksomeness, tedium, agitation, perplexity, uneasiness.
ऊबड़-खाबड़	वि.	ऊंचा-नीचा, अटपट, असमतल (मार्ग या स्थल)।	ઊંચું નીચું	ऊँचुं नीचुं	uneven, rugged.
ऊबना	अ. क्रि.	जी भर जाने के बाद किसी वस्तु विशेष में रुचि न रह जाना, मन में विरक्ति उत्पन्न होना।	કંટાળવું	कंटाळवुं	to be bored, to feel irked.
ऊर्जस्विता	स्त्री.	ऊर्जस्वी होने का भाव या अवस्था।	ઊર્જસ્વિતા	ऊर्जस्विता	quality of being energetic, vigour, vitality.
ऊर्जस्वी	वि.	जिसमें यथेष्ठ ऊर्जा हो, फलतः तेजस्वी और बलवान।	ઊર્જસ્વી	ऊर्जस्वी	full of vigour and vitality, powerful, strong, mighty.
ऊर्जा	स्त्री.	1. शक्ति, बल;	શક્તિ, ઊર્જા	शक्ति, ऊर्जा	power, vigour, strength;
		2. किसी वस्तु की वह शक्ति जो काम करने के समय उसमें लगती या व्यय होती है।			energy.
ऊर्ध्व	वि.	1. ऊपर की ओर सीधा गया हुआ, उदग्र;	ઊર્ધ્વ	ऊर्ध्व	vertical;
		2. ऊंचा;			high;
		3. खड़ा।			erect.
	क्रि. वि.	ऊपर की ओर, ऊपर।			upward.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
ऊर्ध्वगामी	वि.	1. ऊपर या ऊपर की ओर जानेवाला; 2. मुक्त होकर ऊपर या स्वर्ग की ओर जानेवाला।	ઊર્ધ્વગામી	ऊर्ध्वगामी	going or tending upwards; attaining emancipation.
ऊर्मि	स्त्री.	हलकी या छोटी लहर, तरंग।	ઊર્મિ	ऊर्मि	wave.
ऊल-जलूल	वि.	1. बेसिर पैर का, अंडबंड;	કઢંગું, અસંબદ્ધ;	कढंगु, असंबद्ध;	incoherent, absurd;
		2. बुद्धि, शिष्टता आदि से रहित, बेवकूफ और बेहूदा।	અનાડી, અશિષ્ટ	अनाडी, अशिष्ट	rude, foolish.
ऊष्मा	स्त्री.	गरम होने की अवस्था, गुण या भाव, ताप।	ઉષ્મા, ગરમી	उष्मा, गरमी	heat, warmth.
ऊसर	पुं.	ऐसी भूमि जिसकी मिट्टी में रेह की मात्रा बहुत अधिक होती है और इसीलिए जिसमें पेड़-पौधे नहीं उगते।	ઊખર, ઊષર	ऊखर, ऊषर	barren or fallow land.
ऊहा	स्त्री.	1. अनुमान, कल्पना, तर्क-वितर्क आदि द्वारा किसी बात का अर्थ या आशय जानना या समझना;	ઊહ	ऊह	guess, conjecture;
		2. दूर की कल्पना, दूरारूढ़ कल्पना।			far-fetched imagination.
ऊहापोह	पुं.	अनिश्चय की दशा में मन में होनेवाला तर्कवितर्क या सोच-विचार।	ઊહાપોહ	ऊहापोह	consideration of the pros and cons.
ऋजु	वि.	1. सीधा, जो टेढ़ा या मुड़ा हुआ न हो; 2. छलकपटरहित, ईमानदार, सरलहृदय।	ઋજુ	ऋजु	straight, which is not curved or bent; honest, straight, simple (fig.)
ऋजुता	स्त्री.	1. ऋजु होने की अवस्था या भाव, सरलता, सीधापन;	ઋજુતા	ऋजुता	straightness, rectitude;

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. छल-कपट आदि से दूर रहने की प्रवृत्ति, ईमानदारी, सज्जनता।			sincerity, honesty.
ऋण	पुं.	1. उधार लिया हुआ धन आदि, कर्ज;	ઋણ	ऋण	debt, loan;
		2. किसी का किया हुआ उपकार, एहसान;			obligation;
		3. गणित में, घटाने या बाकी निकालने का चिह्न (–)।			a negative quantity, minus (in Maths.).
ऋणग्रस्त	वि.	जिस पर ऋण या कर्ज हो, ऋण के भार से दबा हुआ।	દેવાદાર, ઋણગ્રસ્ત	देवादार, ऋणग्रस्त	involved in debt, indebted.
ऋणदाता	वि.	ऋण देनेवाला।	ધીરનાર, શરાફ	धीरनार, शराफ	creditor.
ऋणमुक्त	वि.	जिसने ऋण चुका दिया हो, उऋण।	ઋણમુક્ત	ऋणमुक्त	debt-free, free from debt.
ऋणी	वि.	1. कर्जदार, देनदार, अधपर्ण;	ઋણી	ऋणी	debtor;
		2. जिसपर किसी का उपकार या एहसान हो, अनुगृहीत, उपकृत।			indebted, under an obligation (to).
ऋतु	स्त्री.	1. गरमी, सरदी, वर्षा आदि के विचार से किसी देश या भूभाग की समय-समय पर बदलती रहनेवाली वातावरणिक स्थिति और उस स्थिति के अनुसार होनेवाला काल-विभाग;	ઋતુ	ऋतु	season;
		2. रजोदर्शन के उपरांत या वह समय जिसमें स्त्रियां गर्भधारण के योग्य होती हैं;			a period favourable for conception;
		3. स्त्रियों के मासिक धर्म या रजःस्राव के चार दिन।			menstruation.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
ऋतुकाल	पुं.	रजोदर्शन के उपरांत 16 दिनों का वह समय जिसमें स्त्रियां गर्भधारण के योग्य मानी गई हैं।	ઋતુકાળ	ऋतुकाळ	time of menstruation, time favourable for conception i.e. 16 nights from menstrual discharge.
ऋतुमती	वि. स्त्री.	1. स्त्री जिसे मासिक धर्म हुआ हो, रजस्वला; 2. वह स्त्री जिसके रजोदर्शन के उपरांत 16 दिन न बीते हों और फलतः जो गर्भधारण के योग्य हो।	ઋતુમતી	ऋतुमती	woman during the menstruation; woman who has not completed 16 days after the period and is fit for conception.
ऋतुराज	पुं.	ऋतुओं में सबसे अधिक आनन्ददायक ऋतु, बसंत ऋतु।	વસંત, ઋતુરાજ	वसंत, ऋतुराज	the spring.
ऋतुविज्ञान	पुं.	वह विज्ञान जिसमें वायुमंडल में होने वाले परिवर्तनों के आधार पर आंधी, वर्षा आदि के संबंध में भविष्यवाणी की जाती है।	ઋતુવિજ્ઞાન	ऋतुविज्ञान	meteorology.
ऋतुस्नान	पुं.	रजःस्राव की समाप्ति पर अर्थात्, चौथे दिन किया जानेवाला स्नान।	ઋતુસ્નાન	ऋतुस्नान	bathing after menstruation.
ऋद्धि	स्त्री.	1. धन-धान्य आदि की अधिकता या प्रचुरता, संपन्नता, समृद्धि; 2. सफलता, सिद्धि।	ઋદ્ધિ	ऋद्धि	prosperity; success.
ऋद्धि-सिद्धि	स्त्री.	सब प्रकार की समृद्धि और वैभव	ઋદ્ધિ-સિદ્ધિ	ऋद्धि-सिद्धि	wealth and prosperity.
ऋषि	पुं.	1. वेदमंत्रों का प्रकाश करनेवाला महापुरुष, मंत्रद्रष्टा;	ઋષિ	ऋषि	sage by whom a Vaidic Mantra is supposed to be composed, recited or remembered,

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
					seer of Vaidic mantras;
		2. आध्यात्मिक और भौतिक तत्वों का साक्षात्कार करनेवाला ज्ञानी, दूरदर्शी तथा त्यागी महापुरुष।			sage.
एक	पुं.	इकाइयों में पहली संख्या।	એક	एक	one, a, the number one.
	वि.	अपूर्व, अनुपम।			single of its kind, unique, singular.
एक-आध	वि.	बहुत कम।	એકાદ	एकाद	few, one or two.
एकक	पुं.	इकाई।	એકમ	एकम	unit.
एकच्छत्र	वि.	जिसमें दूसरे का प्रभुत्व न हो।	એકછત્ર	एकछत्र	having only one (royal) umbrella, ruled by one king solely.
एकटक	क्रि. वि.	अनिमेष।	એકીટસે, અનિમેષ	एकीटसे, अनिमेष	without blinking.
एकड़	पुं.	जमीन की एक पाश्चात्य नाप।	એકર	एकर	acre.
एकतरफा (इकतरफा)	वि.	एकपक्षीय	એકતરફી	एकतरफी	unilateral, one-sided.
एकता	स्त्री.	1. मेल; 2. समानता।	એકતા	एकता	unity, oneness; similarity.
एकतान	वि.	एकचित, तन्मय।	એકતાન	एकतान	directed to one object only, having the mind fixed on one object only, closely attentive.
एकतारा (इकतारा)	पुं.	एक तार का बाजा।	એકતારો	एकतारो	one-stringed folk musical instrument.

हिंदी शब्द	व्या॰ को॰	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
एकताल	वि.	जिसमें ताल और सुर का पूरा मेल हो।	એકતાલ	एकताल	harmony, unison (of song, dance and instrumental music).
एकत्र	क्रि. वि.	इकट्ठा, जमा।	એકત્ર	एकत्र	together, in one place.
एकत्रित	वि.	इकट्ठा किया हुआ।	એકત્ર, એકત્રિત	एकत्र, एकत्रित	collected, accumulated.
एकत्व	पुं.	एकता।	એકતા	एकता	oneness, unity.
एकदम	अ.	1. तुरंत; 2. बिलकुल।	એકદમ	एकदम	in one instant; quite, all, wholly.
एकदेशी	वि.	1. एक ही देश का; 2. एक ही पक्ष के लिए ठीक।	એકદેશીય	एकदेशीय	belonging to the same place or country; unilateral.
एकनिष्ठ	वि.	एक पर ही श्रद्धा रखनेवाला।	એકનિષ્ઠ	एकनिष्ठ	intently devoted or loyal (to one thing).
एकपक्षीय	वि.	1. किसी एक पक्ष, दल या अंग से संबंध रखनेवाला; 2. एकतरफा।	એકપક્ષીય	एकपक्षीय	unilateral; one-sided or ex parte.
एकपत्नीव्रत	पुं.	विवाहिता पत्नी के सिवा और किसी स्त्री से प्रेम न करनेवाला।	એકપત્નીવ્રત	एकपत्नीव्रत	attached to one wife only, not marrying or loving another woman.
एकप्राण	वि.	एकजान।	એકપ્રાણ	एकप्राण	completely mixed or identified.
एकबारगी	अ.	एक ही बार में।	એક જ સાથે	एक ज साथे	all at once, suddenly.
एकमंजिला	वि.	एक मंजिलवाला (मकान)।	એકમંજિલું	एकमंजिलुं	having only one storey, one storeyed.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
एकमत	वि.	समान मत रखनेवाला।	એકમત	एकमत	unanimous.
	पुं.	मत की एकता, मतैक्य।			concord.
एकमुश्त	अ.	इकट्ठा, जो एक ही बार में किसी को दिया जाए।	એકસાથે, સામટું	एक साथे, सामटुं	altogether, in lump sum.
एकरस	वि.	1. जो आदि से अंत तक एक सा हो, बिलकुल एक ही तरह का;	એકરસ	एकरस	similar, alike;
		2. जो मिलकर एक हो गया हो।			completely mixed or identified.
एकरसता	स्त्री.	एकरस होने का भाव।	એકરસતા	एकरसता	state of oneness.
एकरूप	वि.	1. समान रूपवाला;	એકરૂપ	एकरूप	having the same shape, form or appearance;
		2. विकाररहित।			invariable.
एकरूपता	स्त्री.	एकरूप होने का भाव।	એકરૂપતા	एकरूपता	uniformity, invariableness.
एकल	वि.	1. अकेला;	એકલું ;	एकलुं;	alone, solitary, single;
		2. अनुपम।	અનુપમ	अनुपम	matchless.
एकवचन	वि.	एक का वाचक।	એકવચન	एकवचन	singular.
एकसूत्रता	स्त्री.	एक रूप में परस्पर संबद्ध होने का भाव।	એકવાક્યતા	एकवाच्यता	co-ordination, the state of being well-knit.
एकस्व	पुं.	एकमात्र अधिकार।	એકાધિકાર	एकाधिकार	patent.
एकांकी	पुं.	वह छोटा नाटक जिसमें कई दृश्यों का एक ही अंक हो।	એકાંકી	एकांकी	one-act play.
	वि.	एक अंकवाला।			
एकांगी	वि.	एकपक्षीय।	એકાંગી	एकांगी	one-sided.
एकांत	वि.	निर्जन।	એકાંત	एकांत	uninhabited.
	पुं.	निर्जन स्थान।			secluded or solitary place.
एकांतवास	पुं.	एकांत स्थान में रहना।	એકાંતવાસ	एकांतवास	living in a secluded or solitary place.

हिंदी शब्द	व्या॰ को॰	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
एका	पुं.	एकता।	એકતા	एकता	unity, oneness, solidarity.
एकाएक	क्रि. वि.	अचानक, सहसा।	એકાએક	एकाएक	all of a sudden, at once.
एकाकार	वि.	एकरूप।	એકાકાર	एकाकार	of the same form, similar, identical, uniform, alike.
एकाकी	वि.	अकेला।	એકાકી	एकाकी	alone, solitary.
एकाकीपन	पुं.	अकेलापन।	એકલતા	एकलता	loneliness.
एकाग्र	वि.	दत्तचित्त, तन्मय।	એકાગ્ર	एकाग्र	closely attentive, absorbed.
एकाग्रता	स्त्री.	एकाग्र होने का भाव।	એકાગ્રતા	एकाग्रता	close and undisturbed attention.
एकात्म	वि.	अभिन्न, एकप्राण।	એકાત્મ	एकात्म	identified, unified, the one spirit.
एकात्मता	स्त्री.	1. एकता; 2. अभेद।	એકાત્મતા	एकात्मता	unity; identity.
एकादशी	स्त्री.	प्रत्येक चांद्र मास के शुक्ल और कृष्ण पक्ष की ग्यारहवीं तिथि।	એકાદશી	एकादशी	the eleventh day of a lunar fortnight. (on which religious fasting is resorted to).
एकाधिकार	पुं.	एक या अकेले आदमी का अधिकार।	એકાધિકાર	एकाधिकार	monopoly.
एकाधिपत्य	पुं.	1. पूर्ण प्रभुत्व; 2. एकाधिकार।	આધિપત્ય, એકાધિપત્ય	आधिपत्य, एकाधिपत्य	absolute sovereignty; monopoly.
एकार्थक	वि.	एक ही अर्थ का, समानार्थक।	સમાનાર્થી	समानार्थी	having the same meaning, denoting the same thing, synonymous.
एकीकरण	पुं.	1. दो या अधिक वस्तुओं,	એકીકરણ	एकीकरण	amalgamation;

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		संस्थाओं आदि को मिलाकर एक कर देने की प्रक्रिया या भाव; 2. दो या दो से अधिक व्यक्तियों, दलों आदि में एकता या ऐक्य स्थापित करना।			unification.
एकेश्वरवाद	पुं.	वह सिद्धांत जिसमें एक ही ईश्वर माना जाता है।	એકેશ્વરવાદ	एकेश्वरवाद	monotheism.
एक्सरे	पुं.	बिजली की विशेष किरणें जिनकी सहायता से शरीर जैसे ठोस पदार्थ के भीतर के भागों का चित्र लिया जा सकता है।	એકસ-રે, ક્ષ-કિરણ	एकसरे, क्ष-किरण	X-ray.
एजेंट	पुं.	अभिकर्ता,किसी की ओर से, उसके प्रतिनिधि के रूप में काम करनेवाला।	એજન્ટ	एजन्ट	agent.
एजेंसी	स्त्री.	एजेंट का पद, कार्य या कार्यक्षेत्र।	એજન્સી	एजन्सी	agency.
एड़	स्त्री.	1. एड़ी; 2. घोड़े को एड़ी लगाना या एड़ी मारना।	એડી	एडी	heel; spur.
एड़ी	स्त्री.	टखने के नीचे का भाग।	એડી	एडी	heel.
एतबार	पुं.	विश्वास, प्रतीति।	ઇતબાર, વિશ્વાસ	इतबार, विश्वास	confidence, trust, belief.
एतराज	पुं.	1. विरोध; 2. आपत्ति।	વાંધો, વિરોધ	वांधो, विरोध	opposition; objection.
एरंड	पुं.	रेंड।	એરંડો	एरंडो	the castor oil plant.
एलान	पुं.	सार्वजनिक घोषणा।	એલાન, જાહેરાત	एलान, जाहेरात	announcement, proclamation, declaration.
एवं	अ., क्रि. वि.	1. इस प्रकार;	એમ;	एम ;	thus, in this way, in such a manner;

हिंदी शब्द	व्या॰ को॰	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. और।	અને	अने	and.
एवज	पुं.	1. प्रतिफल; 2. बदला, प्रतिकार; 3. दूसरे की जगह पर कुछ काल तक काम करनेवाला, स्थानापन्न।	અવેજ	अवेज	return; revenge; substitute, in lieu of, officiating.
एवजी	वि.	बदले में काम करनेवाला।	અવેજી	अवेजी	substitute, officiating, acting (for).
एवमस्तु	अ.	ऐसा हो।	તથાસ્તુ	तथास्तु	be it so, amen.
एषणा	स्त्री.	1. इच्छा, चाह; 2. याचना।	એષણા	एषणा	impulse, desire; request.
एहतियात	स्त्री.	1. परहेज, बचाव; 2. चौकसी, सावधानी।	પરેજ ; સાવચેતી, ખબરદારી	परेज; सावचेती, खबरदारी	precaution; carefulness.
एहतियाती	वि.	एहतियात संबंधी, एहतियात के रूप में या सावधानी के विचार से किया जानेवाला।	સાવચેતીપૂર્વકનું	सावचेतीपूर्वकनुं	precautionary.
एहसान	पुं.	नेकी, उपकार।	અહેસાન, ભલાઈ	अहेसान, भलाई	goodness, virtue, act of kindness; favour, obligation.
एहसानमंद	वि.	एहसान माननेवाला।	આભારી	आभारी	grateful.
एहसास	पुं.	अनुभव।	અનુભવ	अनुभव	feeling.
ऐंचना	स. क्रि.	खींचना।	ખેંચવું	खेंचवुं	to pull.
ऐंचातानी	स्त्री.	अपनी-अपनी ओर खींचने की कोशिश।	ખેંચાતાણી	खेंचाताणी	tugging and pulling, struggle.
ऐंठ	स्त्री.	1. अकड़; 2. खिचाव; 3. बल, मरोड़।	એંટ	एंट	obstinacy; tension, tightness; twist, twine, convolution.
ऐंठन	स्त्री.	मरोड़।	વળ	वळ	twist, convolution.

हिंदी शब्द	व्या॰ को॰	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
ऐंठना	अ. क्रि.	1. बल पड़ने के कारण मुड़ना या संकुचित होना;	આંબળવું; વળ આપવો;	आंबळवुं; वळ आपवो;	to twist;
		2. अकड़ दिखाना।	એંટ બતાવવી	एंट बतावबी	to be conceited.
	स. क्रि.	1. मरोड़ना, 2. धोखा देकर लेना।	મરોડવું; દગો દઈને લેવું	मरोडवुं; दगो दईने लेवुं	twist, to wriggle; to extort, to take by force or fraud.
ऐंद्रजालिक	वि.	इंद्रजाल करनेवाला, या इंद्रजाल से संबंधित।	ઐન્દ્રજાલિક	ऐन्द्रजालिक	familiar with or relating to magic, magical.
	पुं.	जादूगर।	જાદુગર	जादुगर	a juggler, magician.
ऐंद्रिय	वि.	इंद्रिय-संबंधी।	ઐન્દ્રિય	ऐन्द्रिय	relating to the senses.
ऐकांतिक	वि.	विशेषरूप से किसी एक ही विषय, व्यक्ति आदि से संबंध रखनेवाला।	એકાંતિક	एकांतिक	exclusive.
ऐकमत्य	पुं.	एकराय होना।	એકમતી	एकमती	unanimity.
ऐक्य	पुं.	एकता, एक होने की अवस्था या भाव।	ઐક્ય	ऐक्य	oneness, unity.
ऐच्छिक	वि.	अपनी इच्छा पर अवलंबित, वैकल्पिक।	ઐચ્છિક	ऐच्छिक	at will, optional.
ऐतिहासिक	वि.	इतिहास संबंधी।	ઐતિહાસિક	ऐतिहासिक	historical.
	पुं.	इतिहास का ज्ञाता।	ઇતિહાસકાર	इतिहासकार	historian.
ऐन	वि.	ठीक।	બરાબર, ચોક્કસ	बराबर, चोक्कस	exact.
ऐनक	स्त्री.	चश्मा।	ચશ્માં	चश्मां	spectacles.
ऐब	पुं.	1. दोष; 2. लांछन।	ઐબ, દોષ	ऐब, दोष	fault, defect; blemish, stigma.
ऐयाश	वि.	विलासी।	વિલાસી	विलासी	debauch, sensual, given to luxury.
ऐरा-गैरा	वि.	1. इधर-उधर का;	ગમે તે, અજાણ્યું;	गमे ते, अजाण्युं;	Tom, Dick and Harry, this one and that one;
		2. तुच्छ।	તુચ્છ	तुच्छ	petty,

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
					contemptible, insignificant, trivial.
ऐश	पुं.	1. सुख; 2. विलास।	એશઆરામ	एशआराम	happiness,comfort; luxury, pleasure, revelry.
ऐश्वर्य	पुं.	1. धन-संपत्ति, वैभव; 2. प्रभुत्व, शक्ति।	ઐશ્વર્ય	ऐश्वर्य	wealth; supremacy, power.
ऐसा	वि.	इस तरह का।	આવું, આ પ્રકારનું	आवुं, आ प्रकारनुं	so, such, of this type.
ऐसे	क्रि.वि.	इस ढंग से।	આમ, આ રીતે	आम, आ रीते	such, in this way, thus.
ऐहिक	वि.	सांसारिक, लौकिक।	ઐહિક	ऐहिक	of this world, worldly.
ओंगना	स.क्रि.	गाड़ी की धुरी में तेल देना।	ઊંજવું	ऊंजवुं	to lubricate the axle of the wheel of a cart.
ओंठ	पुं.	होंठ।	હોઠ	होठ	lip.
ओक	पुं.	1. अंजली;	અંજલી	अंजली;	hollow of palm/ palms formed into a cup (for drinking water);
		2. मकान, निवास-स्थान; 3. नक्षत्रों का मेल।	મકાન; નક્ષત્રોનો મેળ	मकान; नक्षत्रोनो मेळ	house, dwelling; conjunction of heavenly bodies.
	स्त्री.	मतली।	ઊલટી	ऊलटी	vomit.
ओकना	अ. क्रि.	1. कै करना;	ઓકવું;	ओकवुं;	to vomit;
		2. भैंसे की तरह चिल्लाना।	આરડવું	आरडवुं	to cry like a buffalo.
ओकाई	स्त्री.	मतली।	ઊલટી	ऊलटी	vomiting.
ओखली	स्त्री.	पत्थर या काठ का वह पात्र जिसमें अन्नादि कूटते हैं।	ખાંડણિયો	खांडणियो	mortar to pound grain.
ओछा	वि.	1. तुच्छ;	ઓછું;	ओछुं;	contemptible,

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
					insignificant, trivial;
		2. छिछोरा;			mean, trifling, petty;
		3. गंभीरता-रहित।	અગંભીર	अगंभीर	non-serious.
ओछापन	पुं.	ओछा होने की अवस्था या भाव।	હલકાપણું	हलकापणुं	shallowness, meanness.
ओज	पुं.	1. वह सक्रिय शारीरिक शक्ति जिसके आधार पर प्राणी जीवित रहते हैं तथा परिश्रम-साहस आदि के काम करते हैं;	ઓજ	ओज	vigour, vitality;
		2. काव्य का एक गुण।			(lit.) quality of energetic and vigorous expression.
ओजस्विता	स्त्री.	1. दीप्ति; 2. प्रभाव।	ઓજસ્વિતા	ओजस्विता	splendour, lustre; effect.
ओजस्वी	वि.	1. शक्तिवान;	ઓજસ્વી	ओजस्वी	vigorous, energetic;
		2. प्रभावशाली।			powerful.
ओझल	वि.	अदृश्य, छिपा हुआ।	ઓઝલ, અદૃશ્ય	ओझल, अदृश्य	invisible, out of sight.
ओझा	पुं.	1. झाड़-फूंक करनेवाला;	ભૂવો ;	भूवो;	wizard, one who cures by the magic of charms;
		2. ब्राह्मणों की एक जाति।	ઓઝા	ओझा	a caste among Brahmins.
ओट	स्त्री.	1. आड़;	આડ;	आड;	cover, veil;
		2. शरण।	ઓથ	ओथ	shelter.
ओटना	स. क्रि.	1. कपास से बिनौले को अलग करना;	લોઢવું;	लोढवुं;	to gin, to separate the seed from cotton;
		2. किसी बात को बारबार कहना;	એકની એક વાત કર્યા કરવી;	अेकनी अेक बात कह्या करवी;	to go on repeating one's own words

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. अपने जिम्मे लेना।	માથે લેવું	माथे लेवुं	(whether heard or unheard by others); to take responsibility.
ओटनी	स्त्री.	वह चरखी जिससे दबाकर कपास से बिनौले अलग करते हैं।	લોઢવાનો ચરખો	लोढवानो चरखो	instrument for separating the seeds from cotton.
ओढ़ना	स. क्रि.	1. किसी कपड़े आदि से बदन को ढकना;	ઓઢવુ	ओढवुं	to cover the body with sheet or mantle, to put on;
		2. जिम्मा लेना।			to take responsibility.
	पुं.	तन ढकने के लिए ऊपर से डाला जानेवाला वस्त्र।	ઓઢણું	ओढणुं	covering, cloak etc.
ओढ़नी	स्त्री.	स्त्रियों के ओढ़ने का वस्त्र।	ઓઢણી	ओढणी	woman's sheet or mantle sheet, covering.
ओढ़ाना	स. क्रि.	(दूसरे को) कपड़े से ढकना।	ઓઢાડવું	ओढाडवुं	to cover with cloth etc.
ओत-प्रोत	वि.	1. भरा हुआ, लबालब;	ઓતપ્રોત	ओतप्रोत	full of, full to the brim;
		2. बिल्कुल मिला हुआ।			well mixed, worp and weft.
ओर	स्त्री.	1. दिशा; 2. पक्ष।	બાજુ	बाजु	direction; side.
ओर-छोर	स्त्री	आदि-अंत।	આદિ-અંત	आदि-अंत	beginning and end.
ओला	पुं.	बादलों से गिरनेवाले बर्फ के टुकड़े।	કરા	करा	hailstone.
	वि.	बहुत ठंडा।	ખૂબ ઠંડું	खूब ठंडुं	very cold.
ओषधि	स्त्री.	1. दवा; 2. जड़ीबूटी जो दवा में काम आए।	ઔષધિ	औषधि	medicine, drug; herb (esp. any medicinal herb).

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
ओष्ठ	पुं.	होंठ।	હોઠ, ઓષ્ઠ	होठ, ओष्ठ	lip.
ओस	स्त्री.	हवा की भाप जो रात को जलकण के रूप में जमीन पर गिरती है।	ઝાકળ	झाकळ	dew.
ओसीना	स. क्रि.	झाड़े हुए अनाज को हवा में उड़ाकर दाने को भूसे आदि से अलग करना।	ઊપણવું	ऊपणवुं	to fan, to winnow.
ओह	अ.	दुःख या आश्चर्यसूचक शब्द।	ઓહ	ओह	oh! ha! (an exclamation of pain, distress etc.) pshaw, etc.
ओहदा	पुं.	किसी विभाग के किसी कर्मचारी या कार्यकर्त्ता का पद।	હોદ્દો	होद्दो	post, rank, status, designation.
औंधना	अ. क्रि.	उलट जाना।	ઊલટાવું	ऊलटावुं	to be overturned, to be upset.
औंधा	वि.	जिसका मुंह नीचे की ओर हो।	ઊંધું	ऊँधुं	upside down, overturned.
औकात	स्त्री.	हैसियत।	ઓકાત	ओकात	status (financial or social), ability.
औघड़	वि.	1. अनगढ़ और भद्दा, अंड-बंड;	ઓઘડ;	ओघड;	awkward, absurd;
		2. गंदा (आदमी)।	ગંદું	गंदु	dirty, uncouth (person).
औचित्य	पुं.	1. उचित होने का भाव;	ઔચિત્ય	औचित्य	appropriateness, propriety;
		2. उपयुक्तता।			suitability.
औज़ार	पुं.	काम करने का साधन, उपकरण।	ઓજાર	ओजार	instrument.
औटन	स्त्री.	औटने की क्रिया।	ઉકાળો, ઊકળવાની ક્રિયા	उकाळो, ऊकळवानी क्रिया	boiling, evaporation by boiling.
औटना	अ.क्रि.	खौलना, देर तक उबलना।	(લાંબા સમય સુધી) ઉકાળવું	(लांबा समय सुधी) उकाळवुं	to boil for a longer time.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
औटाना	स. क्रि.	आंच देकर गाढ़ा करना, खौलाना।	ઉકાળવું, ધીમે ઉકાળીને ગાઢું કરવું	उकाळवुं, धीमे उकाळीने गाढुं करवुं	to keep milk etc. on slow fire till it is condensed.
औत्सुक्य	पुं.	दे. 'उत्सुकता'।	જુ. 'ઉત્સુકતા'	जु. 'उत्सुकता'	see 'उत्सुकता'.
औदार्य	पुं.	दे. 'उदारता'।	જુ. 'ઉદારતા'	जु. 'उदारता'	see 'उदारता'.
औद्योगिक	वि.	उद्योग संबंधी।	ઔદ્યોગિક	औद्योगिक	pertaining to industry, industrial.
औद्योगिकीकरण	पुं.	उद्योग-धंधों की उन्नति करने, नये कारखाने आदि खोलने की क्रिया।	ઉદ્યોગીકરણ	उद्योगीकरण	industrialization.
औपचारिक	वि.	जो केवल दिखावे के लिए हो, शिष्टाचारवश अथवा नियमानुसार किया जानेवाला।	ઔપચારિક	औपचारिक	formal.
औपचारिकता	स्त्री.	औपचारिक होने की क्रिया या भाव, तकल्लुफ।	ઔપચારિકતા	औपचारिकता	formality.
औपनिवेशिक	वि.	उपनिवेश में होने अथवा उससे संबंध रखनेवाला, उपनिवेश का।	સંસ્થાનને લગતું	संस्थानने लगतुं	colonial.
औपन्यासिक	वि.	उपन्याससंबंधी।	નવલકથા સંબંધી	नवलकथा संबंधी	pertaining to a novel.
और	अ.	1. दो शब्दों या वाक्यों को जोड़नेवाला शब्द, तथा।	અને	अने	and, also, but.
	वि.	दूसरा।	બીજું	बीजुं	other.
	क्रि. वि.	अधिक।	વધુ	वधु	more.
औरत	स्त्री.	1. स्त्री; 2. पत्नी।	ઓરત	ओरत	woman; wife.
औरस	वि.	विवाहिता पत्नी से उत्पन्न, वैध (संतान)।	ઔરસ	औरस	legitimately born, legitimate (child).
औलाद	स्त्री.	1. संतान; 2. वंशज।	ઓલાદ	ओलाद	issue, offspring; descendants.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
औलिया	पुं.	पहुंचा हुआ मुसलमान फकीर।	ઔલિયો	ओलियो	a saint (particularly of Mohamadans).
औषध	पुं.	दे. 'औषधि'।	જુ. 'ઔષધિ'	जु. 'औषधि'	see 'औषधि'.
औषधालय	पुं.	दवाखाना, अस्पताल।	ઔષધાલય	औषधालय	dispensary, hospital.,
औषधि	स्त्री.	1. दवा; 2. जड़ी-बूटी जो दवा में काम आए।	ઔષધિ	औषधि	medicine, drug; a medicinal herb.
औसत	पुं.	1. बीच का; 2. साधारण; 3. माध्य।	સરેરાશ	सरेराश	medium; average; mean.
कंकड़	पुं.	पत्थर का छोटा टुकड़ा।	કાંકરો, કંકર	कांकरो, कंकर	pebble, gravel, a small piece of stone.
कंकड़ीला	वि.	1. कंकड़ से भरा या बना हुआ; 2. (मार्ग) जिसमें कंकड़ पड़े या बिछे हों।	કાંકરાળુ	कांकराळु	abounding in gravel, gravely; stony (path).
कंकण	पुं.	1. सोने या चांदी का कलाई में पहनने का आभूषण, कड़ा; 2. विवाह के पहले वर-कन्या के हाथ में बांधा जानेवाला धागा।	કંકણ	कंकण	an ornament for the wrist, a bracelet of gold or silver; a band or ribbon (tied round the wrist of a bride or bridegroom before marriage).
कंकाल	पुं.	अस्थिपंजर, हड्डियों का ढांचा।	હાડપિંજર	हाडपिंजर	a skeleton.
कंखौरी	स्त्री.	1. कांख; 2. कांख या बगल में होने वाला फोड़ा।	કાંખ; બગલમાં થતો ફોલ્લો	कांख; बगलमां थतो फोल्लो	armpit; boil or inflamed swelling in the armpit, bubo.
कंगन	पुं.	दे. 'कंकण'।	જુ. 'કંકણ'	जु.'कंकण'	see 'कंकण'

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
कंगनी	स्त्री.	1. छोटा कंगन;	નાનું કંકણ;	नानुं कंकण;	small bracelet;
		2. दीवारों के ऊपरी भाग में (छत के पास) शोभा के लिए उभार कर निकाली हुई पट्टी या लकीर;	કાંગરી;	कांगरी;	ornamental and projecting line along a wall or around a column etc.;
		3. गोल चक्कर जिसके बाहरी किनारों पर नुकीले कंगूरे हों।	દાંતાવાળું ગોળ ચક્કર	दांतवाळ गोळ चक्कर	circular fringe.
कंगाल	पुं.	अभाव से पीड़ित, अति निर्धन।	કંગાલ	कंगाल	penurious, pauper, poor.
कंगाली	स्त्री.	निर्धनता।	કંગાલિયત	कंगालियत	misery, poverty, penury.
कंगूरा	पुं.	1. गुंबद, बुर्ज;	કાંગરો;	कांगरो;	dome;
		2. पुरानी इमारत की चारदीवारी में बने हुए छोटे-छोटे बुर्ज, जिसमें खड़े होकर सिपाही आक्रमणकारियों से लड़ते थे।	કિલ્લાનો બુરજ	किल्लानो बुरज	an ornamental cornice, niched battlement (of a castle), tower.
कंघा	पुं.	1. बाल संवारने-सुलझाने का दानेदार आला;	કાંસકો;	कांसको;	comb;
		2. जुलाहों का एक औजार।	ફણી	फणी	comb shaped appliance for weaving.
कंघी	स्त्री.	1. छोटा कंघा;	કાંસકી;	कांसकी;	a small comb;
		2. जुलाहों का एक औजार जिससे करघे पर सूत बैठाए जाते हैं।	ફણી	फणी	a weavers' comb-shaped appliance.
कंचन	पुं.	सोना	કંચન	कंचन	gold.
कंचुक	पुं.	1. जामे या अचकन की तरह का एक पुराना पहनावा जो घुटनों तक लंबा होता था;	જામો;	जामो;	dress fitting close to the upper part of the body;
		2. स्त्रियों की अंगिया या चोली;	ચોળી;	चोळी;	bodice;

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
कंगनी	स्त्री.	1. छोटा कंगन;	નાનું કંકણ;	नानुं कंकण;	small bracelet;
		2. दीवारों के ऊपरी भाग में (छत के पास) शोभा के लिए उभार कर निकाली हुई पट्टी या लकीर;	કાંગરી;	कांगरी;	ornamental and projecting line along a wall or around a column etc.;
		3. गोल चक्कर जिसके बाहरी किनारों पर नुकीले कंगूरे हों।	દાંતાવાળું ગોળ ચક્કર	दांतवाळ गोळ चक्कर	circular fringe.
कंगाल	पुं.	अभाव से पीड़ित, अति निर्धन।	કંગાલ	कंगाल	penurious, pauper, poor.
कंगाली	स्त्री.	निर्धनता।	કંગાલિયત	कंगालियत	misery, poverty, penury.
कंगूरा	पुं.	1. गुंबद, बुर्ज;	કાંગરો;	कांगरो;	dome;
		2. पुरानी इमारत की चारदीवारी में बने हुए छोटे-छोटे बुर्ज, जिसमें खड़े होकर सिपाही आक्रमणकारियों से लड़ते थे।	કિલ્લાનો બુરજ	किल्लानो बुरज	an ornamental cornice, niched battlement (of a castle), tower.
कंघा	पुं.	1. बाल संवारने-सुलझाने का दानेदार आला;	કાંસકો;	कांसको;	comb;
		2. जुलाहों का एक औजार।	ફણી	फणी	comb shaped appliance for weaving.
कंघी	स्त्री.	1. छोटा कंघा;	કાંસકી;	कांसकी;	a small comb;
		2. जुलाहों का एक औजार जिससे करघे पर सूत बैठाए जाते हैं।	ફણી	फणी	a weavers' comb-shaped appliance.
कंचन	पुं.	सोना	કંચન	कंचन	gold.
कंचुक	पुं.	1. जामे या अचकन की तरह का एक पुराना पहनावा जो घुटनों तक लंबा होता था;	જામો;	जामो;	dress fitting close to the upper part of the body;
		2. स्त्रियों की अंगिया या चोली;	ચોળી;	चोळी;	bodice;

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. सांप की केंचुली।	સાપની કાંચળી	सापनी कांचळी	skin of a snake.
कंचुकी	पुं.	राजाओं के अंत:पुर का रक्षक।	કંચુકી	कंचुकी	attendant or overseer of the women's apartment, chamberlain.
कंजर	पुं.	एक खानाबदोश जाति जो अपने बालबच्चों के साथ घर का सारा सामान लादकर देशभर में घूम फिर कर जीवन बिताती है।	એક રખડુ જાતિ, જિપ્સી	एक रखडु जाति, जिप्सी	gypsy.
कंजरी	स्त्री.	1. कंजर जाति की स्त्री;	કંજર જાતિની સ્ત્રી;	कंजर जाति नी स्त्री;	a woman of the Kanjar caste;
		2. वेश्या।	વેશ્યા	वेश्या	prostitute.
कंजा	पुं.	एक कंटीली झाड़ी जिसकी फली औषध के काम आती है।	દવાના કામમાં આવતી એક કાંટાળી ઝાડી	दवा ना काम मां आवती एक कांटाळी झाडी	a thorny bush used in medicine;
	वि.	1. कंजे रंग का;	રાખોડિયા રંગનું;	राखोडिया रंग नुं;	dark blue colour;
		2. कंजी आंखों वाला।	ભૂખરી આંખવાળું	भूखरी आंखवाळुं	blue-eyed.
कंजूस	वि.	कृपण।	કંજૂસ	कंजूस	miserly, miser.
कंजूसी	स्त्री.	कृपणता।	કંજૂસાઈ	कंजूसाई	miserliness.
कंटक	पुं.	1. कांटा;	કંટક	कंटक	thorn;
		2. विघ्न।			obstruction, hindrance.
कंटकाकीर्ण	वि.	1. कांटों से भरा हुआ;	કંટકછાયો	कंटकछायो	full of thorns;
		2. जिसमें बहुत सी कष्टप्रद बाधाएँ हों।			thorny.
कंटीला	वि.	1. जो कांटों से युक्त हो;	કાંટાવાળું	कांटावाळुं	thorny;
		2. जिसमें कांटे जड़े या लगे हुए हों।			barbed.
कंठ	पुं.	1. गला;	કંઠ	कंठ	throat, neck;
		2. गले से निकला हुआ स्वर।			voice.
कंठस्थ	वि.	याद किया हुआ।	કંઠસ્થ	कंठस्थ	learnt by heart.

हिंदी शब्द	व्या॰ को॰	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
कंठहार	पुं.	गले में पहनने का सोने या चांदी का आभूषण।	કંઠહાર	कंठहार	necklace.
कंठा	पुं.	1. बड़े मनकों की माला जो गले से लगी रहती है;	મોટી કંઠી;	मोटी कंठी;	necklace or rosary of large beads;
		2. तोते आदि के गले की रंगीन रेखा।	કાંઠલો	कांठलो	coloured line on the neck of a parrot etc., collar.
कंठाग्र	वि.	कंठस्थ, जो जबानी याद किया गया हो।	મોઢે	मोढे	learnt by heart, on the tip of the tongue.
कंठी	स्त्री.	1. छोटी गुरियों की माला;	કંઠી	कंठी	short necklace formed of beads;
		2. तुलसी के छोटे दानों की छोटी माला जो वैष्णवत्व का प्रधान चिह्न है।			string of small beads of Tulsi worn esp. by Vaishnavas as a matter of faith.
कंडा	पुं. (स्त्री. कंडी)	वह गोबर जिसे आग जलाने के लिए सुखाया गया हो।	છાણું	छाणुं	dry cow-dung used for fuel.
कंद	पुं.	वह जड़ जो गूदेदार और बिना रेशे की हो।	કંદમૂળ	कंदमूळ	a bulbous or tuberous root.
कंदमूल	पुं.	एक पौधा जिसकी जड़ उबालकर तरकारी बनाई जाती है।	કંદમૂળ	कंदमूळ	an edible root.
कंदरा	स्त्री.	गुफा, खोह।	કંદરા	कंदरा	cave, cavern.
कंदील (कंडील)	पुं.	1. लालटेन;	કંદીલ, ફાનસ	कंडील, फानस	lantern;
		2. एक पुराना आधान जिसमें दीपक जलाकर लटकाया जाता है।			a lantern made of clay, paper or mica.
कंदुक	पुं.	गेंद।	દડો	दडो	ball.
कंधा	पुं.	मनुष्य के शरीर की बांह का वह ऊपरी भाग या	ખભો	खभो	shoulder.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		जोड़, जो गले के नीचे धड़ से जुड़ा रहता है।			
कंपकंपी	स्त्री.	भय, शीत आदि के कारण शरीर में होने वाला कंपन या थर्राहट, जिसमें एक प्रकार की स्वरता होती है, कंपन।	ધ્રુજારી, કંપન	ध्रुजारी, कंपन	quiver, shiver
कंपन	पुं.	1. कांपने या थरथराने की क्रिया या भाव; 2. किसी वस्तु का कुछ देर तक निरंतर हिलते डुलते या कांपते रहना।	કંપન	कंपन	trembling; vibration.
कंपनी	स्त्री.	कुछ व्यक्तियों के द्वारा मिलजुलकर स्थापित की हुई कोई व्यापारिक मंडली या संस्था।	કંપની	कंपनी	company.
कंपाउंडर	पुं.	डाक्टर का वह सहायक जो दवाएँ मिलाने का काम करता है।	કંપાઉન્ડર	कंपाउन्डर	compounder.
कंपाना	स. क्रि.	किसी को कांपने में प्रवृत्त करना, हिलाना।	ધ્રુજાવવું, કંપાવવું	ध्रुजाववुं, कंपाववुं	to cause to tremble, to shake.
कंबल	पुं.	ऊन से बुनी हुई एक प्रकार की बहुत मोटी चादर जो प्रायः ओढ़ने के काम आती है।	કાંબળો	कांबळो	a woollen blanket or cloth or upper garment.
कई	वि.	एकाधिक, अनेक।	કંઈ, અનેક	कंई, अनेक	several, many.
ककड़ी	स्त्री.	1. गरमी के दिनों में फलने वाली एक बेल जिसकी दो जातियां हैं: एक के फल लम्बे और पतले होते हैं, दूसरी वह जिसमें गोल और मोटे फल होते हैं।	કાકડી	काकडी	cucumber.
ककहरा	पुं.	1. क से ह तक वर्णमाला;	કક્કો	कक्को	the alphabet from क to ह;

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. किसी विषय की आरंभिक मोटी-मोटी बातें।			A.B.C. (of subject).
कक्ष	पुं.	किसी इमारत या भवन का कोई भीतरी कमरा, खंड या भाग।	ઓરડો, કક્ષ	ओरडो, कक्ष	room, wing or part of any building.
कक्षा	स्त्री.	1. परिधि, घेरा;	કક્ષા	कक्षा	circumference;
		2. आकाश में भ्रमण करने का गोलाकार मार्ग;			orbit;
		3. विद्यार्थियों का वह वर्ग या श्रेणी जिसमें उन्हें एक साथ तथा एक ही प्रकार की शिक्षा दी जाती है।			class, class-room.
कगार	पुं.	1. नदी का ऊंचा ढलुआँ किनारा;	ઊંચો કાંઠો;	ऊंचो कांठो;	high bank, scarp;
		2. कोई ऊंचा और ढलुआँ भू-भाग, टीला।	ટેકરી	टेकरी	precipice.
कचनार	पुं.	एक विशेष प्रकार का पेड़ जिसकी फलियां तरकारी बनाने के काम आती हैं और फूल दवा के काम आते हैं।	કચનાર	कचनार	a tree (Bauhinia variegata), its buds are used as vegetable and its flowers in medical prescription.
कचरा	पुं.	1. कूड़ा-करकट;	કચરો;	कचरो;	rubbish, sweepings;
		2. कच्चा तरबूज।	કાચું તરબૂચ	काचुं तरबूच	musk-melon.
कचहरी	स्त्री.	न्यायालय।	કચેરી	कचेरी	court of law.
कचालू	पुं.	1. एक प्रकार का कंडा;	એક કંદ, રતાળુ;	एक कंद, रताळु;	the esculent root, Arum colocasia, a salad;
		2. एक प्रकार का व्यंजन, जो आलू, बंडे आदि कंदों या अमरूद आदि फलों के टुकड़ों में नमक-मिर्च और खटाई मिलाकर बनाया जाता है।	એક વાનગી	एक वानगी	a dish of boiled and spiced potatoes.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
कचूमर	पुं.	1. किसी वस्तु का वह रूप जो उसे खूब कूटने या कुचलने पर प्राप्त होता है;	કચુંબર	कचुंबर	minced or crushed thing;
		2. बुरी तरह कुचली हुई वस्तु;			well-crushed;
		3. कच्चे आम के गूदे को कुचल या कूटकर बनाया हुआ आचार।			sliced mango or other fruit (for pickling), the pickle of the same.
कचोटना	अ. क्रि.	किसी दुःखद बात से बार-बार या रह-रह कर मन में पीड़ा या वेदना होना।	ખૂંચવું	खूंचवुं	to experience a lingering agony.
कचौड़ी (कचौरी)	स्त्री.	ऐसी पूरी, जिसके अन्दर दाल की पीठी भरी होती है।	કચોરી	कचोरी	a fried wheat pie stuffed with pulses.
कच्चा	वि.	1. (सब्जी, फल आदि) जो परिपक्व न हुआ हो, अधपका;	કાચું	काचुं	unripe, raw;
		2. जिसका अभी तक पूरा या यथेष्ट अभिवर्धन या विकास न हुआ हो (जैसे – कच्ची उम्र)।			immature.
कच्चा-चिट्ठा	पुं.	1. वह विवरण या वृत्तान्त जिसमें व्यक्ति की गुप्त या छिपी हुई दुर्बलताएं बतलाई गई हों;	ગુપ્ત ભેદ;	गुप्त भेद;	hidden secrets;
		2. आय-व्यय, हानि-लाभ आदि के विवरण का वह प्रारंभिक रूप जो अभी जांचकर ठीक किया जाने को हो।	કાચો હિસાબ	काचो हिसाब	rough accounts.
कच्चा माल	पुं.	कारखानों में काम आनेवाले वे खनिज या वानस्पतिक पदार्थ जो अपने आरंभिक या प्राकृतिक	કાચો માલ	काचो माल	raw material.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		रूप में हों और जिन्हें मशीनों द्वारा ठीक करके या बनाकर उनसे दूसरी वस्तुएं बनाई जाती हों।			
कच्ची धातु	स्त्री.	खान से निकली बिना साफ की हुई धातु।	કાચી ધાતુ	काची धातु	raw metal.
कच्चे बच्चे	पुं.	1. बाल-बच्चे; 2. बहुत छोटे बच्चे।	કચ્ચાં બચ્ચાં	कच्चां बच्चां	children; infants and babies.
कच्छा	पुं.	एक प्रकार का जांघिया।	કચ્છો	कच्छो	short drawers, reaching a little way round the thighs, underwear.
कछार	पुं.	नदी या समुद्र के किनारे की तर और नीची भूमि।	સમુદ્ર કે નદી કિનારાની કાંમ વાળી જમીન	समुद्र के नदी किनारा नी काँम वाळी जमीन	alluvial land, low and moist land along the river.
कछुआ	पुं.	एक जलजंतु जिसके ऊपर बड़ी कड़ी ढाल की तरह खोपड़ी होती है।	કાચબો	काचबो	tortoise.
कछोटा (कछौटा)	पुं.	1. धोती पहनने का वह ढंग जिसमें पीछे लांग खोंसी जाती है; 2. कमर में पहनने का काछा, कछनी।	કછોટો	कछोटो	mode of wearing a cloth between the legs; small size dhoti.
कजरा	पुं.	1. काजल;	કાજળ ;	काजळ ;	lamp black used for painting the eyes.
		2. काली आंखोंवाला बैल।	કાળી આંખો વાળો બળદ	काळी आँखो वाळो बळद	a bull with deep black eyes.
कजरारा	वि.	1. जिसमें काजल लगा हो;	કાજળવાળું ;	काजळवाळु ;	with collyrium applied to the eyes;
		2. काजल जैसे रंगवाला।	કાજળ જેવું	काजळ जेवुं	jet-black.
कजरी (कजली)	स्त्री.	1. कालिख जिससे काजल बनता है;	મેંશ ;	मेंश;	lamp black;
		2. उत्तर प्रदेश में वर्षा ऋतु में गाया जानेवाला	કજરી, એક વર્ષાગીત ;	कजरी, एक वर्षागीत ;	a type of folk song of rainy season

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		विशेष लोकप्रिय लोकगीत;			sung in Uttar Pradesh, a madrigal;
		3. काली आंखों वाली गाय।	કાળી આંખોવાળી ગાય	काळी आँखोंवाळी गाय	a black-eyed cow.
कजरौरा	पुं	काजल रखने की डिबिया।	કાજળની ડબી	काजळनी डबी	a pot for keeping Kajal.
कटक	पुं.	1. सेना, फौज;	કટક, સેના;	कटक, सेना;	an army;
		2. सैनिक छावनी, शिविर।	છાવણી	छावणी	a cantonment.
कटकटाना	स. क्रि.	1. क्रुद्ध होने पर ऊपर तथा नीचे के दांतों का बजाना;	કટકટાવવું;	कटकटाववुं;	to grind teeth;
	अ. क्रि.	2. शीत से स्वयं ही दांतों का बजना।	કટકટાવું	कटकटावुं	snapping or closing of teeth due to severe cold.
कटखना	वि.	1. काट खानेवाला (जंतु या पशु);	કરડકણું;	करडकणुं;	(animal) inclined to bite;
		2. (ला.) ऐसा व्यक्ति जो बात-बात पर लड़ने को तैयार होता हो।	ઝઘડાળું	झघडाळुं	quarrelsome, of aggressive disposition.
कटघरा	पुं.	1. काठ का जंगलेदार घेरा जिसमें जानवरों को रखते हैं;	કઠેરો;	कठेरो;	railing, wooden cage, balustrade;
		2. कचहरी में वह स्थान जिसमें अभियुक्त खड़े होते हैं।	આરોપીનું પાંજરું	आरोपीनुं पांजरुं	dock (in court).
कटना	अ. क्रि.	1. किसी वस्तु का किसी दूसरी धारवाली चीज या हथियार से दो या कई भागों में विभक्त किया जाना;	કાપવું;	कापवुं;	to be cut;
		2. खेत से फसल का काटकर अलग किया जाना;	વાઢવું;	वाढवुं;	to be reaped;
		3. किसी जीवित प्राणी का किसी धारवाली वस्तु से विभक्त होकर मर जाना;	કપાઈ મરવું;	कपाई मरवुं;	to be killed;

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		4. (समय) गुजरना, बीतना या समाप्त होना;	વીતવું;	वीतवुं;	to be spent (as time, life etc.);
		5. (गणित) किसी बड़ी संख्या का छोटी संख्या से इस प्रकार भाग लगना या विभक्त होना कि शेष कुछ भी न बचे;	ભાગવું;	भागवुं;	to be divided leaving no remainder (maths);
		6. घायल होना।	ઘવાવું	घवावुं	to be wounded.
कटरा	पुं.	1. छोटा चौकोर बाजार; 2. कटड़ा, भैंस का नर बच्चा।	માર્કેટ; પાડું	मार्केट; पाडुं	market; buffalo-calf.
कटहल	पुं.	एक विशेष प्रकार का फल जिसकी तरकारी खाई जाती है।	ફણસ	फणस	jack-fruit.
कटाई	स्त्री.	1. काटने की क्रिया या भाव जैसे फसल पक जाने पर उसको काट लेना;	કાપણી	कापणी	cutting, reaping;
		2. फसल आदि काटने की मजदूरी।			price paid for cutting or reaping harvest etc.
कटाक्ष	पुं.	1. तिरछी नज़र; 2. व्यंग्य, आक्षेप।	કટાક્ષ	कटाक्ष	side-look; taunt.
कटाना	स. क्रि.	फसल काटने का काम दूसरे व्यक्ति से कराना।	વઢાવવું	वढावववुं	to cause to cut or reap.
कटार	स्त्री.	छोटी छुरी।	કટાર, કટારી, છરી	कटार, कटारी, छरी	scimitar, dagger.
कटारी	स्त्री.	छोटी कटार।	કટારી	कटारी	a small dagger.
कटाव	पुं.	1. काट-छांट; 2. काटकर बनाए हुए बेलबूटे, कटाई।	કટાવ	कटाव	cutting; a kind of flowering of cloth, a cut.
कटावदार	वि.	जिस पर खोद या काट कर चित्र और बेलबूटे बनाये गये हों।	કટાવદાર	कटावदार	with ornamental needlework on cloth (or carving).

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
कटि	स्त्री.	कमर।	કમર, કટિ	कमर, कटि	waist.
कटिबद्ध	वि.	1. कमर बांधे हुए; 2. तैयार, तत्पर, उद्यत।	કટિબદ્ધ	कटिबद्ध	girt up; ready, prepared, bent.
कटिबन्ध	पुं.	1. कमरबन्द; 2. भूगोल में गरमी सरदी के विचारों से किए हुए पृथ्वी के पांच भागों में से हर एक।	કટિબન્ધ	कटिबन्ध	belt; tropic, zone.
कटीला (कंटीला)	वि.	1. कांटेदार, नुकीला, तीक्ष्ण, पैना; 2. मुग्ध करनेवाला।	કાંટાળુ મુગ્ધકર	कांटाळु मुग्धकर	thorny, pointed, sharp, penetrating; fascinating.
कटु	वि.	1. जिसके स्वाद में कटुता हो; 2. बुरा लगनेवाला, अप्रिय।	કટુ	कटु	pungent; unpleasant, bitter, caustic.
कटुता	स्त्री.	कड़वापन, कड़ुआहट।	કટુતા	कटुता	bitterness.
कटूक्ति	स्त्री.	अप्रिय बात, ऐसी उक्ति जो किसी को कष्ट देती हो।	કટૂક્તિ	कटूक्ति	sarcasm.
कटोरदान	पुं.	ऐसा कटोरा जिस पर ढक्कन भी हो।	ગરમું	गरमुं	bowl with a cover.
कटोरा	पुं.	खुले मुंह और चौड़े पैंदे का प्रसिद्ध बरतन।	કટોરો	कटोरो	a shallow bowl of metal.
कटोरी	स्त्री.	छोटी कटोरी।	કટોરી	कटोरी	small bowl.
कटौती	स्त्री.	1. कमी या काटना; 2. आजकल, मुख्य रूप से किसी को दिये जाने वाले धन (वेतन) में से, किसी उद्देश्य से उसका कुछ अंश कम कर देने की क्रिया।	કટ	कट	cut; deduction.
कट्टर	वि.	1. पक्का, दृढ़ निश्चयी, अपने सिद्धान्त पर दृढ़ रहनेवाला; 2. हठधर्मी।	કટ્ટર	कट्टर	staunch; dogmatic, fanatic.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
कट्ठा	पुं.	1. खेत या जमीन मापने का एक पुराना माप;	પાંચ હાથ ચાર આંગળ જેટલું જમીનનું એક માપ	पांच हाथ चार आंगळ जेटलुं जमीननुं एक माप	a land-measure (the twentieth part of bigha);
		2. अनाज तोलने का एक माप जो पांच सेर का होता है।	પાંચશેરી	पांचशेरी	a corn-measure, containing five seers.
कठधरा	पुं.	दे. 'कटघरा'।	જુ. 'કટઘરા'	ज्. 'कटघरा'	see 'कटघरा'.
कठपुतली	स्त्री.	1. काठ की बनी हुई पुतली जिसे डोरे या तार की सहायता से नचाया जाता है;	કઠપુતળી	कठपुतळी	mariantette, puppet;
		2. लाक्षणिक अर्थ में ऐसा व्यक्ति जो दूसरों के इशारे पर नाचता हो।			one who dances to others' tunes.
कठफोड़ा	पुं.	एक विशेष प्रकार का पक्षी जिसकी चोंच लम्बी होती है और जो चोंच से वृक्षों के तने खोदा करता है।	લક્કડખોદ, લક્કડફોડો	लक्कडखोद, लक्कडफोडो	a woodpecker (picus).
कठिन	वि.	1. मुश्किल, जो सरलता से न किया जा सके, जो सहज ही बोध-गम्य न हो;	કઠણ	कठण	difficult;
		2. कठोर, सख्त।			hard.
कठिनता	स्त्री.	1. कठिन होने की अवस्था, गुण या भाव, कठिनाई;	કઠણતા	कठणता	hardness;
		2. काम में होनेवाली अड़चन या बाधा, मुश्किल।	મુશ્કેલી	मुश्केली	difficulty.
कठिनाई	स्त्री.	कठिनता।	કઠણાઈ	कठणाई	difficulty.
कठोर	वि.	1. कड़ा, सख्त;	કઠોર	कठोर	hard, severe;
		2. निर्दयी, निर्मम, निष्ठुर।			cruel.
कठोरता	स्त्री.	1. कड़ाई, सख्ती;	કઠોરતા	कठोरता	hardness, severity, rigidity;
		2. निर्दयता।			cruelty.
कठैता	पुं.	लकड़ी का बरतन।	કથરોટ	कथरोट	wooden bowl.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
कड़क	स्त्री.	कड़कड़ाहट का शब्द।	કડાકો, ગર્જના	कडाको, गर्जना,	thunder, loud sound, crack.
कड़कड़ाना	अ. क्रि.	1. कड़कड़ का शब्द होना;	કડકડ અવાજ થવો;	कडकड अवाज थवो;	to give forth a cracking sound;
		2. किसी वस्तु के गरम करने या भुनने से कड़कड़ की ध्वनि होना।	કકડવું	ककडवुं	to crackle (e.g. oi or ghee).
कड़कना	अ. क्रि.	1. कड़कड़ शब्द होना;	ગરજવું;	गरजवुं;	to thunder;
		2. किसी वस्तु का चिटकना या फटना;	કોઈ વસ્તુનું ફાટવું;	कोई वस्तुनुं फाटवुं;	to crack;
		3. क्रोधपूर्वक तथा गरजकर किसी से कुछ कहना।	ગરજીને કોઈને કંઈ કહેવું	गरजीने कोईने कंइ कहेवुं	to roar, to burst into rage.
कड़ा	वि. (स्त्री. कड़ी)	सख्त, कठोर।	સખત, કઠોર	सखत, कठोर	hard, stiff, strict.
	पुं.	हाथ में पहनने का लोहे का कड़ा जिसे सिक्ख लोग धारण करते हैं।	કડું	कडुं	bracelet.
कड़ाई	वि.	1. कड़ापन; 2. कठोर व्यवहार, सख्ती।	સખતાઈ	सखताई	hardness; harshness.
कड़ाका	पुं.	किसी कड़ी वस्तु के टूटने का शब्द।	કડાકો	कडाको	loud cracking sound.
कड़ाह (कड़ाहा)	पुं.	पीतल, लोहे आदि का बना हुआ गोल पेंदे, खुले मुंह तथा ऊंची दीवारों का एक प्रसिद्ध पात्र जिसमें खाने-पीने की चीजें तली या पकाई जाती हैं।	કઢૈયું	कढैयुं	large cauldron, frying pan.
कड़ाही	स्त्री.	छोटा कड़ाह।	કઢાઈ	कढाई	cauldron, frying pa with deep bottom.
कड़ी	स्त्री.	1. जंजीर का एक छल्ला;	કડી	कडी	link;
		2. गीत की एक पंक्ति;			a compact portion of a song;
		3. छत पर लगाये हुए लकड़ी या लोहे के कंदे;			beam;

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		4. क्रम, श्रृंखला।			sequence, order.
कड़ुवा	वि.	1. स्वाद में कसैला या कटु; 2. तीखी प्रकृति का; 3. अप्रिय।	કડવું	कडवुं	pungent; bitter; unpleasant.
कड़ुवा तेल	पुं.	सरसों का तेल।	સરસિયું	सरसियुं	mustard oil.
कड़वापन (कड़ुवाहट	पुं. स्त्री.)	स्वाद में कसैलापन।	કડવાપણું	कडवापणुं	bitter taste.
कढ़ना	अ. क्रि.	1. निकलना, बाहर आना;	નીકળવું,	नीकळवुं,	to be drawn or extracted;
		2. उदय होना;	ઉદય થવો;	उदय थवो;	to rise;
		3. आगे निकल जाना।	આગળ નીકળી જવું	आगळ नीकळी जवुं	to go ahead.
कढ़ाई	स्त्री.	बेलबूटे बनाने का या निकालने का काम।	ભરતકામ	भरतकाम	the process or act of embroidering.
कढ़ाना	स. क्रि.	1. निकलवाना;	કાઢવું ;	काढवुं;	to cause to turn out;
		2. बेल-बूटे बनवाना।	ભરતકામ કરાવવું	भरतकाम करावव्ं	to get the thing embroidered.
कढ़ी	स्त्री.	बेसन, दही और मसाले के योग से बननेवाला ढीली लपसी जैसा एक व्यंजन।	કઢી	कढी	a curry prepared from butter milk and gram flour.
कण	पुं.	1. किसी कड़ी या ठोस वस्तु का बहुत छोटा अंश;	કણ	कण	particle;
		2. अनाज का दाना या उसका टुकड़ा।			single seed of grain or its fragment.
कतई	वि.	1. बिल्कुल;	બિલકુલ, નિતાન્ત;	बिलकुल, नितान्त;	entire;
		2. निश्चित।	નિશ્ચિત	निश्चित	definite.
कतरन	स्त्री.	कपड़े, कागज आदि के काटने के बाद बचे रहनेवाले छोटे, रद्दी टुकड़े।	કતરણ	कतरण	cuttings, clippings, parings.
कतरनी	स्त्री.	कैंची, कतरने का साधन।	કાતર	कातर	scissors.
कतर–वयोंत	स्त्री.	1. काट-छांट;	કાપકૂપ;	कापकूप;	cutting and clipping, trimming;

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. कमी करना।	ઓછું કરવું	ओछुं करवुं	deduction.
कतराना	अ. क्रि.	किसी की निगाह से बचना।	કતરાતા જવું	कतराता जवुं	to evade, to get out of the way, to slink away.
कताई	स्त्री.	1. कातने की क्रिया या भाव; 2. कातने की मजदूरी।	કાંતણ ; કતામણ	कांतण ; कतामण	spinning; price paid for spinning.
कतार	स्त्री.	पंक्ति।	કતાર	कतार	row, line.
कतिपय	वि.	1. कई एक; 2. कुछ, थोड़े।	કેટલાક ; થોડા	केटलाक; थोडा	several; some, a few.
कत्थई	वि.	कत्थे के रंग का।	કથ્થાઈ	कथ्थाई	catechu-brown, of the colour of catechu.
कत्थक	पुं.	1. नृत्य की एक शैली; 2. एक जाति विशेष जो नाचना और गाना आदि सिखाने का काम करती है।	કથ્થક	कथ्थक	a kind of classical system of dancing; a particular tribe who teaches dancing and singing.
कत्था	पुं.	खैर की लकड़ी का सत जो पान में लगाकर खाया जाता है।	કાથો	काथो	an astringent vegetable extract (the produce of the **Mimosa catechu)** which is eaten with betel-leaf.
कत्ल(कतल)	पुं.	जान से मार डालना, वध, हत्या।	કતલ	कतल	murder, assassination.
कत्ले-आम	पुं.	अपराधी, निरपराधी का विचार किये बिना अंधाधुंध कत्ल करना।	કત્લેઆમ	कत्लेआम	general massacre.
कथन	पुं.	1. कोई बात मुंह से उच्चारित करने या कहने की क्रिया या भाव, कहना, बोलना;	કથન	कथन	the act of saying or telling;

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. उक्ति; 3. किसी विषय में किसी का दिया हुआ वक्तव्य, बयान।			saying, utterance; statement.
कथनी	स्त्री.	कही हुई बात, उक्ति।	કથની, વાત	कथनी, वात	anything said or uttered, a saying.
कथनीय	वि.	कहने योग्य।	કહેવા યોગ્ય	कहेवा योग्य	worth saying or narrating.
कथा	स्त्री.	1. किस्सा, कहानी; 2. पौराणिक आख्यान जो धर्मोपदेश के रूप में लोगों को सुनाया जाए।	કથા	कथा	fable, story; religious discourse.
कथाकार	पुं.	1. धर्मविषयक आख्यान का सस्वर वाचन करनेवाला; 2. कहानी-लेखक।	કથાકાર	कथाकार	one who delivers religious discourse, one who narrates religious stories; story writer.
कथानक	पुं.	किसी रचना (उपन्यास, नाटक आदि) की कथा-वस्तु।	કથાનક	कथानक	plot (of a novel, drama etc.).
कथा-वस्तु	स्त्री.	दे. 'कथानक'।	જુ. 'કથાનક'	जु. 'कथानक'	see 'कथानक'.
कथा-वार्ता	स्त्री.	1. पौराणिक और धार्मिक कथाएं और उनकी चर्चा; 2. अनेक प्रकार की बातचीत।	કથાવાર્તા	कथावार्ता	religious discourse and discussion; conversation on different topics.
कथा-शिल्प	पुं.	कहानी लिखने का कलात्मक पक्ष।	અભિવ્યક્તિ	अभिव्यक्ति	art of story writing, the technique of story writing.
कथा-साहित्य	पुं.	कहानी, उपन्यास आदि।	કથાસાહિત્ય	कथासाहित्य	story, novel, fiction.
कथित	वि.	1. जिसका कथन या वर्णन किया गया हो; 2. जिसके संबंध में कोई बात कही गई हो।	કથિત, કહેલું; કોઈ ને વિશે કહેવાયેલું	कथित, कहेलुं, कोई ने विशे कहेवायेलुं	said or described thing; alleged.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. उक्ति; 3. किसी विषय में किसी का दिया हुआ वक्तव्य, बयान।			saying, utterance; statement.
कथनी	स्त्री.	कही हुई बात, उक्ति।	કથની, વાત	कथनी, वात	anything said or uttered, a saying.
कथनीय	वि.	कहने योग्य।	કહેવા યોગ્ય	कहेवा योग्य	worth saying or narrating.
कथा	स्त्री.	1. किस्सा, कहानी; 2. पौराणिक आख्यान जो धर्मोपदेश के रूप में लोगों को सुनाया जाए।	કથા	कथा	fable, story; religious discourse.
कथाकार	पुं.	1. धर्मविषयक आख्यान का सस्वर वाचन करनेवाला; 2. कहानी-लेखक।	કથાકાર	कथाकार	one who delivers religious discourse, one who narrates religious stories; story writer.
कथानक	पुं.	किसी रचना (उपन्यास, नाटक आदि) की कथा-वस्तु।	કથાનક	कथानक	plot (of a novel, drama etc.).
कथा-वस्तु	स्त्री.	दे. 'कथानक'।	જુ. 'કથાનક'	जु· 'कथानक'	see 'कथानक'.
कथा-वार्ता	स्त्री.	1. पौराणिक और धार्मिक कथाएं और उनकी चर्चा; 2. अनेक प्रकार की बातचीत।	કથાવાર્તા	कथावार्ता	religious discourse and discussion; conversation on different topics.
कथा-शिल्प	पुं.	कहानी लिखने का कलात्मक पक्ष।	અભિવ્યક્તિ	अभिव्यक्ति	art of story writing, the technique of story writing.
कथा-साहित्य	पुं.	कहानी, उपन्यास आदि।	કથાસાહિત્ય	कथासाहित्य	story, novel, fiction.
कथित	वि.	1. जिसका कथन या वर्णन किया गया हो; 2. जिसके संबंध में कोई बात कही गई हो।	કથિત, કહેલું; કોઈ ને વિશે કહેવાયેલું	कथित, कहेलुं, कोई ने विशे कहेवायेलुं	said or described thing; alleged.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
कथोपकथन	पुं.	किसी नाटक, उपन्यास, कथा-कहानी आदि के पात्रों में आपस में होनेवाला वार्तालाप।	સંવાદ	संवाद	dialogue (particularly in drama, novel, story etc.).
कथ्य	वि. पुं.	कहने योग्य। कही हुई या कही जानेवाली बात।	કથ્ય	कथ्य	fit to be mentioned. subject-matter.
कदंब	पुं.	एक प्रकार का प्रसिद्ध वृक्ष।	કદંબ	कदंब	name of a tree (Nauclea Orientalis).
कद	पुं.	(व्यक्ति की) ऊंचाई।	કદ	कद	height, stature (of a person).
कदम	पुं.	1. पांव, पैर; 2. चलने में दोनों पावों के बीच का अंतर; 3. चलने, नाचने आदि में हर बार पैर उठाने की क्रिया या भाव।	કદમ	कदम	foot; pace; step (foot-steps).
कदर(कद्र)	स्त्री.	1. आदर, प्रतिष्ठा; 2. महत्व; 3. मात्रा।	કદર; મહત્વ ; માત્રા	कदर; महत्व; मात्रा	respect, dignity; importance, value; quantity.
कदरदान (कद्रदान)	वि.	1. गुणग्राही; 2. किसी का महत्व समझकर उसकी प्रतिष्ठा या सम्मान करनेवाला।	કદરદાન	कदरदान	connoisseur; just appreciator, knowing the work (of a person).
कदली	स्त्री.	केला नामक पौधा और उसका फल।	કેળ, કદલી	केळ, कदली	plantain or banana (tree or its fruit).
कदाचार	पुं.	कुत्सित आचरण, खराब चालचलन।	દુરાચાર	दुराचार	bad conduct, misconduct.
कदाचित्	अव्य.	शायद, संभवतः।	કદાચ	कदाच	perhaps, possibly, seldom.
कदापि	अव्य.	किसी अवस्था में भी, कभी, हर्गिज।	કદાપિ	कदापि	on no account, never.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
कदाशय	पुं.	बुरी नीयत, बदनीयती, दुराशय।	બદદાનત	बददानत	bad intent, malafide intent.
	वि.	जिसका आशय (उद्देश्य या विचार) दूषित या बुरा हो, बदनीयत।			malafide, illmeaning.
कद्दावर	वि.	लम्बे-चौड़े आकार-प्रकार वाला, बड़े डील-डौल का।	કદાવર	कदावर	of tall stature, gigantic.
कद्दू	पुं.	घीया या लौकी की जाति का प्रसिद्ध गोल फल जिसकी तरकारी बनती है।	કોળું	कोळुं	pumpkin, **cucurbite lagenaria.**
कद्दूकश	पुं.	एक उपकरण जिससे कद्दू आदि तरकारियों की महीन लच्छियां निकाली जाती हैं।	છીણી	छीणी	an instrument for making very fine slices from a pumpkin.
कनक	पुं.	सोना, स्वर्ण।	કનક	कनक	gold.
कनकटा	वि.	जिसका कान कटा हुआ हो, बूचा।	કાનકટો	कानकट्टो	(a person) whose ear has been cut off, ear-cropt.
कनकी	स्त्री.	1. चावल का टूटा हुआ छोटा टुकड़ा; 2. छोटा कण।	કણકી	कणकी	a particle of broken rice; a particle.
कनकौआ	पुं.	कागज़ की बड़ी पतंग।	કનકવો	कनकवो	a large paper-kite.
कनखजूरा	पुं.	एक विशेष प्रकार का कीड़ा जिसके सैंकड़ों पैर होते हैं और जो जमीन पर रेंगकर चलता है, गोजर।	કાનખજૂરો	कानखजूरो	centipede (scolopendra).
कनखी	स्त्री.	1. तिरछी निगाह से देखने की मुद्रा; 2. उक्त प्रकार से देखते हुए किया जानेवाला संकेत।	ત્રાંસી નજરે જોવું તે; આખનો ઇશારો	त्रांसी नजरे जोवुं ते; आंखनो इशारो	side glance, oblique glance; a sign with the eye.
कनटोप (कंटोप)	पुं.	एक प्रकार की टोपी जिससे सिर तथा कान दोनों ढक जाते हैं।	કાનટોપી	कानटोपी	cap covering head and ears.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
कनपटी	स्त्री.	प्राणियों की आंख और कान के बीच का स्थान।	લમણો, લમણું	लमणो, लमणुं	temple.
कनस्तर	पुं.	टीन का बना चौकौर पात्र या डिब्बा, पीपा।	પીપ, ટીનનો ડબ્બો	पीप, टीन नो डब्बो	canister.
कनात	स्त्री.	कोई स्थान घेरने के लिए उसके चारों ओर लगाया जानेवाला मोटा कपड़ा।	કનાત	कनात	wall of a tent, a screen of canvas.
कनिष्ठ	वि.	1. जो अवस्था की तुलना में औरों से छोटा हो (ज्येष्ठ का विपर्याय);	કનિષ્ઠ	कनिष्ठ	younger;
		2. जो पद, मर्यादा, योग्यता आदि के विचार से दूसरों से घटकर हो (वरिष्ठ का विपर्याय) ;			junior;
		3. सबसे छोटा या हलका, तुच्छ; हीन।			smallest, inferior.
कनी	स्त्री.	किसी चीज का बहुत छोटा टुकड़ा, कण।	કણી, કણકી	कणी, कणकी	a particle, piece.
कनेर	पुं.	नुकीली तथा लंबी पत्तियोंवाला एक पौधा तथा उसके फूल जो सफेद, पीले और लाल रंग के होते हैं।	કરેણ	करेण	a tree with white, red or yellow flowers, oleander.
कन्नी	स्त्री.	1. किनारा, सिरा;	કન્ની	कन्नी	border;
		2. पंतग का किनारा;			ends of a kite,edge;
		3. पंतग की कांप या कमानी में बांधी जानेवाली कपड़े की धज्जी।			a small piece of cloth tied to the arch of the kite.
कन्या	स्त्री.	1. अविवाहिता लड़की;	કન્યા	कन्या	unmarried girl, virgin;
		2. पुत्री, बेटी;			daughter;
		3 बारह राशियों में से एक राशि (ज्योतिष)।			a sign of the zodiac, Virgo.
कन्यादान	पुं.	विवाह में वर को कन्या का दान करने की रस्म।	કન્યાદાન	कन्यादान	giving a girl in marriage.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
कपट	पुं.	1. बनावटी व्यवहार, छलपूर्ण मिथ्या आचरण; 2. धोखा; 3. दुराव, छिपाव।	કપટ	कपट	deception, hypocrisy; fraud, deceit, guile; concealment.
	वि.	छलपूर्ण।			fraudulent, hypocritical.
कपटी	वि.	छल-कपट करनेवाला, फरेबी, धोखेबाज।	કપટી	कपटी	deceitful, fraudulent, malicious.
कपड़छन	पुं.	1. पिसी हुई वस्तु को कपड़े से छानने की क्रिया;	કપડાથી ચાળવું;	कपडाथी चाळवुं;	process of straining or sifting through a piece of cloth;
		2. उक्त प्रकार से छानी वस्तु।	એ રીતે ચાળેલું	ए रीते चाळेलुं	thing thoroughly strained or sifted through a piece of cloth.
कपड़ा	पुं.	1. कपास, ऊन आदि के धागों से बुनी हुई ओढ़ने, बिछाने, पहनने आदि के काम आनेवाली वस्तु;	કાપડ;	कापड;	cloth;
		2. पहनावा, पोशाक।	પોશાક	पोशाक	dress, clothes.
कपड़ा-लत्ता	पुं.	पहनने, ओढ़ने, बिछाने या अन्य कामों में प्रयुक्त कपड़े आदि।	કપડાંલત્તાં	कपडांलत्तां	clothes, clothings.
कपाट	पुं.	1. किवाड़, दरवाजे के पल्ले;	કમાડ	कमाड	panels of a door;
		2. दरवाजा, द्वार।			door.
कपाल	पुं.	1. खोपड़ी; 2. मस्तक; 3. भाग्य; 4. भिक्षुओं का मिट्टी का बना हुआ भिक्षापात्र, खप्पर।	કપાળ	कपाळ	skull, cranium; forehead; destiny; begging bowl.
कपाल-क्रिया	स्त्री.	हिन्दुओं में शव जलाने के समय एक संस्कार जिसमें शव का अधिकांश भाग जल चुकने पर उसकी खोपड़ी बांस, लकड़ी आदि से तोड़ते या फोड़ते हैं।	કપાલક્રિયા	कपालक्रिया	a ceremony among Hindus: when a dead body is burning and nearly reduced to ahses, the nearest relative

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
छिलवाई	स्त्री.	1. छिलने या छीलने की क्रिया या भाव; 2. छिलवाने की मजदूरी।	છોલામણ	छोलामण	peeling, paring, husking, etc; price paid for peeling or husking etc.
छिहत्तर	वि.	जो गिनती में सत्तर से छः अधिक हो।	છોતેર	छोतेर	seventy-six.
	पुं.	उक्त की सूचक संख्या 76.			the nember — 76.
छींक	स्त्री.	श्वास वायु का अकस्मात् नाक और गले से एक विशिष्ट प्रकार का शब्द करते हुए निकलना।	છીંક	छींक	sneeze.
छींकना	अ.क्रि	सहसा जोर से नाक और मुंह से इस प्रकार सांस फेंकना कि जोर का शब्द हो।	છીંકવું	छींकवुं	to sneeze.
छींका(छीका)	पुं.	1. रस्सी तार आदि की बनी झोली जैसी चीज जिसे छत आदि से लटकाकर सुरक्षा के लिए खाने पीने की चीजें उसमें रखते हैं;	શીકું;	शीकुं;	net-work of strings or cords to hang anything in (as food, pots, etc.);

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. पशुओं के मुंह पर बांधी जानेवाली रस्सियों की जाली।	છેંચી	छेंची	a muzzle (for cattle).
छींट	स्त्री.	1. पानी अथवा किसी तरल पदार्थ का छोटा कण या बूंद;	છાંટ;	छांट;	splash of water or any liquid;
		2. उक्त छोटे कण या बूंद से पड़नेवाला धब्बा।	ધાબું;	धाबुं;	spot or stain caused by it;
		3. वह कपड़ा जिस पर रंगबिरंगी बूटियां पड़ी हों।	છીંટ	छींट	printed cloth.
छींटा	पुं.	1. बूंद, छींट;	છાંટો;	छांटो;	splash;
		2. उक्त बूंदों से वस्त्र आदि पर पड़नेवाला धब्बा;	ધાબું;	धाबुं;	spot or stain caused by them;
		3. हल्की वर्षा या बौछार;	થોડો વરસાદ;	थोडो वरसाद;	light shower;
		4. आक्षेप, व्यंगोक्ति।	આક્ષેપ, ટોણો	आक्षेप, टोणो	ironical remark.
छींटाकशी	स्त्री.	आक्षेप, व्यंग।	આક્ષેપ, ટોણો	आक्षेप, टोणो	aspersion, ironical remarks.
छीछालेदार	स्त्री.	बुरी तरह से की गई दुर्गति, फजीहत।	દુર્દશા, બેહાલી, ફજેતી	दुर्दशा, बेहाली, फजेती	muck, mess, ruin, disgrace.
छीजन(छीज)	स्त्री.	किसी वस्तु का वह अंश जो उसके प्रयोग करने से कम हो जाता है, कमी, हानि।	ક્ષીણ થવું તે	क्षीण थवुं ते	leakage, wastage, reduction, loss.
छीजना	अ.क्रि.	व्यवहार आदि में आते रहने अथवा पुराने पड़ने से किसी चीज का क्षीण होना, कम होना या खराब हो जाना।	ક્ષીણ થવું, ઘટવું	क्षीण थवुं, घटवुं	to wear out, to decrease, to decay.
छीनना	स.क्रि.	किसी से कोई वस्तु आदि बलात् ले लेना, ऐंठ लेना।	છીનવું	छीनवुं	to snatch, to grab, to take by force.
छीना-झपटी	स्त्री.	एक दूसरे के हाथ से छीन लेने की कोशिश, दूसरे के हाथ से झपट कर ले लेना।	જોરઝપટથી છીનવી લેવું તે	जोरझपटथी छीनवी लेवुं ते	grab, attempt to seize forcibly, scramble.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
छीपी (छीपिन स्त्री.)	पुं.	कपड़ों पर बेलबूटे आदि छापने का काम करनेवाला।	છીપો (છીપણ સ્ત્રી)	छीपो (छीपण स्त्री.)	cloth-printer, one who stamps floor-cloth.
छीलन	स्त्री.	1. किसी वस्तु को छीलने की क्रिया या भाव; 2. किसी वस्तु को छीलने पर निकलनेवाले छोटे-छोटे टुकड़े।	છોલવું તે, છીલવું તે; છોલ્યા કે છીલ્યા પછીના નાના ટુકડા	छोलवुंते, छीलवुं ते; छोल्या के छील्या पछीना नाना टुकडा	the act or state of scraping something; scrapings, clippings, shavings.
छीलना	स.क्रि	1. किसी चीज़ के ऊपर जमे या सटे हुए आवरण, तह या परत को खींचकर उससे अलग करना; 2. उगी या जमी हुई चीज को काटकर या खुरचकर अलग करना।	છોલવું, છીલવું	छोलवुं, छीलवुं	to peel, to pare, to take off the skin; to scratch, to scrape, to erase.
छुआछूत	स्त्री.	धार्मिक या सामाजिक दृष्टि से स्पर्शास्पर्श का विवेक।	આભડછેટ	आभडछेट	untouchability.
छुआना	स.क्रि	स्पर्श कराना।	સ્પર્શ કરાવવો	स्पर्श करावव्वो	to cause to touch, get (one) to touch.
छुईमुई (छुईमूई)	स्त्री.	एक प्रकार का पौधा जो स्पर्श किए जाने पर अपनी पत्तियों को सिकोड़ लेता है।	લજામણી, લાજુલાડી	लजामणी, लाजुलाडी	touch me not Munosa pudica.
	वि.	1. नाजुक मिजाज (व्यक्ति); 2. बहुत कमजोर चीज।			sensitive or irritable person; delicate or frail (thing).
छुच्छी	स्त्री.	1. पतली छोटी नली; 2. नाक में पहनने का एक गहना; 3. कीप जिसकी सहायता से बोतलों में तेल भरा जाता है।	નાની નળી; નાકનું એક ઘરેણું; નાળચું	नानी नळी नाकनुं एक घरेणुं; नाळचुं	thin small tube; nose ornament; funnel.
छुटकारा	पुं.	1. बंधन आदि से मुक्ति; 2. संकट, विपत्ति आदि से	છૂટકારો	छूटकारो	release, acquittal; riddance,

हिंदी शब्द	व्या· क्षे·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		सकुशल बच निकलने का भाव।			liberation.
छुटपन	पुं.	1. बचपन, लड़कपन;	બચપણ, નાનપણ	बचपण, नानपण	childhood, infancy;
		2. छोटे होने की अवस्था या भाव।			pettiness, smallness.
छुटपुट	वि.	1. प्रकीर्ण, छोटी मोटी (वस्तु);	પરચુરણ ;	परचुरण;	miscellaneous (articles etc.);
		2. जो थोड़ा करके कभी कहीं कभी कहीं घटित हो (घटना आदि)।	છૂટુંછવાયું	छूटुंछवायुं	sporadic (incident etc).
छुटभैया	पुं.	छोटे दर्जे या हैसियत का व्यक्ति।	નીચલા દરજ્જાનો માણસ	नीचला दरज्जानो माणस	petty person.
छुट्टी	स्त्री.	1. काम बंद रहने का दिन;	રજા	रजा	holiday;
		2. निश्चित समय तक काम कर चुकने के बाद बीच में मिलनेवाला अवकाश;			interval, recess;
		3. जाने की अनुमति;			leave;
		4. छुटकारा।			release.
छुड़वाना	स.क्रि.	दे. 'छुड़ाना'।	જુ. 'છુડાના'	जु. 'छुडाना'	see 'छुडाना'.
छुड़ाई	स्त्री.	छोड़ने या छुड़ाने की क्रिया, भाव या पारिश्रमिक।	છૂટકારો	छूटकारो	liberation, release, ransome, wages paid for delivery, release etc.
छुड़ाना	स.क्रि.	1. बंधन, बांधा आदि से मुक्त कराना, स्वतंत्र कराना;	છોડાવવું	छोडाववुं	to get released, to cause to get free, to liberate;
		2. दूसरे की पकड़, कब्जे आदि से निकालना;			to rescue, to extricate;
		3. महसूल आदि चुकाकर वस्तु को ले लेना;			to take delivery after payment;
		4. सटी, लगी हुई वस्तु अथवा उसके अंश को अलग करना;			to remove, to separate;

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		5. किसी प्रकार की क्रिया, प्रवृत्ति आदि से अलग करना;			to cause to give up;
		6. देय धन में कमी कराना।			to lessen payable amount;
छुरा (छुरी स्त्री.)	पुं.	1. लंबे फलवाला बड़ा चाकू जो बंद नहीं किया जा सकता;	છરો; (છરી સ્ત્રી)	छरो; (छरी स्त्री.)	dagger, large knife;
		2. बाल मूंडनेवाला उस्तरा।	અસ્તરો	अस्तरो	razor.
छुरेबाजी	स्त्री.	छुरे की लड़ाई, छुरा भोंकने की घटना।	છરાબાજી, ખંજરબાજી	छुराबाजी, खंजरबाजी	infliction or exchange of dagger-blows.
छुहारा	पुं.	खजूर की जाति का एक सूखा मेवा।	ખારેક	खारेक	dried date.
छूछा(छूंछा)	वि.	1. खाली, खोखला; 2. साररहित।	ખાલી, પોલું; નિસત્ત્વ	खाली, पोलुं; निसत्त्व	empty; unsubstantial.
छूट	स्त्री.	1. बंधन आदि से मुक्ति, छुटकारा;	છૂટ	छूट	release, riddance;
		2. रियायत, सुविधा;			concession, privilege;
		3. देय धन चुकाने में किसी कारण से मिलनेवाली वह सुविधा जिसमें उसका कुछ अंश नहीं देना पड़ता है;			rebate, discount;
		4. कुछ करने की आजादी, रोक न रहना।			liberty, exemption.
छूटना	अ.क्रि	1. बंधन आदि से मुक्त होकर स्वतंत्र होना;	છૂટવું	छूटवुं	to be liberated, to be acquitted;
		2. सटी, चिपकी हुई चीज़ का अलग होना;			to get separated, to get removed, to come off;
		3. जकड़ या पकड़ से दूर होना;			to escape, to slip (from);

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
	स.क्रि	1. किसी वस्तु का शरीर के किसी अंग अथवा पहने हुए वस्त्र से लगना या स्पर्श करना;			to touch, to feel;
		2. दान के लिए किसी वस्तु का स्पर्श करना;			to touch an object to be gifted away;
		3. किसी विषय के सम्बन्ध में कुछ कहना या लिखना।			to deal with a subject;
छूमंतर	वि.	गायब।	છૂમંતર	छूमंतर	vanished, disappeared.
	पुं.	मंत्र पढ़कर फूंकना, जादू।			an incantation, a charm.
छेड़	स्त्री.	1. छेड़ने की क्रिया या भाव;	છેડણી	छेडणी	the act of teasing, offending etc;
		2. खिजाने, चिढ़ाने का प्रयत्न या खिजाने, चिढ़ानेवाली बात, नोकझोंक।			annoying, irritation, (action or a statement), provocation, pranks, vexation.
छेड़खानी	स्त्री.	छेड़नेवाली बात, काम, हंसी, ठिठोली, नोकझोंक।	છેડણી	छेडणी	act of teasing or provoking, offensive activity, pricksand pranks, raillery.
छेड़छाड़	स्त्री.	दें. छेड़खानी।	જુ. 'છેડખાની'	जु. 'छेडखानी'.	see छेडखानी'.
छेड़ना	स.क्रि	1. किसी को उत्तेजित करने के लिए कुछ कहना या करना, चिढ़ाना;	છેડવું	छेडवुं	to tease, to vex, to provoke;
		2. किसी वस्तु को अकारण या व्यर्थ में छूना जिससे उसमें विकार उत्पन्न हो सकता है;			to meddle with;
		3. स्वर निकालने के लिए किसी वाद्ययंत्र को छूना;			to tune (an instrument preparatory to playing on it);

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		4. काम आदि आरम्भ करना।			to commence (a work etc.).
छेद	पुं.	छिद्र, सुराख।	છેદ	छेद	hole, opening, aperture, perforation.
छेदना	स.क्रि	1. छेद करना, सुराख करना;	છેદવું	छेदवुं	to make a hole in, to bore, to pierce, to perforate;
		2. काटना, छिन्न करना।			to cut, to pare, to cut or lop off.
छेना	पुं.	फटे हुए दूध का वह गाढ़ा अंश जो उसका पानी निकाल देने पर बचा रहता है।	માવો	मावो	a kind of cheese.
छेनी	स्त्री.	धातु, पत्थर आदि काटने का चौड़े फलवाला लोहे का एक उपकरण।	છીણી	छीणी	chisel.
छैल-छबीला	वि.	बन-ठन कर रहनेवाला, बनाव-सिंगार का शौकीन।	છેલછબીલો। છેલ	छेळ छबीलो छेल	cox- comb, dandy, foppish (person).
छैला	पुं.	छैल-छबीला, रंगीला पुरुष।	છેલછબીલો, છેલ	छेलछबीलो, छेल	same as 'छैल छबीला'.
छोकरा (**छोकरी** स्त्री.)	पुं.	कच्ची उम्र और अक्ल का लड़का।	ઓછી ઉમર અને અક્કલનો છોકરો (છોકરી સ્ત્રી)	ओछी उम्मर अने अक्कलनो छोकरो (छोकरी स्त्री.)	boy, lad.
छोटा	वि.	1. मान, विस्तार आदि में अपेक्षाकृत कम या थोड़ा;	નાનો	नानो	small, little, short;
		2. उम्र में कम;			younger (brother, etc.);
		3. प्रतिष्ठा आदि में औरों से घटकर होनेवाला।			inferior, trivial, low, mean.
छोटी हाजिरी	स्त्री.	हिन्दुस्तान में रहनेवाले यूरोपियनों का सवेरे का नाश्ता।	સવારનો નાસ્તો (હિંદમાંના યુરોપિયનોનો)	सवारनो नास्तो (हिंदमांना युरोपियनोनो)	the little breakfast (of Europeans).

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
छोड़ना	स.क्रि	1. बंधन से मुक्त करना, स्वतंत्र करना;	છોડવું	छोडवुं	to free, to release, to liberate;
		2. त्याग देना अथवा संबंध विच्छेद करना;			to leave, to relinquish;
		3. नीचे गिराना, डालना;			to pour, to let go, to drop;
		4. कथन, लेख आदि के प्रसंग में आवश्यक अक्षर या पद का प्रयोग न करना;			to omit;
		5. उपभोग से बचा रहने देना;			to leave unused;
		6. तीर,गोली आदि चलाना;			to discharge, to throw, to shoot, to fire (an arrow or a gun, etc.),to launch (satellite);
		7. कोई चीज़ रियायत करते हुए न लेना;			to give concession or rebate, to abandon, to desert, to forsake (payable amount);
		8. कोई कार्य आदि सौंपना।			to entrust to, to assign to.
छोर	पुं.	नोक, सिरा, किनारा, सीमा।	કિનારો, સીમા	किनारो, सीमा	tip, border, edge, end.
छोरा (**छोरी** स्त्री.)	पुं.	लड़का, छोकरा। (छोकरी स्त्री.).	છોકરો (છોકરી સ્ત્રી)	छोकरो (छोकरी स्त्री.)	boy, lad.
छोलदारी (**छौलदारी**)	स्त्री.	छोटा तम्बू।	નાનો તંબૂ	नानो तम्बू	a kind of small tent.
छोला	पुं.	हरा चना।	લીલો ચણો	लीलो चणो	green gram.
छौंक	स्त्री.	1. छौंकने की क्रिया या भाव;	વઘાર	वघार	seasoning;
		2. वह मसाला जिसमें तरकारी, दाल आदि छौंकी जाती हैं।			spices for seasoning food.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
छौंकना	स.क्रि.	दाल, तरकारी को स्वादिष्ट करने के लिए उसमें जीरे, मिर्च, हींग आदि का मिला हुआ कड़कड़ाता हुआ घी या तेल छोड़ना।	વઘારવું	वघारवुं	to season preparation with boiling ghee and spices etc.
छौना	पुं.	जानवर का छोटा प्यारा बच्चा।	જાનવરનું બચ્ચું	जानवरुं बच्चुं	the young one (of an animal).
जंग	स्त्री.	युद्ध।	જંગ	जंग	battle, war.
ज़ंग	पुं.	लोहे पर जमनेवाला वह मैला या विकृत अंश जो वायु और नमी के प्रभाव से लोहे में उत्पन्न होता है।	કાટ	काट	rust.
जंगम	वि.	चलनेवाला, चल, जिसे एक स्थान से अन्य स्थान पर ले जाया जा सके।	જંગમ	जंगम	moving, movable.
जंगल	पुं.	1. वह स्थान जहां बहुत से वृक्ष और वनस्पतियां अपने-आप उग आई हों; 2. उजाड़, एकांत स्थान।	જંગલ	जंगल	forest; secluded or unfrequented place.
जंगला	पुं.	बरामदे, छज्जे आदि के किनारे-किनारे लगी हुई बाड़ जिसमें लोहे या लकड़ी की छड़ें या जाली लगी हो।	જાળી	जाळी	grating, railing.
जंगली	वि.	1. जो पालतू न हो, बनैला; 2. जंगल कें मिलने या पैदा होनेवाला; 3. असभ्य, उजड्ड।	જંગલી	जंगली	wild, savage; of or pertaining to a forest or wood; uncivilized; barbarian.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जंगी	वि.	1. युद्धोपयोगी, युद्ध सम्बन्धी; 2. बहुत बड़ा, दीर्घकाय।	જંગી	जंगी	martial, relating to war; great, vast, extensive.
जंघा	स्त्री.	घुटने और कमर के बीच का भाग।	જાંઘ	जांघ	the thigh, upper part of the leg.
जंचना	अ.क्रि.	1. जांचा, परखा जाना; 2. भला जान पड़ना, पसन्द आना।	તપાસ, પરીક્ષા થવી; ઠીક લાગવું, ગમવું	तपास, परीक्षा थवी; ठीक लागवुं, गमवुं	to be examined, to be valued; to look attractive, to appeal.
जंजाल	पुं.	झंझट, बखेड़ा, झमेला।	જંજાળ	जंजाळ	trouble, entanglement, fuss.
जंजीर	स्त्री.	धातु की बहुत सी कड़ियों को एक दूसरे में पहनाकर बनाई जानेवाली लड़ी, किवाड़ के पल्ले बंद करने की सिकड़ी, साँकल।	જંજીર	जंजीर	chain, fetters.
जंतर-मंतर	पुं.	1. जादू-टोना; 2. वेधशाला जहां पर नक्षत्रों की गतिविधि देखी जाती है।	જંતરમંતર	जंतरमंतर	magical or mystical ceremonies in which diagrams are drawn and charms or prayers are repeated; observatory.
जंता	पुं.	सुनारों का तार खींचने का उपकरण।	જંતરડું	जंतरडुं	instrument for drawing wire.
जंतु	पुं.	प्राणी, जीव, पशु।	જંતુ	जंतु	creature, animal.
जंतु-विज्ञान	पुं.	जीव-विज्ञान।	જીવવિજ્ઞાન	जीवविज्ञान	biology.
जंतु-शाला	स्त्री.	वह स्थान जहां प्रदर्शन या अध्ययन के लिए जीवित जंतु रखे जाएं, चिड़ियाघर।	પ્રાણીસંગ્રહસ્થાન	प्राणीसंग्रहस्थान	zoo.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जंत्री(जंतरी)	स्त्री.	1. सुनारों का एक उपकरण जिससे वे तार खींच कर पतला तथा लंबा करते हैं;	જંતરડું;	जंतरडुं;	perforated plate of steel through which ingots of gold, silver, etc., are drawn into wire;
		2. पंचांग, तिथिपत्र।	પંચાંગ	पंचांग	almanoc, calendar.
जंबू	पुं.	जामुन का पेड़ और उसका फल।	જાંબુ	जांबु	black plum tree and its fruit.
जंबूर (जंबूरा)	पुं.	चिमटी की तरह का एक उपकरण जिससे कारीगर चीजों को ऐंठते, दबाते या घुमाते हैं।	જંબૂર	जंबर	pliers.
जंभाई (जम्हाई)	स्त्री.	एक शारीरिक व्यापार जिसमें मनुष्य गहरा सांस लेने के लिए पूरा मुंह खोलता है और थकावट या नींद आने का सूचक होता है।	બગાસું	बगासुं	yawning, gaping.
जंभाना (जम्हाना)	अ.क्रि	जंभाई लेना।	બગાસું ખાવું	बगासुं खावुं	to yawn, to gape.
जई	स्त्री.	1. एक प्रसिद्ध मोटा अन्न जिसका पौधा जौ के पौधे से मिलता-जुलता होता है;	જવ જેવું એક અન્ન, ઓટ;	जव जेवुं एक अन्न, ओट;	oat;
		2. जौ का छोटा अंकुर जो मंगल द्रव्य माना जाता है;	જવારા;	जवारा;	small shoots of barley (which are carried about in the turbans of Hindus during **dasahara** festival);
		3. किसी पौधे का अंकुर।	ફણગો	फणगो	the first sprouts of germinating rice etc. when the seeds are steeped in water previous to sowing.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जकड़	स्त्री.	1. जकड़ने की क्रिया, ढंग या भाव; 2. चारों ओर से दृढ़ बन्धन में होने की अवस्था या स्थिति।	જકડ	जकड.	holding firmly, tightening; grip, grasp.
जकड़ना	स.क्रि	इस प्रकार कस कर बांधना कि वह हिल-डुल न सके।	જકડવું	जकडवुं	to tighten, to bind.
	अ.क्रि	1. चारों ओर से कस कर बांधा जाना; 2. शीत आदि के प्रकोप से शरीर अथवा किसी अंग का इस प्रकार ऐंठा जाना कि वह हिल-डुल न सके।			
जखम (जख्म)	पुं.	1. आघात आदि के कारण शरीर में लगनेवाली ऐसी चोट जिसमें त्वचा कट-फट या छिल जाती है और रक्त बहने लगता है;	જખમ;	जखम;	wound, injury;
		2. हानि।	નુકસાન	नुकसान	damage, loss.
जखमी (जख्मी)	वि.	घायल, जिसे जखम लगा हो।	જખમી	जखमी	wounded, injured.
जग	पुं.	संसार।	જગ	जग	world, universe.
जगत	पुं., स्त्री.	1. संसार, विश्व; 2. कुएं का चबूतरा जोकि उसके चारों ओर बना हुआ होता है और जिस पर खड़े होकर पानी खींचते हैं।	જગત; કૂવાની ચારે તરફનો પરથાળ	जगत; कूवानी चारे तरफनो परथाळ	world, universe; curb of masonry round a well;
जगदंबा	स्त्री.	दुर्गा।	જગદંબા	जगदंबा	the goddess Durga.
जगना	अ.क्रि	1. जागना, नींद से उठना; 2. अग्नि आदि का प्रदीप्त होना।	જાગવું	जागवुं	to be awake, wake up; to be burnt, to sparkle, to glitter.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जगमग	वि.	चमकदार, प्रकाशित।	ઝગમગતું	झगमगतुं	shining, brilliant.
जगमगाना	अ.क्रि	अपने या दूसरे के प्रकाश से चमकने लगना।	ઝગમગવું	झगमगवुं	to shine, to glimmer.
जगमगाहट	स्त्री.	जगमगाने की अवस्था या भाव।	ઝગમગાટ	झगमगाट	shine, glimmer, brilliance.
जगहंसाई	स्त्री.	लोक निंदा, बदनामी।	લોકનિન્દા બદનામી	लोकनिन्दा, बदनामी.	cause of universal or general laughter, defame.
जगह	स्त्री.	1. स्थान; 2. बीच में होनेवाला अवकाश या विस्तार; 3. वह पद या स्थान जहां पर कोई काम करता हो।	જગા	जगा	place; space; post.
जगाना	स.क्रि	1. सोते से उठाना; 2. सजग, सावधान करना; 3. तंत्र मंत्र आदि के प्रसंग में दैवी शक्ति को जागृत करके अपने अनुकूल करने का प्रयत्न करना।	જગાડવું	जगाडवुं	to awaken; to alert; to arouse, to evoke.
जघन	पुं.	1. उपस्थ (विशेषतः स्त्रियों का); 2. श्रोणि, नितम्ब; 3. सेना का पिछला भाग।	જઘન	जघन	the hip and loins; buttocks; rear-guard, the reserve of an army.
जघन्य	वि.	1. गर्हित, निन्दनीय, हेय; 2. अंतिम सीमा पर का।	જઘન્ય	जघन्य	abominable, detested, detestable; hindmost, last.
जच्चा	स्त्री.	सद्यःप्रसूता, जिसे प्रसव किए 40 दिन न हुए हों।	સુવાવડી	सुवावडी	woman confined in child-bed.
जच्चाखाना	पुं.	प्रसवगृह, सूतिकागृह।	પ્રસૂતિગૃહ	प्रसूतिगृह	lying in chamber, maternity home.
जच्चा-बच्चा	पुं.	प्रसूता स्त्री तथा शिशु।	સુવાવડી સ્ત્રી અને બાળક	सुवावडी स्त्री अने बाळक	mother and baby in confinement.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जज	पुं.	निर्णायक, फैसला करनेवाला।	જજ	जज	judge.
जजमान	पुं.	1. यज्ञ करनेवाला; 2. दक्षिणा आदि देकर ब्राह्मणों से धार्मिक कृत्य करानेवाला; 3. यजमान।	જજમાન	जजमान	one who performs the **yajna** ceremony; person who institutes the performance of a sacrifice, employs priests for the purpose, and pays the expenses of it; host.
जजमानी	स्त्री.	1. यजमान होने की अवस्था, पद या भाव; 2. ऐसी वृत्ति जो यजमानों के कृत्य कराने से चलती हो।	જજમાની	जजमानी	the state of being a host or **yajna** performer; occupation of performing yajna by Brahmins on behalf of their clients, for which they are paid.
जटा	स्त्री.	1. सिर के लंबे तथा आपस में उलझे हुए बालों की लट; 2. पेड़-पौधों की जड़ों के आपस में गुथे हुए पतले-पतले रेशों या सूतों का समूह।	જટા	जटा	matted hair. fibrous root.
जटा-जूट	पुं.	जटा को लपेट कर बनाया जानेवाला जूड़ा।	જટાજૂટ	जटाजूट	matted and braided hair of the head.
जटाधारी	वि.	जिसके सिर पर जटा हो।	જટાધારી	जटाधारी	wearing matted or twisted or braided hair.
जटित	वि.	जड़ा हुआ।	જડિત	जडित	studded or set with.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जटिल	वि.	1. कठिन, पेचीदा, दुर्बोध उलझा हुआ;	જટિલ	जटिल	complicated, confused, unintelligible, intermixed;
		3. जिसके जटाएं हों।			having matted or entangled hair.
जटिलता	स्त्री.	जटिल होने की अवस्था, गुण या भाव।	જટિલતા	जटिलता	complication, confusion.
जठर	पुं.	1. पेट, कुक्षि;	જઠર	जठर	stomach, belly, abdomen, womb;
		2. किसी वस्तु का भीतरी भाग।			interior of anything.
	वि.	1. कड़ा, कठोर;	અતિ કઠોર ;	अति कठोर;	hard, stiff, firm;
		2. बूढ़ा।	ઘરડો	घरडो	old.
जठराग्नि	स्त्री.	उदर स्थित अग्नि जो आयुर्वेद के मतानुसार आहार को पचाने का काम करती है।	જઠરાગ્નિ	जठराग्नि	the fire of the stomach which helps to digest food.
जड़	वि.	1. चेतना-रहित, अचेतन;	જડ ;	जड;	inanimate;
		2. मूर्ख, निर्बुद्धि;			stupid, idiotic;
		3. अकड़ा हुआ, गतिक्रियारहित, सर्दी से ठिठुरा हुआ;			cold, frigid;
		4. गूंगा।	મૂંગુ	मूंगु	dumb.
जड़	स्त्री.	1. पेड़ पौधे आदि का वह मूल भाग जो पृथ्वी के अन्दर रहता है और पृथ्वी से रस खींचकर पेड़ पौधे का पोषण करता है;	જડ, મૂળ	जड, मूल	root;
		2. किसी वस्तु का बिलकुल नीचेवाला भाग;			foundation, base;
		3. किसी कार्य का मूल कारण या प्रेरक।			origin.
जड़ता	स्त्री.	1. जड़ होने की अवस्था, गुण या भाव;	જડતા	जडता	immovableness or inanimateness;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. एक संचारी भाव-यह उस स्तब्धता या चेष्टाहीनता का द्योतक है जो प्रिय व्यक्ति से वियोग होने या भय अथवा आश्चर्य आदि की स्थिति में होती है।			insensibility, stupefaction (one of the subordinate feelings).
जड़ना	स.क्रि	1. एक वस्तु को किसी दूसरी वस्तु के तल में ठोककर या धंसाकर जमाना;	જડવું	जडवुं	to fix, to stud;
		2. किसी प्रकार के रिक्त स्थान में कोई चीज इस प्रकार जमाकर बैठाना कि वह अपने स्थान से इधर-उधर न हो सके;			to fit;
		3. जोर से आघात या प्रहार करना।			to strike.
जड़वाना	स.क्रि	जड़ने का काम दूसरे से कराना।	જડાવવું	जडाववुं	to cause to be set or studded with;
जड़हन	पुं.	वह धान जिसके पौधे को एक जगह से उखाड़कर दूसरी जगह बोया जाता है।	ડાંગર	डांगर	rice plants which on being sown are transplanted to another field.
जड़ाई	स्त्री.	1. जड़ने की क्रिया या भाव;	જડાઈ ;	जडाई;	setting (as jewels etc.);
		2. जड़ने की मजदूरी।	જડામણ	जडामण	wages or charges for such wrok.
जड़ाऊ	वि.	(वह आभूषण) जिसमें रत्न, मोती आदि नग जड़े हुए हों।	જડાઉ	जडाउ	set or studded with jewels.
जड़ित	वि.	जड़ा हुआ।	જડિત	जडित	studded, bedecked.
जड़िया	पुं.	नग जड़ने का काम करनेवाला।	જડિયો	जडियो	one who sets jewels.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जड़ी	स्त्री.	किसी बनस्पति की वह जड़ जो औषध के रूप में काम आती हो।	જડિયું	जडियुं	the root of a medicinal herb.
जड़ी-बूटी	स्त्री.	औषध के काम में आनेवाली जंगली वनस्पतियां और उनकी जड़ें।	જડીબુટ્ટી	जडीबुट्टी	medicinal herbs.
जड़ीभूत	वि.	जिसमें हिलने-डुलने की शक्ति न रह गई हो, निस्पंद।	જડીભૂત	जडीभूत	become motionless, still.
जतन	पुं.	यत्न।	યત્ન	यत्न	same as 'यत्न'.
जतलाना	स.क्रि.	1. किसी को किसी बात की जानकारी कराना, अवगत कराना;	જણાવવું;	जणववुं;	to make known, to inform of, to apprise;
		2. आगाह करना, चेताना।	અગાઉથી સૂચવવું	अगाऊथी सूचववुं.	to caution, to warn.
जताना	स.क्रि.	जतलाना।	જુ. 'જતલાના'	जु. 'जतलाना'	see 'जतलाना'.
					band, gang, flock.
जन	पुं.	1. मनुष्य, व्यक्ति;	જન	जन.	man, person;
		2. मनुष्य-समूह;			men collectively, the people;
		3. सेवक, अनुयायी।			servant, page.
जन-आन्दोलन	पुं.	किसी उद्देश्य की सिद्धि के लिए जनता द्वारा चलाया गया आन्दोलन।	લોક આંદોલન	लोक आंदोलन.	mass movement.
जनक	पुं.	1. पिता;	જનક	जनक.	father;
		2. सीता के पिता मिथिला के राजा का नाम।			name of the king of Mithila who was the father of Sita, Ram's wife.
जनखा	पुं.	1. औरतों जैसी चेष्टा और हाव-भाववाला व्यक्ति;	સ્ત્રૈણ;	स्त्रैण;	effeminate, womanish;
		2. हिजड़ा, नपुंसक।	હિજડો	हिजडो	eunuch.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जनगणना	स्त्री.	किसी देश के समस्त निवासियों की गणना।	વસ્તીગણતરી	वस्तीगणतरी	census.
जनजाति	स्त्री.	जंगलों, पहाड़ों आदि पर रहनेवाली ऐसी पिछड़ी जाति या लोगों का वर्ग जो साधारणतः एक ही पूर्वज के वंशज होते हैं और जिनका प्रायः एक ही पेशा, एक जैसे विचार और एक जैसा रहन-सहन होता है।	જનજાતિ	जनजाति	tribe.
जनतंत्र	पुं.	एक शासन प्रणाली जिसमें देश का शासन जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों द्वारा होता है।	લોકશાહી	लोकशाही	democracy.
जनता	स्त्री.	प्रजा, जनसाधारण।	જનતા	जनता	public, masses.
जनन	पुं.	1. संतान को जन्म देने या उत्पन्न करने की क्रिया या भाव; 2. जन्म, उत्पत्ति, आविर्भाव।	જનન	जनन	begetting, giving birth to, producing; birth, production, origination.
जनना	स.क्रि.	जन्म देना, प्रसव करना।	જન્મ આપવો, જણવું	जन्म आपवो, जणवुं	to give brith (to), to bear.
जननी	स्त्री.	जन्म देनेवाली, मां।	જનની	जननी	one who gives birth, mother.
जननेंद्रिय	स्त्री.	वह इंद्रिय जिससे संतान की उत्पत्ति होती है।	જનનેન્દ્રિય	जननेन्द्रिय	genital organs, genitals.
जनपद	पुं.	1. बस्ती, जिला; 2. राज्य, देश; 3. समुदाय, राष्ट्र।	જનપદ	जनपद	habitation, district; empire, inhabited country; community, nation.
जनपदीय	वि.	जनपद सम्बन्धी।	જનપદી	जनपदी	relating to district, community etc.
जनप्रवाद	पुं.	जनता में फैली हुई कोई बात, अफवाह।	જનપ્રવાદ	जनप्रवाद	hearsay, rumour.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जनप्रिय	वि.	जो जनता को प्रिय हो।	લોકપ્રિય	लोकप्रिय	liked by the people, popular.
जनमत	पुं.	जनसाधारण की राय।	લોકમત	लोकमत	public opinion.
जनमना	अ.क्रि स.क्रि	जन्म लेना, पैदा होना। जन्म देना, प्रसव करना।	જન્મ લેવો જન્મ આપવો	जन्म लेवो जन्म आपवो	to be born. to give birth to.
जनयित्री	स्त्री.	जन्म देनेवाली, माता।	જનયિત્રી	जनयित्री	one who gives birth, mother.
जनरव	पुं.	1. लोगों का कोलाहल; 2. अफवाह, जनश्रुति।	જનરવ	जनरव	noise, clamour; rumour, hearsay.
जनवाद	पुं.	1. जनता में फैली बात, चर्चाका विषय; 2. आधुनिक राजनीति का ऐसा सिद्धांत जिसके अनुसार जनसाधारण की इच्छा सर्वोपरि मानी जाती है और नीति-निर्धारण में शासक वर्ग को काफी प्रभावित करती है।	જનવાદ	जनवाद	talk of men, rumour, hearsay; republicanism.
जनवादी	वि.	जनवाद के सिद्धांत को मानने वाला।	જનવાદી	जनवादी	one who believes in republicanism.
जनवाना	स.क्रि	जनने अर्थात् प्रसव करने या जन्म देने में सहायक होना।	પ્રસૂતિ કરાવવી	प्रसूति करावबी	to give help or cause to give birth or to be born.
जनवासा	पुं.	बरातियों के ठहरने की जगह।	જાનીવાસો	जानीवासो	the place for the stay of the bridegroom and his party at the time of marriage.
जनश्रुति	स्त्री.	अफवाह, लोगों में फैली बात।	જનશ્રુતિ	जनश्रुति	rumour, hearsay.
जनसंख्या	स्त्री.	1. स्थानविशेष में बसनेवालों की संख्या;	વસ્તી	वस्ती	population.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जनसाधारण	पुं.	जनता।	જનસાધારણ	जनसाधारण	people in general.
जनसेवक	पुं.	जो जनता की सेवा के काम करता हो।	લોકસેવક	लोकसेवक	public servant, social worker.
जनसेवा	स्त्री.	ऐसे काम जो जनसाधारण या जनता की हितकामना या उपकार के लिए किए जाएं।	લોકસેવા	लोकसेवा	public service, social service.
जनाजा	पुं.	अरथी या वह संदूक जिसमें मुसलमान या ईसाई शव रखकर कब्रिस्तान ले जाते हैं।	જનાજો	जनाजो	lier (with corpse laid on it).
जनाना	वि.	1. स्त्रियों का सा आचरण अथवा उन जैसे हावभाव दिखानेवाला;	જનાની, રાંડવું	जनानी, रांडवुं	effeminate;
		2. स्त्री सम्बन्धी, स्त्री की तरह।			feminine, womanly.
	पुं.	1. हीजड़ा, नपुंसक;	હીજડો;	हीजडो;	eunuch;
		2. अन्तःपुर।	અંતઃપુર	अंतःपुर	female apartment.
जनानापन	पुं.	1. स्त्री होने की अवस्था,	સ્ત્રૈણતા;	स्त्रैणता;	womanishness;
		2. नामर्दी।	નામર્દાઈ	नामर्दाई	impotence.
जनाब	पुं.	महाशय, महोदय।	જનાબ	जनाब	Sir, your excellency.
जनित	वि.	उत्पन्न, पैदा हुआ।	જનિત	जनित	born, produced.
जनित्र	पुं.	1. भाप, गैस, बिजली आदि उत्पन्न करनेवाला यंत्र;	જનરેટર;	जनरेटर;	generator of steam, gas, power etc.;
		2. जन्म-स्थान, स्रोत।	જન્મસ્થાન	जन्मस्थान	birth place, place of origin.
जनित्री (जनयित्री)	स्त्री.	जन्म देनेवाली, मां।	જનયિત્રી	जनयित्री	progenitrix, mother.
जनून	पुं.	उन्माद, पागलपन।	ઝનૂન	झनून	loss of reason, madness, insanity.
जनेऊ	पुं.	हिन्दुओं में बालकों के यज्ञोपवीत नामक संस्कार के	જનોઈ	जनोई	the sacrificial or sacred thread worn

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		समय गले में पहनाया जानेवाला सूत्र, ब्रह्मसूत्र।			by the Hindus (over the left shoulder and hanging down diagonally across the body to the right hip).
जनोपयोगी	वि.	जनसाधारण के लिए उपयोगी, हितकर।	લોકોપયોગી	लोकोपयोगी	of public utility.
जन्म	पुं.	1. गर्भ से निकलकर जीवन धारण करने की क्रिया या भाव, उत्पत्ति;	જન્મ	जन्म	birth;
		2. अस्तित्व में आना, आविर्भाव;			to come into existence, origin;
		3. जीवन, ज़िन्दगी।			life, life-time.
जन्मजात	वि.	जन्म से ही, स्वभावतः।	જન્મજાત	जन्मजात	since birth, in-born.
जन्मतिथि	स्त्री.	जन्मदिन।	જન્મતારીખ	जन्मतारीख	date of birth.
जन्मदिन	पुं.	1. पैदाइश का दिन, जीवन धारण करने का दिन;	જન્મદિન	जन्मदिन	date of birth;
		2. तारीख आदि के विचार से प्रतिवर्ष पड़नेवाला किसी के जन्म लेने का दिन जो प्रायः उत्सव के रूप में मनाया जाता है।			birth day.
जन्मपत्री	स्त्री.	वह पत्र या कागज जिसमें किसी के जन्मकाल के ग्रह, नक्षत्रों की स्थिति, उनकी दशा, अन्तर्दशा और उनके शुभाशुभ फल बताए जाते हों।	જનમોતરી	जनमोतरी	horoscope.
जन्मभूमि	स्त्री.	वह ग्राम, नगर, देश जहां किसी का जन्म हुआ हो, जन्म-स्थान।	જન્મભૂમિ	जन्मभूमि	motherland.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जन्मसिद्ध	वि.	जन्म से प्राप्त, पैदाइशी।	જન્મસિદ્ધ	जन्मसिद्ध	inborn, native, innate.
जन्मांतर	पुं.	अन्य जीवन, दूसरा जन्म।	જન્માંતર	जन्मातर	another life, the second birth.
जन्मा	वि.	वह जिसका जन्म हुआ हो।	જન્મેલું	जन्मेलुं	born from.
जन्माष्टमी	स्त्री.	भाद्रपद की कृष्णाष्टमी जिस को भगवान कृष्ण का जन्म हुआ था।	જન્માષ્ટમી	जन्माष्टमी	the eighth day of the dark half of Bhadrapad on which Lord Krishna was born.
जन्मोत्तर	पुं.	जन्म के पश्चात्।	જન્મોત્તર	जन्मोत्तर	post-birth.
जन्मोत्सव	पुं.	1. किसी के जन्म के समय मनाया जानेवाला उत्सव; 2. जन्म दिन को मनाया जानेवाला उत्सव।	જન્મોત્સવ	जन्मोत्सव	the festival held on one's birth; the festival held on on birth anniversary of some one.
जन्य	वि.	(समासान्त में)—से उत्पन्न, जात, उत्पन्न।	જન્ય	जन्य	(at the end of comp.) born from, occasioned by.
जप	पुं.	1. किसी मंत्र, स्तोत्र आदि को धीमे स्वर से बार-बार दुहराना; 2. माला के मनके फेरना।	જપ	जप	silent repetition of Mantra or stotra; counting silently the beads of a rosary.
जप-तप	पुं.	पूजापाठ।	જપ-તપ	जप-तप	devotion, adoration, worship
जपना	स.क्रि	जप करना, बार-बार उच्चारण करना।	જપવું	जपवुं	to mutter, to utter in a low voice, to repeat internally.
जब	क्रि. वि.	जिस समय, जिस वक्त।	જ્યારે	ज्यारे	when, at the time when.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जब कभी	क्रि. वि.	चाहे जब, किसी समय।	ચાહે ત્યારે	चाहे त्यारे	whenever.
जब-जब	क्रि. वि.	जिस-जिस समय।	જ્યારે જ્યારે	ज्यारे ज्यारे	whensoever, at whatever time.
जबड़ा	पुं.	मुंह में नीचे ऊपर की हड्डी जिसमें दांत होते हैं।	જડબું	जडबुं	jaw.
जब-तब	क्रि वि.	कभी-कभी।	ક્યારેક ક્યારેક	क्यारेक क्यारेक	now and then, occasionally.
जबरदस्त	वि.	1. (व्यक्ति) प्रबल पड़नेवाला, स्वभाव से कड़ा और शक्तिशाली; 2. (वस्तु) दृढ़ और मज़बूत।	જબરદસ્ત	जबरदस्त	powerful, vigorous; strong;
जबरदस्ती	स्त्री. अव्य.	जुल्म, ज्यादती। बलपूर्वक।	જબરદસ્તી બળજોરીથી	जबरदस्ती बळजोरीथी	high handedness. forcibly.
जबरन	क्रि. वि.	बलात्, बलपूर्वक, जबरदस्ती।	બળપૂર્વક	बळपूर्वक	with force, forcibly.
जबान (ज़ुबान)	स्त्री.	1. जीभ, रसना; 2. वाणी, भाषा।	જીભ, જબાન; વાણી, ભાષા	जीभ, जबान; वाणी, भाषा	tongue; speech, language.
जबानी	वि.	जो जबान से कहा गया हो, मौखिक, अलिखित।	જબાની, મૌખિક	जबानी, मौखिक	oral, verbal.
जब्त	वि.	किसी अपराध के दण्डस्वरूप राज्य द्वारा छीन ली गई (सम्पत्ति)	જપ્ત	जप्त	confiscated, forfeited.
	पुं.	धैर्य।	ધૈર્ય	धैर्य	restraint, control.
जब्ती	स्त्री.	किसी चीज का जब्त किया जाना, कुर्की।	જપ્તી	जप्ती	confiscation, forfeiture.
जभी	क्रि. वि.	जब भी, जब ही।	જ્યારે પણ, તેથી	ज्यारेपण, तेथी	whenever, as soon as, therefore.
जमघट	पुं.	आदमियों की भीड़, जमाव।	ભીડ, જમાવ	भीड, जमाव	crowd, multitude.
जमना	अ.क्रि	1. पतली चीज का गाढ़ा या ठोस होना;	જામવું	जामवुं	to be coagulated; to clot;

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. दृढ़तापूर्वक स्थित होना, डटा रहना, बना, रहना;			to become firm or hard;
		3. सर्दी से सख्त होना;			to freeze;
		4. एकत्र होना, जमा होना;			to assemble;
		5. किसी जगह देर तक बैठना;			to remain seated for more than desired time;
		6. अड़ना;			to persist, to insist;
		7. उगना, उत्पन्न होना, निकलना (अंकुर आदि का);			to grow, to sprout;
		8. व्यापार आदि का चल निकलना।			to be firmly established, to be settled;
जमा	वि.	1. बचाकर अथवा जोड़ कर रखा हुआ (धन);	જમા	जमा	saved or collected (money etc.);
		2. खाते के आय पक्ष में लिखा हुआ।			deposited.
	पुं.	1. जोड़;			sum-total;
		2. खाते का वह भाग जिसमें धन का ब्यौरा दिया जाता है।			deposited, credit.
जमाई	पुं.	दामाद, जामाता।	જમાઈ	जमाई	son-in-law.
	स्त्री.	पौधा आदि जमाने, लगाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।	જમાવવું કે તેની મજૂરી	जमाववुं के तेनी मजूरी	the work or wages of growing or germinating a plant.
जमा-खर्च	पुं.	1. आय और व्यय;	આવક-જાવક	आवक-जावक;	receipt and disbursements;
		2. लेन-देन की मदें।	જમાઉધાર	जमा उधार	debit and credit.
जमात	स्त्री.	1. (विद्यार्थियों की) कक्षा, श्रेणी;	(વિદ્યાર્થીનો) વર્ગ, ધોરણ	(विद्यार्थी) वर्ग, धोरण	class (of students);
		2. समुदाय, जत्था, भीड़।	સમુદાય, જથ્થો	समुदाय, जथ्थो	society, assembly of people, crowd.
जमादार	पुं.	छोटे कर्मचारियों के कार्य का निरीक्षक एक अधिकारी।	જમાદાર	जमादार	jamadar.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जमादारी	स्त्री.	जमादार का कार्य या पद।	જમાદારી	जमादारी	work or post of a jamadar.
जमानत	स्त्री.	1. वह जिम्मेदारी जो इस रूप में ली जाती है कि यदि कोई व्यक्ति विशेष समय पर कोई काम नहीं करेगा तो उसका दण्ड या हरजाना हम देंगे;	જામીનગીરી	जामीनगीरी	surety, guarantee;
		2. वह धन जो किसी की जिम्मेदारी लेते समय किसी अधिकारी के पास जमा किया जाता है।			bail, security.
जमानतनामा	पुं.	जमानत के प्रमाण में लिखित कागज़।	જામીનખત	जामीनखत	bond of surety or security.
जमानती	वि.	जमानत सम्बंधी।	જામાની	जमानी	relating to surety.
	पुं.	जमानत करनेवाला व्यक्ति।	જમાન	जमान	surety (person).
जमाना	स.क्रि	1. तरल पदार्थ को ठोस बनाना;	જમાવવું	जमाववुं	to curdle, to coalgulate, to freeze;
		2. एक वस्तु को दूसरी वस्तु पर दृढ़तापूर्वक स्थित करना या बैठाना;			to fix;
		3. ऐसे ढंग से कोई कार्य करना जिससे वह प्रभावशाली तथा सफल हो;			to establish;
		4. चलने योग्य बनाना, मजबूत करना;			to consolidate;
		5. अच्छी तरह प्रहार करना।			to strike with force.
	पुं.	1. काल, समय, युग;	જમાનો	जमानो	time, age, period;
		2. संसार।	દુનિયા	दुनिया	world.
जमाबंदी	स्त्री.	पटवारी का वह खाता जिसमें गांव के हर काश्तकार के लगान का	જમાબંધી	जमाबंधी	revenue record of tenants.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		हिसाब और ब्यौरा लिखा जाता है।			
जमालगोटा	पुं.	एक फल का बीज जो तीव्र विरेचक होता है।	નેપાળો	नेपाळो	the purgative drug called Jairopha cureas.
जमाव	पुं.	1. जमने का भाव;	જમાવ	जमाव	coagulation, clotting;
		2. बहुत सी चीजों या व्यक्तियों के इकट्ठे होने की अवस्था या भाव।			accumulation, multitude, crowd.
जमींदार	पुं.	1. जमीन का मालिक विशेषतः वह व्यक्ति जो किसानों को लगान पर अपनी जमीन जोतने, बोने के लिए देता है;	જમીનદાર	जमीनदार	landlord;
		2. काश्तकार।	ખેડૂત	खेडूत	one who tills the land, farmer.
जमींदारी	स्त्री.	1. जमींदार होने की अवस्था, भाव या पद;	જમીનદારી	जमीनदारी	zamindari;
		2. जमींदार की वह भूमि जिसका लगान वह जोतनेवाले काश्तकारों से वसूल करता है।			landed estate.
जमीन	स्त्री.	1. पृथ्वी, भूमि;	જમીન,	जमीन;	land, soil;
		2. पृथ्वी का (समुद्र से भिन्न) स्थल भाग;			earth;
		3. वह आधार या सतह जिस पर बेल-बूटे बने हुए हों;	વેલબુટ્ટી જેના પર ભરાય તે જગા	वेल-बुट्टी जेना पर भराय ते जगा	ground;
		4. वह सामग्री जिसका उपयोग किसी द्रव्य को प्रस्तुत करने में आधार रूप में किया जाए।			base.
जयंती	स्त्री.	1. किसी महापुरुष की जन्मतिथि पर मनाया जानेवाला उत्सव;	જયંતી	जयंती	anniversary;

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. किसी महत्वपूर्ण कार्य के आरंभ होने की वार्षिक तिथि पर मनाया जानेवाला उत्सव;			jubilee;
		3. पताका, ध्वजा।			banner, flag.
जय	स्त्री.	1. शत्रु या विपक्षी को हराना;	જય	जय	conquest, victory;
		2. प्रतियोगिता में जीतना, दूसरों से बढ़ जाना;			winning (contest etc.);
		3. जीतने के उत्साह में आह्लाद सूचक शब्द।			bravo, hurrah.
जय-जयकार	पुं.	सामूहिक रूप से किसी की बार-बार जय कहने की क्रिया या भाव।	જયજયકાર	जयजयकार	words of victory, cheers.
जयमाला	स्त्री.	1. विजेता को पहनाई जानेवाली जय-सूचक माला;	જયમાળા;	जयमाला;	the garland of victory;
		2. विवाह के समय कन्या द्वारा अपने भावी पति के गले में डाली जानेवाली माला।	વરમાળા	वरमाला	the garland which the bride puts on the neck of her selected husband in Swayamvar.
जयस्तम्भ	पुं.	वह स्तम्भ या ऊंची वास्तु रचना जो किसी देश पर विजय प्राप्ति की स्मृति में बनवाई जाती है।	જયસ્તંભ	जयस्तंभ	column erected to commemorate a victory, triumphal column.
जरदा (जर्दा)	पुं.	1. पान के साथ खाने के लिए विशेष विधि से बनाई हुई सुगंधित सुरती;	જરદું;	जरदुं;	scented tobacco eaten with betel leaf;
		2. विशेष प्रकार से बनाए हुए मीठे पीले चावल।	ખાસ રીતે રાંધેલા ગળ્યા પીળા ચોખા	खास रीते रांधेला गळ्या, पीला चोखा	sweet dish of rice.
जरदी (जर्दी)	स्त्री.	1. जरद अर्थात् पीले होने की अवस्था, गुण या भाव;	જરદી	जरदी	paleness, yellowness;

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. अंडे में से निकलनेवाला पीला अंश।			yolk.
जरसी(जर्सी)	स्त्री.	पूरी बांह का कमर तक का एक पहरावा।	જરસી	जरसी	jersey.
जरा	स्त्री.	बुढ़ापा, वृद्धावस्था।	જરા	जरा	old age.
ज़रा	वि.	थोड़ा, तनिक।	જરા, થોડું, લગીર	जरा, थोडु, लगीर	a little, bit.
जराग्रस्त	वि.	1. वृद्ध; 2. वृद्धावस्था के कारण कमजोर तथा शिथिल।	જરાગ્રસ્ત	जराग्रस्त	aged, old; weak due to old age, senile.
जरायु	पुं.	वह झिल्ली जिसमें लिपटा हुआ बच्चा मां के गर्भ से बाहर आता है।	જરાયુ	जरायु	the outer skin of the embryo.
जरायुज	पुं.	वह प्राणी जो माता के गर्भ से निकलते समय जरायु में लिपटा हुआ होता है।	જરાયુજ	जरायुज	born from the womb, viviparous;
जरी	पुं.	1. बादले से बुना हुआ ताश नामक कपड़ा; 2. सोने के तार से बने बेल-बूटे।	જરી	जरी	gold brocade, gold lace; embroidery.
जरीब	स्त्री.	खेत या जमीन नापने की एक प्रकार की जंजीर जो 55 या 60 गज की होती है।	ખેતર કે જમીન માપવાની સાંકળ	खेतर के जमीन मापवानी सांकळ	chain used in measuring land, 55 or 60 yards in length.
जरूर	क्रि. वि.	अवश्य।	જરૂર	जरूर	certainly.
जरूरत	स्त्री.	आवश्यकता, प्रयोजन।	જરૂરિયાત	जरूरियात	need, requirement.
जरूरी	वि.	1. जिसके बिना काम न चले, आवश्यक; 2. जिसका होना या घटित होना रुकने को न हो।	જરૂરી	जरूरी	necessary, indispensable, urgent; inevitable.
जर्जर	वि.	1. कमजोर और बेकाम; 2. टूटा-फूटा, जीर्ण।	જર્જર	जर्जर	infirm, useless; shattered, worn out.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जर्जरित	वि.	जो जीर्ण, जर्जर हो गया हो।	જર્જરિત	जर्जरित	tattered, worn out.
जर्रा	पुं.	किसी वस्तु का बहुत छोटा टुकड़ा, अणु, कण।	નાનો ટુકડો, અણુ, કણ	नानो टुकडो, अणु, कण	very small fragment, particle, atom.
जलंधर	पुं.	एक प्रकार का रोग जिसमें पेट में पानी बनने लगता है और फलस्वरूप पेट फूलने लगता है।	જલંધર	जलंधर	the disease of dropsy.
जल	पुं.	पानी।	જલ	जल	water.
जलकल	स्त्री.	वह यंत्र जिसकी सहायता से नलों द्वारा किसी नगर के घर-घर में पानी पहुँचाया जाता है।	વારિયોજના	वारियोजना	water works.
जलचर	पुं.	जल में रहनेवाला प्राणी, जल जंतु।	જળચર	जळचर	aquatic animal.
जलज	पुं.	जल से उत्पन्न होनेवाला, कमल।	જલજ	जलज	born or produced in water, lotus.
जलजला	पुं.	भूकंप, भूडोल।	ધરતીકંપ	धरतीकंप	earthquake.
जलडमरुमध्य	पुं.	दो समुद्रों, खाड़ियों आदि को जोड़नेवाली जलधारा।	સામુદ્રધુની	सामुद्र धुनी	strait.
जलतरंग	पुं.	एक प्रकार का वाद्य यंत्र जिसमें पानी से भरे प्यालों पर छड़ी से आघात करके मधुर ध्वनि उत्पन्न की जाती है।	જલતરંગ	जलतरंग	harmonicon, xylophone.
जलद	पुं.	बादल।	જલદ	जलद	cloud.
जलदस्यु	पुं.	समुद्री डाकू।	ચાંચિયો, જલદસ્યુ	चांचियो, जलदस्यु	sea-pirate.
जलधर	पुं.	बादल।	જલધર	जलधर	cloud.
जलधि	पुं.	समुद्र।	જલધિ	जलधि	ocean.
जलन	स्त्री.	1. डाह, द्वेष, ईर्ष्या;	દ્વેષ, ઈર્ષ્યા;	द्वेष, ईर्ष्या;	jealousy;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. शरीर के किसी अंग के जलने पर उसमें होनेवाली कष्टकारक पीड़ा या चुनचुनाहट।	બળતરા	बळतरा	burning sensation.
जलना	अ.क्रि	1. आग का संयोग होने पर किसी वस्तु का ऐसी स्थिति में होना कि उसमें से लपट, प्रकाश, ताप या धुआं आदि निकलने लगे;	બળવું	बळवुं	to burn;
		2. उक्त प्रकार के संयोग से जलकर भस्म होना;			to be burnt to ashes;
		3. शरीर के किसी अंग का या पदार्थ का अग्नि के संयोग या ताप से विकृत होना, झुलसना;			to have a burning sensation;
		4. ईर्ष्या, द्वेष आदि से कुढ़ना, संतप्त होना।			to envy, to be jealous.
जलनिधि	पुं.	समुद्र।	જલનિધિ	जलनिधि	sea, ocean.
जलपान	पुं.	कलेवा, नाश्ता।	નાસ્તો	नास्तो	light refreshment.
जलप्रपात	पुं.	पहाड़ों आदि में ऊंचाई से गिरनेवाला जल प्रवाह, झरना।	ધોધ	धोध	water-fall.
जल-प्लावन	पुं.	1. भीषण बाढ़ जिसमें दूर-दूर तक पानी ही पानी दिखाई दे;	જલપ્રલય	जलप्रलय	inundation;
		2. एक प्रकार की प्रलय।			deluge, great flood.
जलमय	वि.	पानी से भरा हुआ, जल प्लावित।	જલમય	जलमय	full of water, watery.
जलमार्ग	पुं.	समुद्री अथवा नदी का रास्ता।	જળમાર્ગ	जळमार्ग	water-course.
जलयान	पुं.	जल में चलनेवाला यान, सवारी, जहाज, नाव आदि।	જલયાન	जलयान	boat, ship.
जलवाना	स.क्रि	जलाने का काम किसी दूसरे से कराना।	બળાવવું	बळावव्वुं	to cause to be burnt.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जलवायु	स्त्री.	किसी स्थान की गरमी, जाड़ा, वर्षा आदि सूचित करनेवाली वह प्राकृतिक स्थिति जिसका प्रभाव वहां की आबादी, वनस्पति आदि पर पड़ता है।	આબોહવા	आबोहवा	climate.
जलविहार	पुं.	जल में उतरकर मनोविनोद आदि के लिए एक दूसरे पर पानी आदि फेंकना और इसी प्रकार की अन्य क्रीड़ाएं करना।	જલવિહાર	जलविहार	playing in water.
जलसमाधि	स्त्री.	1. जल में डूब कर प्राण त्याग करना; 2. जल में प्रवाहित करना।	જલસમાધિ	जलसमाधि	self-immolation by drowning; immersion of anything into river, sea, etc.
जलसह	वि.	जिस पर पानी का प्रभाव न हो।	જલરોધક	जलरोधक	water-proof.
जलसा	पुं.	उत्सव, समारोह, अधिवेशन, बैठक।	જલસો	जलसो	festivity, social gathering, function, meeting.
जलसेना	स्त्री.	समुद्र में विपक्षियों से युद्ध करनेवाली और समुद्री तटों की रक्षा करनेवाली सेना।	નૌકાસૈન્ય	नौकासैन्य	navy.
जलांक	पुं.	जल चिह्न।	કાગળ પર કાગળ બનાવનારનાં પાડેલાં નિશાન, જલાંક	कागळ पर कागळ बनावनारना पाडेला निशान, जलांक	water mark.
जलांजलि	स्त्री.	पितरों की तृप्ति के लिए किया जानेवाला जलदान, तर्पण।	જલાંજલિ	जलांजलि	the hollowed palms filled with water offered to ancestors.
जलाऊ	वि.	जलानेवाला।	બાળનાર	बाळनार	burning.
जलाना	स.क्रि	1. जलने में प्रवृत्त करना, प्रज्वलित करना;	બાળવું	बाळवुं	to burn, to enflame;

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. गरमी या आंच पहुंचाकर झुलसाना;			to scorch;
		3. प्रकाशित करना;			to kindle, to light;
		4. ईर्ष्या या जलन पैदा करना।			to excite envy, to provoke to jealousy.
जलाशय	पुं.	तालाब, झील।	જલાશય	जलाशय	pool, tank, lake.
जलील	वि.	1. अपमानित;	અપમાનિત;	अपमानित;	insulted, disgraced;
		2. जो अपमानित किए जाने पर भी हठवश वही काम करता हो;	બેશરમ;	बेशरम;	shameless;
		3. तुच्छ, नीच।	નીચ, તુચ્છ	नीच, तुच्छ	mean, wretched, contemptible.
जलीय	वि.	जलसम्बन्धी, जल का।	જલીય	जलीय	aquatic, relating to water.
जलूस	पुं.	गलियों, सड़कों आदि पर प्रचार, प्रदर्शन आदि के लिए निकलनेवाला व्यक्तियों का समूह।	સરઘસ	सरघस	procession.
जलेबी	स्त्री.	घी में तलकर शीरे में पगाई हुई मैदे की एक प्रसिद्ध कुंडलाकार मिठाई।	જલેબી	जलेबी	kind of sweetmeat.
जलोदर	पुं.	एक प्रकार का रोग जिसमें पेट में पानी बनने लगता है और फलस्वरूप पेट फूलने लगता है।	જલોદર	जलोदर	dropsy.
जल्द	अ.	तीव्र गति से आगे बढ़ने या कोई काम करने की अवस्था, क्रिया या भाव, शीघ्रता से।	જલદી	जलदी	instantly, at once, immediately, quickly.
जल्दबाज	वि.	आवश्यकता से अधिक जल्दी करनेवाला, उतावला, जल्दी मचानेवाला।	ઉતાવળિયું	उतावळियुं	hasty or impetuous.

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जल्दबाजी	स्त्री.	उतावलापन, जल्दबाज होने की अवस्था या भाव।	ઉતાવળ	उतावळ	hastiness, precipitation.
जल्दी	स्त्री., अ.	तेजी, शीघ्रता, उतावलापन, शीघ्रता से।	જલ્દી	जलदी	quickness, hurry, haste, quickly, immediately.
जल्लाद	पु.	दण्डित व्यक्ति को मारने या फांसी लगानेवाला व्यक्ति।	જલ્લાદ	जल्लाद	executioner, slaughterer.
	वि.	क्रूर, निर्दय।	નિર્દય	निर्दय	cruel or merciless (person).
जवनिका (यवनिका)	स्त्री.	पर्दा, कनात।	જવનિકા	जवनिका	curtain, screen.
जवांमर्द	वि.	वीर, बहादुर।	જવાંમર્દ	जवांमर्द	manly, brave, gallant.
जवांमर्दी	स्त्री.	बहादुरी, वीरता।	જવાંમર્દી	जवांमर्दी	manliness, bravery, gallantry.
जवान	वि.	बचपन और प्रौढ़ता के बीच की अवस्थावाला, युवा, तरुण।	યુવાન	युवान	young, youthful.
	पुं.	युवक, सैनिक।	નવજવાન, સૈનિક	नवजवान, सैनिक	youth, soldier.
जवानी	स्त्री.	युवावस्था, यौवन।	જુવાની	जुवानी	youth.
जवाब	पुं.	1. प्रश्न, अभियोग, तर्क आदि के संदर्भ में अपने समाधान के लिए कही गई बात, उत्तर;	જવાબ	जवाब	reply, answer;
		2. बदला चुकाने के लिए किया गया कार्य;			retaliation;
		3. किसी वस्तु के जोड़ की दूसरी वस्तु;			similar object;
		4. नौकरी से अलग किए जाने की सूचना;			order of dismissal;
		5. नकारात्मक उत्तर।			refusal.
जवाबतलब	वि.	पूछने, जवाब मांगने लायक।	જેનો જવાબ લેવાનો હોય તે	जेनो जवाब लेवानो होय ते	requiring an answer, called to account.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जवाबतलबी	स्त्री.	जवाब मांगा जाना।	જવાબ માગવો તે	जवाब मागवो ते	call for answer, call to account or explain.
जवाबदेह	वि.	(व्यक्ति) जिससे किसी बात का जवाब मांगा जा सके, उत्तरदायी, जिम्मेदार।	જવાબદાર	जवाबदार	liable, answerable, responsible.
जवाबदेही	स्त्री.	जवाबदेह होने की अवस्था या भाव, उत्तरदायित्व, जिम्मेदारी।	જવાબદારી	जवाबदारी	liability, responsibility.
जवाब-सवाल	पुं.	प्रश्न और उत्तर, वाद-विवाद।	સવાલ-જવાબ	सवाल-जवाब	question and answer, discussion.
जवाबी	वि.	1. जवाब सम्बन्धी; 2. जवाब में किया जानेवाला; 3. जो किसी के जवाब के रूप में हो।	જવાબી	जवाबी	pertaining to answer; requiring a reply, counter; as a reply or answer.
जवाबी कार्ड	पुं.	जुड़े हुए दो कार्ड जिसमें से एक पर समाचार भेजा जाता है और दूसरा उसके उत्तर के लिए होता है।	જવાબીકાર્ડ	जवाबी कार्ड	reply postcard.
जवाहर (जवाहिर)	पुं.	रत्न, मणि।	જવાહિર	जवाहिर	jewel.
जवाहरात	पुं.	अनेक प्रकार की मणियों या रत्नों का समूह।	ઝવેરાત	झवेरात	jewellery.
जशन(जश्न)	पुं.	धूमधाम से मनाया जानेवाला धार्मिक या सामाजिक उत्सव, समारोह।	ઉત્સવ, જલસો	उत्सव, जलसो	merriment, festivity, festival.
जस्ता	पुं.	मटमैले से रंग की एक प्रसिद्ध धातु जिसे तांबे के साथ मिलाने से पीतल बनता है।	જસત	जसत	zinc, pewter.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जहन्नुम	पुं.	नरक।	જહન્નમ	जहन्नम	hell, inferno.
जहर	पुं.	विष।	ઝેર	झेर	poison.
जहरबाद	पुं.	एक प्रकार का फोड़ा जिसमें उत्पन्न होनेवाले जहर के कारण प्राण संकट में पड़ जाते हैं।	ઝેરબાદ	झेरबाद	boil or score which has turned sceptic.
जहरमोहरा	पुं.	एक प्रकार का पत्थर जिसमें जहरीला तत्व सोख लेने का गुण होता है।	ઝેરમહોરો	झेहरमहोरो	bezoar, a kind of green stone supposed to be an antidote to poison.
जहरीला (जहरीली)	वि.	जिसमें जहर हो, विषयुक्त।	ઝેરી	झेरी	poisonous.
जहां	क्रि. वि.	जिस जगह, जिस स्थान पर।	જ્યાં, જે સ્થળે	ज्यां, जे स्थळे	wherever, where.
जहां-जहां	क्रि. वि.	जिस-जिस जगह, जिस-जिस स्थान पर।	જ્યાં જ્યાં, જે જે સ્થળે	ज्यां ज्यां, जे जे स्थळे	wherever.
जहाज	पुं.	जलयान, पानी में चलने वाली बहुत बड़ी नाव।	જહાજ	जहाज	ship, vessel.
जहाजरानी	स्त्री.	जहाज चलाने का व्यवसाय।	વહાણવટું	वहाणवटुं	shipping.
जहाजी	वि.	जहाज का, जहाज से सम्बन्धित।	જહાજી	जहाजी	marine, nautical.
जहान	पुं.	दुनिया, संसार।	જહાન	जहान	the world.
जांघ	स्त्री.	टांग का कमर और घुटने के बीच का भाग।	જાંઘ	जांघ	thigh, hip.
जांघिया	पुं.	कमर में पहना जानेवाला घुटनों तक का पहनावा, घुटना।	જાંઘિયો, ચડ્ડી	जांघियो, चड्डी	underwear.
जांच	स्त्री.	1. जांचने की क्रिया या भाव;	પરીક્ષા;	परीक्षा;	test;
		2. परख, छानबीन, तहकीकात।	તપાસ	तपास	investigation.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जांचना	स.क्रि	1. किसी बात के सही, गलत अथवा किसी वस्तु के खरे-खोटे होने का पता लगाना;	પરીક્ષા કરવી;	परीक्षा करवी;	to test, to examine;
		2. प्रामाणिकता आदि के बारे में छानबीन करना।	તપાસવું	तपासवुं	to investigate.
जांच-पड़ताल	स्त्री.	छानबीन, तहकीकात।	તર-તપાસ	तर-तपास	investigation.
जाकिट (जाकेट)	स्त्री.	सदरी की तरह का एक आधुनिक पहनावा।	જાકીટ	जाकीट	jacket.
जाग	स्त्री.	जागने या जागते रहने की अवस्था, क्रिया या भाव।	જાગ	जाग	waking, wakefulness.
जागना	अ.क्रि	1. नींद का त्याग करना, जगा हुआ होना;	જાગવું	जागवुं	to wake up, to rise;
		2. सजग या सावधान होना।			to become vigilant, to be on the alert.
जागरण	पुं.	1. जागते रहने की अवस्था या भाव;	જાગરણ	जागरण	awakening, wakefulness;
		2. किसी उत्सव, पर्व या धार्मिक समारोह में रात को जागते रहने का भाव;			sitting up at night as a part of a religious ceremony;
		3. वह अवस्था जिसमें किसी जाति, देश या समाज आदि को अपनी वास्तविक परिस्थितियों और उनके कारणों का ज्ञान हो जाता है और वह अपनी उन्नति के लिए सचेष्ट हो जाता है।			watchfulness, vigilance.
जागरूक	वि.	जागता हुआ, सावधान।	જાગતું, સચેત	जागतुं, सचेत	wakeful, watchful.
जागरूकता	स्त्री.	जागरूक होने की स्थिति या भाव।	જાગૃતિ, સચેતતા	जागृति, सचेतता	wakefulness, vigilance, alertness.
जागीर	स्त्री.	वह भूमि जो राजा, बादशाह आदि बड़े-बड़े	જાગીર	जागीर	property, land etc. given by the ruler

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		लोगों को विशिष्ट सेवाओं के उपलक्ष में पुरस्कार के तौर पर देते थे।			as reward.
जागीरदार	पुं.	जिसे जागीर मिली हो, जागीर का मालिक।	જાગીરદાર	जागीरदार	feudal lord, fief holder.
जागीरदारी	स्त्री.	जागीरदार का पद या जागीरदार होने का भाव।	જાગીરદારી	जागीरदारी	feudalism.
जाग्रत	वि.	जागता हुआ, सजग, सावधान।	જાગ્રત	जाग्रत	rising, awakening.
जाज़िम	स्त्री.	दरी, कालीन के ऊपर बिछाने की छपी चादर।	જાજમ	जाजम	chequered or ornamented linen cloth spread over a carpet etc.
जाज्वल्यमान	वि.	1. चमकता हुआ, प्रकाशमान; 2. तेजपूर्ण।	જાજ્વલ્યમાન	जाज्वल्यमान	shining, brilliant; glorious, majestic.
जाट	पुं.	पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान आदि में बसनेवाली एक हिन्दू जाति जो मुख्यतः खेती बाड़ी करती है, उक्त जाति का व्यक्ति।	જાટ	जाट	a caste of farmers in north west Punjab, Rajasthan, etc. and a member of the said caste.
जाड़ा	पुं.	1. शीतकाल; 2. सरदी।	શિયાળો; ઠંડી	शियाळो; ठंडी	winter; cold.
जाड्य	पुं.	1. जड़ होने की अवस्था या भाव, निश्चेष्टता; 2. मूर्खता।	જાડ્ય	जाड्य	coldness, frigidity, stiffness, inactivity; dullness of intellect, stupidity.
जात	वि.	1. उत्पन्न, प्रकट, घटित व्यक्त।	જાત	जात	born, happened.
	पुं.	1. बेटा, बच्चा; 2. समूह, वर्ग।			son, child; group, community.
जातक	पुं.	1. नवजात शिशु;	જાતક	जातक	newly born child;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. फलित ज्योतिष का वह अंग जिसमें जन्म-कुंडली देख कर शुभाशुभ फल कहा जाता है;			astrological calculations;
		3. वह बौद्ध ग्रन्थ जिसमें भगवान बुद्ध के पूर्व जन्म की कथाएं हैं।			a Buddhist book containing tales of Buddha's previous lives.
जातकर्म	पुं.	हिन्दुओं में पुत्रजन्म के अवसर पर किया जानेवाला एक संस्कार।	જાતકર્મ	जातकर्म	ceremony peformed at the birth of a child.
जातपात	स्त्री.	जाति-उपजाति।	નાતજાત	नातजात	caste.
जाति	स्त्री.	1. नस्ल, जात, सम्प्रदायः	જાતિ	जाति	race, caste, sect, genus;
		2. पदार्थों या जीवजन्तुओं की आकृति, गुण, धर्म आदि की समानता के विचार से किया हुआ विभाग, वर्ग।			character of a species, genuine or true state of anything;
जातिवाद	पुं.	जाति को महत्व देनेवाली विचारधारा या सिद्धांत।	જાતિવાદ	जातिवाद	casteism.
जातीय	वि.	जाति सम्बन्धी, जाति का।	જાતીય	जातीय	relating or belonging to any species, genus, class, kind, caste, family, race, etc.
जातीयता	स्त्री.	जाति का भाव।	જાતીયતા	जातीयता	conception or idea of caste.
जादुई	वि.	जादू का, जादू सम्बन्धी।	જાદુઈ	जादुई	magical, relating to magic.
जादू	पुं.	1. बुद्धि के कौशल और हाथ की सफाई से दिखाया जानेवाला कोई ऐसा खेल जिसका रहस्य न समझने के कारण लोग	જાદુ	जादू	juggling;

हिंदी शब्द	व्या· को·	हिंदी अर्थ	गुजराती पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
ठकुरद्वारा	पुं.	देवालय या मन्दिर।	મંદિર	मंदिर	temple.
ठठ(ठट)	पुं.	1. बांसों, लकड़ियों आदि का बना हुआ वह ढांचा जिसके आधार पर कोई रचना तैयार या पूरी की जाती है;	ફ્રેમ;	फ्रेम;	frame;
		2. संगीत में ऐसे क्रमिक स्वरों का वर्ग जो किसी विशेष प्रचलित तथा प्रसिद्ध अथवा शास्त्रीय महत्त्व के राग में लगता हो;	ઠાટ;	ठाट;	a pattern of musical composition;
		3. आडम्बर।	આડંબર	आडंबर	pomp.
ठठ-बाट	पुं.	आडंबर, तड़क-भड़क तथा विलासपूर्ण आयोजन या प्रदर्शन।	ઠાઠમાઠ	ठाठमाठ	pomp and show.
ठनना	स. क्रि.	कोई काम तत्परता और दृढ़तापूर्वक आरम्भ करना।	દૃઢતાપૂર્વક કામની શરૂઆત કરવી	दृढ़तापूर्वक कामनी शरूआत करवी	to resolve, to determine.
ठर	वि.	बहुत अधिक ठंडा।	ઠાર, ખૂબ ઠંડી	ठार, खूब ठंडी	ice cold, very cold.
